

1300 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित होंगी 13 परियोजनाएं
- 12



शेयरों में मुनाफावसूली से सेंसेक्स 123 अंक टूटा, निफ्टी 24,200 के नीचे बंद
- 12




ईरान युद्ध : यूरोप में बढ़ा संकट, सिर्फ छह सप्ताह के लिए बचा विमान ईंधन
- 13



आर वैशाली ने फिडे विमेंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर रचा इतिहास
- 14

आज का मौसम
39.0⁰ अधिकतम तापमान
24.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.45
सूर्यास्त 06.39

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष अमावस्या 05:21 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 142, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

# महिला आरक्षण: विरोध किया तो चुकाएंगे कीमत

## प्रधानमंत्री मोदी ने संविधान (131वां) संशोधन, परिसीमन और संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 पर रखे विचार | बोले- इस विषय को राजनीति के तराजू से नहीं तौलना चाहिए और इसका श्रेय वह विपक्षी दलों को भी देने को तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में परिसीमन के अनुपात में कोई बदलाव नहीं होने का आश्वासन देते हुए गुरुवार को लोकसभा में सभी राजनीतिक दलों से महिला आरक्षण अधिनियम संबंधी संविधान संशोधन विधेयक को सर्वसम्मति से पारित करने की अपील की और कहा कि जो भी इसका विरोध करेंगे, उन्हें लंबे समय तक इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। मोदी ने महिला आरक्षण अधिनियम से संबंधित संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026, परिसीमन विधेयक, 2026 व संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 पर अपने विचार रखते हुए यह भी कहा कि इस विषय को राजनीति के तराजू से नहीं तौलना चाहिए और इसका श्रेय वह विपक्षी दलों को भी देने को तैयार हैं।

उन्होंने कहा, हमारे देश में जबसे महिला आरक्षण को लेकर चर्चा शुरू हुई है और जब-जब चुनाव आया है, जिस दल ने महिलाओं को मिलने वाले इस अधिकार का विरोध किया है, देश की महिलाओं ने उन्हें माफ नहीं किया। मोदी ने कहा, 2024 के चुनाव में ऐसा नहीं हुआ क्योंकि सब ने (2023 में) सहमति से इसे (महिला आरक्षण विधेयक) पारित किया था। किसी का राजनीतिक फायदा नहीं हुआ, किसी का नुकसान नहीं हुआ। अगर हम सब साथ में रहेंगे तो इतिहास गवाह है कि यह किसी के राजनीतिक पक्ष में नहीं जाएगा, देश के लोकतंत्र और सामूहिक निर्णय के पक्ष में जाएगा। जिन्हें इसमें राजनीति की बू आ रही है। वे खुद के 30 साल के परिणामों को देख लें। उनका इसमें ही फायदा है। नुकसान से बच जाएंगे। राजनीतिक रंग देने की जरूरत नहीं। जो विरोध करेंगे उन्हें लंबे समय तक इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने महिला आरक्षण व परिसीमन के लिए विधेयक एक साथ लाने पर और कुछ राज्यों के साथ भेदभाव होने संबंधी कुछ विपक्षी सदस्यों की आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा, संविधान ने हमें यहां बैठकर देश को टुकड़ों में सोचने का अधिकार ही नहीं दिया है। न टुकड़ों में सोच सकते हैं, ना टुकड़ों में निर्णय ले सकते हैं। निराधार बात है, इसमें रत्ती भर सचाई नहीं है। केवल राजनीतिक लाभ लेने के लिए बवंडर खड़ा किया जा रहा है। मैं बड़ी जिम्मेदारी से आज सदन में कहना चाहता हूं कि दक्षिण हो, उत्तर हो, पूरब हो पश्विम हो, छोटे या बड़े राज्य हों निर्णय प्रकिया किसी के साथ भेदभाव नहीं करेगी।



- संसद में महिला सशक्तीकरण की दिशा में देश ऐतिहासिक कदम उठाने के लिए पूरी तरह तैयार : मोदी
- कांग्रेस ने कहा- सरकार महिला आरक्षण रोकने के लिए परिसीमन बिल लाई

### परिसीमन अनुपात पर गारंटी शब्द चाहिए तो मैं गारंटी देता हूं

मोदी ने कहा, अतीत में जो सरकारें रहीं, जिनके कालखंड में परिसीमन हुआ और जो अनुपात उस समय से चला आ रहा है, उसमें कोई बदलाव नहीं होगा और वृद्धि भी उसी अनुपात में होगी। जब तमिलनाडु की एक सांसद ने गारंटी देने की बात कही तो मोदी ने कहा, अगर गारंटी शब्द चाहिए तो मैं गारंटी देता हूं, वादा शब्द चाहें ते इसका इस्तेमाल करता हूं। तमिल में कोई अच्छा शब्द हो तो उसका इस्तेमाल करता हूं। नीयत साफ है तो शब्दों का खेल करने की कोई जरूरत नहीं है। जब 25-30 साल पहले महिला आरक्षण का विचार आया था तभी इसे लागू कर दिया जाना चाहिए था। हम सब भाग्यवान हैं कि हमें आधी आबादी को इस राष्ट्र निर्माण की नीति निर्धारण प्रक्रिया में हिस्सा बनाने का सौभाग्य मिला है।

### कोई भी अहंकार में न रहे कि हम नारी शक्ति को कुछ दे रहे हैं

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम सभी को इस अहंकार में नहीं रहना चाहिए कि हम नारी शक्ति को कुछ दे रहे हैं। यह उसका अधिकार है। उन्होंने कुछ विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि समय-समय पर सभी ने 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का समर्थन तो किया लेकिन किसी न किसी बहाने से इसे रोकने का प्रयास करते रहे। उन्होंने कहा तरह-तरह की बहानेबाजी और चीजों को उलझाना अब नहीं चलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा, यहां कुछ लोगों को लगता है कि इसमें मोदी का राजनीतिक स्वार्थ है। अगर आप इसका विरोध करेंगे तो स्वाभाविक है कि मुझे इसका राजनीतिक लाभ होगा। लेकिन साथ चलेंगे तो किसी को इसका लाभ नहीं होगा।

### प्रधानमंत्री बोले- मुझे श्रेय नहीं चाहिए पारित होते ही मैं विज्ञापन देकर सबका धन्यवाद देकर, सबकी तस्वीर छपवाने को तैयार हूं

उन्होंने विपक्षी दलों से कहा, हमें इसका श्रेय नहीं चाहिए। जैसे ही यह पारित हो जाए तो मैं विज्ञापन देकर सबका धन्यवाद देकर, सबकी तस्वीर छपवाने को तैयार हूं। सामने से श्रेय का ब्लैंक चैक आपको दे रहा हूं। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत में कहा, राष्ट्र जीवन में कुछ महत्वपूर्ण पल आते हैं और उस समय की समाज की मनस्थिति और नेतृत्व की क्षमता उस पल को कैद करके एक राष्ट्र की अमानत बना देते हैं, एक मजबूत धरोहर तैयार कर देते हैं। मैं समझता हूं कि भारत के संसदीय लोकतंत्र के इतिहास में यह वैसा ही पल है। उन्होंने कहा, हम सभी सांसद इस महत्वपूर्ण अवसर को जाने न दें। मुझे विश्वास है कि इस मंथन से जो अमृत निकलेगा, वो देश की राजनीति के रूप-स्वरूप को तो तय करेगा ही, देश की दशा और दिशा भी तय करने वाला है।

## नए परिसीमन पर शाह बोले- दक्षिणी राज्यों का प्रतिनिधित्व कम नहीं होगा, बल्कि बढ़ेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नए परिसीमन के बाद दक्षिणी राज्यों का संसद में प्रतिनिधित्व कम होने की आशंकाओं को खारिज करते हुए गुरुवार को कहा कि उनकी हिस्सेदारी कम नहीं होगी, बल्कि बढ़ेगी और 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले सभी चुनाव मौजूदा व्यवस्था के तहत ही होंगे। महिला आरक्षण अधिनियम से संबंधित विधेयक, 2026 पर चर्चा में कुछ विपक्षी सदस्यों की विभिन्न आशंकाओं और आपत्तियों को खारिज करते हुए शाह ने ये बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि वह विधेयकों पर चर्चा का जवाब शुक्रवार को विस्तार से देंगे, लेकिन कुछ भ्रांतियों को अभी दूर करना चाहते हैं। शाह ने कहा कि ऐसी धारणा पैदा की जा रही है कि इन तीनों विधेयकों के पारित होने से दक्षिण राज्यों की संख्या लोकसभा में बहुत कम हो जाएगी और उन्हें बड़ा नुकसान होगा। उन्होंने इसे खारिज करते हुए कहा कि कर्नाटक में अभी 28 लोकसभा सीट हैं जो कुल 543 सीट का 5.15 प्रतिशत हैं, लेकिन ये विधेयक पारित होने के बाद कर्नाटक के सदस्यों की संख्या 42 हो जाएगी जो कुल 816 सीटों का 5.14 प्रतिशत होगी। शाह ने कहा कि आंध्र प्रदेश में अभी 25 लोकसभा सीट हैं और उसका प्रतिनिधित्व 4.6 प्रतिशत है जो परिसीमन के बाद 38 (4.65 प्रतिशत) हो जाएंगी।

उन्होंने कहा कि तेलंगाना में मौजूदा सीट की संख्या 17 (3.13 प्रतिशत) है, जो बाद में 26 (3.18 प्रतिशत) हो जाएंगी। शाह ने कहा, मैं तमिलनाडु की जनता को आश्वस्त करना चहता हूं कि उनके प्रतिनिधित्व में भी कोई कमी नहीं आएगी और राज्य को कोई नुकसान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अभी राज्य के 39 सदस्य (7.18 प्रतिशत) हैं जो परिसीमन के बाद 59 (7.23 प्रतिशत) हो जाएंगे।

- गृह मंत्री ने कहा- 2029 के लोस चुनाव से पहले सभी चुनाव मौजूदा व्यवस्था के तहत ही होंगे



## ब्रीफ न्यूज

### गूगल ने बीते वर्ष भारत में 48.3 करोड़ से अधिक विज्ञापनों को हटाया

**नई दिल्ली।** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल ने अपने एआई मंच जैमिनी की मदद से वर्ष 2025 में भारत में नीति का उल्लंघन करने वाले 48.37 करोड़ विज्ञापनों को हटाया है। साथ ही 17 लाख विज्ञापनदाता खातों को निलंबित किया गया। गूगल ने गुरुवार को जारी 2025 विज्ञापन सुरक्षा रिपोर्ट में बताया कि उसने पिछले साल वैश्विक स्तर पर 8.3 अरब से अधिक विज्ञापनों को हटाया और 2.49 करोड़ विज्ञापनदाता खातों को निलंबित किया। कंपनी ने कहा कि उसके जैमिनी एआई मॉडल के एकीकरण ने तत्काल गलत तत्वों का पता लगाने और उन्हें रोकने की उसकी क्षमता में बहुत अधिक सुधार किया है।

### प्रधानमंत्री मोदी और मैक्रों ने होर्मुज में नौवहन की स्वतंत्रता पर बात की

**नई दिल्ली।** अमेरिका-ईरान में शांति वार्ता के विफल होने के बाद होर्मुज को समुद्री जहाजों के लिए खोले जाने के लिए अलग-अलग स्तर पर किए जा रहे प्रयास के बीच फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ पश्चिम एशिया की स्थिति पर बातचीत की। मोदी ने मैक्रों के साथ बातचीत के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति मैक्रों का फोन आया। हमने प. एशिया पर चर्चा की और होर्मुज में सुरक्षा तथा नौवहन की स्वतंत्रता को शीघ्र बहाल करने की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की।

## गाजियाबाद में आग से 300 झुग्गियां जलीं, सिलेंडर फटे

गाजियाबाद, एजेंसी

गाजियाबाद जिले के एक गांव में गुरुवार दोपहर भीषण आग लगने से 300 से अधिक झुग्गियां जलकर खाक हो गईं। अधिकारियों ने बताया कि इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के कनवानी गांव में उस जगह पर भीषण आग लगने की सूचना मिली, जहां कबाड़ के निस्तारण और पुनर्चक्रण का काम होता है। आग लगने के तुरंत बाद झुग्गियों में रखे रसोई गैस सिलिंडर एक-एक करके फटने लगे। इन धमाकों की आवाज से पूरा क्षेत्र दहल उठा और लोगों में दहशत फैल गई।

जिलाधिकारी रवींद्र कुमार मंदार के मुताबिक, झुग्गियों के जलने से कई परिवार बेघर हो गए हैं। दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पा लिया है, लेकिन पूरे इलाके में धुएं का गुबार है। मंदार के अनुसार, घटना में किसी के हताहत होने की फिलहाल कोई सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बात की पुष्टि करने के लिए इलाके में सर्वेक्षण कराया जा रहा है कि कोई व्यक्ति लापता तो नहीं है। चिकित्सकों की एक टीम मौके पर है और आसपास के अस्पतालों को भी अलर्ट कर दिया गया है। आग लगने की वजह अभी स्पष्ट नहीं है, हालांकि अधिकारियों को संदेह है कि अवैध बिजली कनेक्शन में शॉर्ट सर्किट या गैस सिलेंडर से रिसाव के कारण चिंगारी भड़की होगी। अधिकारियों के मुताबिक, प्रभावित परिवारों को अस्थायी आश्रयों में ले जाया गया है और उन्हें राहत सामग्री उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस के अनुसार, मौके पर शीतलन प्रक्रिया पूरी होने के बाद घटना की गहन जांच शुरू की जाएगी। कनवानी गांव में लगी आग के दौरान बड़ी संख्या में निवासी अपने काम पर गए हुए थे। इस दौरान कई परिवारों के छोटे बच्चे झुग्गियों में ही मौजूद थे।



- कनवानी गांव में भीषण आग के कारण आसपास की कई इमारतें खाली कराई गईं

### लखनऊ की झुग्गी बस्ती में आग लगने से दो बच्चों की मौत

**लखनऊ।** यहां के विकास नगर स्थित एक झुग्गी बस्ती में बुधवार को लगी भीषण आग में दो बच्चों की मौत हो गई। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) दीक्षा शर्मा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों बच्चों (जिनकी उम्र लगभग दो साल थी) के शव बुधवार देर रात एक बड़े तलाशी अभियान के बाद बरामद किये गये। उन्होंने बताया, शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### एलपीजी जमाखोरी के खिलाफ 2500 छापे 63 वितरक निलंबित

**नई दिल्ली।** एलपीजी की जमाखोरी और काला बाजारी के खिलाफ बुधवार को देशभर में अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत देश भर में 2500 से अधिक छापे मारे गए। गुरुवार को मंत्रालय ने बताया कि मंत्रालय कच्चे माल की आपूर्ति श्रृंखला में संभावित बाधाओं से निपटने के लिए निरंतर कदम उठा रहा है। तेल विपणन कंपनियों ने 238 एलपीजी वितरकों पर दंड लगाया गया और अनियमितताओं के कारण 63 को निलंबित किया। उसने हितधारकों के साथ व्यापक बातचीत की है।

## शादी समारोह से एक साल के मासूम का अपहरण

संवाददाता, इस्लामनगर (बदायूं)

**अमृत विचार:** सहसवान रोड स्थित बरातघर में आयोजित शादी समारोह के दौरान अज्ञात महिला ने एक साल के बच्चे का अपहरण कर लिया। पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। घटना होने पर परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस आरोपी महिला की तलाश में जुटी है।

थाना क्षेत्र के मईकला निवासी व्यक्ति की बेटी की शादी समारोह में संभल जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के गांव सिरसा निवासी शांति पत्नी भूकन अपने एक साल के बेटे सौरव के साथ शामिल होने आई थीं। जयमाला कार्यक्रम के दौरान शांति अपने बच्चे को हॉल के एक कमरे में सुलाकर कार्यक्रम में चली गईं। इसी दौरान मेहमान बनी संदिग्ध महिला ने मौके का फायदा उठाते हुए कमरे से मासूम को उठाकर ले गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला काफी देर तक बरातघर में घूमती रही, लोगों से बातचीत करती रही और खुद को वधू पक्ष का करीबी बताकर भरोसा जीतती रही। उसने बच्चे की बुआ से भी बातचीत कर दोस्ती की और उसके मोबाइल से फोटो खींचने के बहाने अपना संपर्क स्थापित किया। बाद में उसने व्हाट्सएप पर फोटो भेजकर अपना नंबर भी डिलीट कर दिया, जिससे उसकी पहचान छिपी रहे।




सीसीटीवी में कैद बच्चे को ले जाती महिला।

- जयमाला कार्यक्रम के दौरान हुई वारदात, संदिग्ध महिला सीसीटीवी में बच्चा ले जाते समय कैद
- मेहमान बनकर समारोह में आई महिला ने घुल-मिलकर की वारदात पुलिस कर रही जांच

## अमेरिका ने ईरान से निकल रहे 13 जहाजों को वापस लौटाया

**वाशिंगटन/बेरूत।** अमेरिका ने ईरान को चेतावनी दी है कि अगर उसने पीस डील नहीं मानी, तो फिर से जंग शुरू हो सकती है। वहीं उसने होर्मुज से 13 जहाजों को वापस लौटा दिया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि ईरान के पास समझौता करने का मौका है, लेकिन अगर उसने इसे ठुकराया तो अमेरिका दोबारा सैन्य कार्रवाई शुरू करेगा।

उन्होंने बताया कि अमेरिकी फोर्सेस पूरी तरह तैयार हैं और किसी भी समय कॉम्बैट ऑपरेशन शुरू कर सकती हैं। अमेरिकी सेना राष्ट्रपति के आदेश का इंतजार कर रही है और निर्देश मिलते ही कार्रवाई शुरू की जा सकती है। हेगसेथ ने कहा है कि अमेरिका ईरान पर नौसैनिक नाकेबंदी जारी रखेगा। यह कार्रवाई तब तक जारी रहेगी, जब तक अमेरिका अपने रणनीतिक लक्ष्य हासिल नहीं कर लेता। वहीं अमेरिकी जनरल डैन केन ने बताया कि अब तक 13 जहाज नाकाबंदी के चलते वापस लौट चुके हैं।

- अमेरिकी रक्षा मंत्री बोले-ईरान ने डील नहीं मानी तो फिर जंग होगी
- लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ ने नेतन्याहू से बातचीत करने से किया इनकार

## अकासा एयर और स्पाइसजेट विमानों के पंख टकराए, जांच शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हवाई अड्डे पर गुरुवार दोपहर अकासा एयर और स्पाइसजेट के विमानों के पंखों के टकराने से दोनों विमानों को नुकसान पहुंचा। उड्डयन क्षेत्र के नियामक डीजीसीए ने घटना की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद दोनों बोइंग 737 विमानों को हवाई अड्डे पर ही रोक दिया गया है।

डीजीसीए ने कहा कि जांच लंबित रहने तक एक वायु यातायात नियंत्रक और स्पाइसजेट के पायलटों को ड्यूटी से हटा दिया गया है। यह घटना अपराह्न हुई जब अकासा का विमान टैक्सीवे पर उड़ान भरने के लिए निकलने वाला था और स्पाइसजेट का विमान पार्किंग की तरफ जा रहा था। अकासा का विमान दिल्ली से हैदराबाद के लिए उड़ान क्यूपी-1406 संचालित करने वाला था, जबकि स्पाइसजेट का विमान उड़ान लेह से आया था।

- डीजीसीए ने वायु यातायात नियंत्रक व स्पाइसजेट के पायलटों को ड्यूटी से हटाया

## अनिल अंबानी की याचिकाएं खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने उद्योगपति अनिल अंबानी की बंबई हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं को गुरुवार को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट ने तीन बैंकों द्वारा उनके और रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के खातों को फर्जी घोषित करने के लिए शुरू की गई कार्यवाही को जारी रखने की अनुमति दी थी।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने साथ ही अंबानी को बैंकों के कारण बताओ नोटिस के खिलाफ उच्च न्यायालय की एकल पीठ के समक्ष अपनी याचिका जारी रखने की अनुमति दी। पीठ ने एकल पीठ से अनुरोध किया कि वह इन बैंक द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस के खिलाफ अंबानी की याचिका पर शीघ्र निर्णय करे। उच्चतम न्यायालय ने यह आदेश अंबानी द्वारा दायर तीन अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान दिया, जिनमें उन्होंने उच्च न्यायालय की खंडपीठ के 23 फरवरी के आदेश को चुनौती दी थी। खंडपीठ ने एकल पीठ के उस अंतरिम आदेश को रद्द कर दिया था जिसमें उनके और रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के खिलाफ खातों को फर्जी घोषित करने की कार्यवाही पर रोक लगाई गई थी। इसके साथ ही खंडपीठ ने तीन सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और ऑडिट कंपनी बीडीओ इंडिया एलएलपी द्वारा दिसंबर 2025 में एकल पीठ के अंतरिम आदेश के खिलाफ दायर अपीलों को स्वीकार कर लिया था। एकल पीठ के आदेश में इंडियन ओवरसीज बैंक, आईडीबीआई बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा की जा रही वर्तमान और भविष्य की सभी कार्रवाइयों पर रोक लगाई गई थी।

अदालत ने कहा था कि यह कार्रवाई कानूनी रूप से त्रुटिपूर्ण फॉरेंसिक ऑडिट पर आधारित है और भारतीय रिजर्व बैंक के अनिवार्य दिशानिर्देशों का उल्लंघन करती है। अंबानी ने एकल पीठ के समक्ष इंडियन ओवरसीज बैंक, आईडीबीआई बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस को चुनौती दी थी।

- अंबानी ने बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को दी थी चुनौती



**बदलाव** | गोरखनाथ मंदिर क्षेत्र में 9.18 करोड़ से बने दो आधुनिक सुरक्षा भवनों का उद्घाटन, सीएम ने कहा, सुशासन की पहली शर्त सुरक्षा

## समय पर भर्ती-ट्रेनिंग से बदली पुलिस की तस्वीर : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद पुलिस विभाग में समय पर भर्ती, समय पर ट्रेनिंग और अवस्थापना सुविधाओं के विकास से पुलिसकर्मियों के कार्य की गति बढ़ी है। इसी का परिणाम है कि प्रदेश में सुरक्षा का बेहतर माहौल बना और सुशासन का बेहतरीन मॉडल खड़ा हुआ।

वे गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर क्षेत्र की सुरक्षा के लिए बने दो आधुनिक सुरक्षा भवनों के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इन भवनों में मंदिर सुरक्षा से जुड़े अपर पुलिस अधीक्षक व पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय, कंट्रोल रूम, पुलिस स्टोर रूम और मेंटिनेंस वर्कशाप बनाई गई है। इसके निर्माण पर 9.18 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई है। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा भवनों में उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन भी किया। कहा कि सुरक्षा, सुशासन की पहली शर्त होती है। हर व्यक्ति को सुरक्षा चाहिए। इसके लिए सरकार के स्तर पर प्रयास किए जाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले पुलिस भर्ती, ट्रेनिंग और सुविधाओं की अनदेखी होती थी, जिससे युवाओं का रुझान भी कम था। लेकिन अब स्थिति बदल गई है।



**गोरखपुर :** आधुनिक सुरक्षा भवन का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री योगी।

### पुलिस किसी भी स्थिति में असहाय नहीं

सीएम ने कहा कि अब पुलिस असहाय नहीं है। अपराधियों को पकड़ने और थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त संसाधन और बल मौजूद है। उन्होंने चेतावनी दी कि सुरक्षा व्यवस्था में सेंध लगाने वालों के खिलाफ पुलिस सख्ती से कार्रवाई करेगी। अब अपराधी भाग नहीं सकता, क्योंकि उसे थाने में ही रोककर रखने की सुविधाएं दी गई हैं। अब कोई थाने पर हमला नहीं कर सकता, क्योंकि थाने में पुलिस कार्मिकों के लिए अलग से बेहतरीन सुविधाओं से युक्त बैरक बनाए गए हैं। हर समय, हर थाने में पर्याप्त संख्या में पुलिस कार्मिक उपलब्ध होंगे।

### पहले नहीं थी अच्छी आवासीय सुविधा

योगी ने कहा कि पहले थाना हो, चौकी हो, पुलिस लाइन हो या पीएसी वाहिनी, कहीं भी पुलिसकर्मियों के लिए अच्छी आवासीय सुविधा और अच्छे बैरक नहीं थे। पुलिसकर्मी किराए पर रहकर जैसे-तैसे जीवन व्यतीत करता था। होता यह था कि उसके बच्चे की परीक्षा है और उसी समय मकान मालिक घर खाली करने को कह देता। इस पर वह झल्ला कर कहता, घर नहीं खाली करेंगे। आज ये सारी शिकायतें समाप्त हो गई हैं, । सरकार ने हर पुलिस लाइन में आवासीय सुविधा दी है, बैरक बनवाए गए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध कॉलोनियों में अब नहीं मिलेंगे बिजली कनेक्शन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी की ओर से अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी कॉलोनी को विद्युत कनेक्शन देने से पहले स्वीकृति की जानकारी प्राधिकरण से अनिवार्य रूप से ली जाए। बिना स्वीकृति वाली अवैध कॉलोनियों में किसी भी स्थिति में बिजली कनेक्शन नहीं दिए जाएंगे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि नियमों का पालन करते हुए ही विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और अवैध निर्माण को बढ़ावा न मिले। विद्युत विभाग अब हर आवेदन की जांच कर ही कनेक्शन जारी करेगा।

### गुलाम गौस सैयद दादा मियां का सालाना उर्स आज से शुरू

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** हजरत गुलाम गौस सैयद दादा मियां रहमतुल्लाह अलैह का तीन दिवसीय 47 वां सालाना उर्स 17 अप्रैल 2026 से तारीन जलाल नगर स्थित दरगाह पर आयोजित किया जाएगा। उर्स संयोजक/ खादिम जहीर खां कलीमी ने बताया कि हजरत गुलाम गौस सैयद दादा मियां का 47 वां सालाना उर्स 17 से 19 अप्रैल को मोहल्ला तारीन जलाल नगर, फूटी मस्जिद स्थित दरगाह पर मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले दिन 17 अप्रैल को बाद नमाजे फज्र कुरआन ख्वानी, रात 9 बजे महफिल-ए-मीलाद होगी। 18 अप्रैल को शाम 5 बजे चादरपोशी, रात 9 बजे महफिल ए समा में कव्वालियां होंगी। रविवार, 19 अप्रैल को बाद नमाजे फज्र गुस्ल व संदल की रस्म होगी। सुबह दस बजे कुल शरीफ होगा। लंगर-ए-आम होगा।

### संचारी रोगों से बचाव को दवा का छिड़काव

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर में संचारी रोगों से बचाव के लिए पूरे गांव की 56 गलियों में दवाई का छिड़काव कराया गया। ग्राम प्रधान अनिल गुप्ता ने बताया कि पहले सभी नालियों की सफाई कराई गई और उसके बाद दवा का छिड़काव शुरू किया गया ताकि जलभराव न हो । गांव में 56 रास्ते हैं, जिनके किनारे नालियां और सिल्ट कैचर बने हुए हैं।

### अग्नि सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत व्यापक जन-जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न बहुखंडीय भवनों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर उपस्थित स्टाफ एवं कर्मचारियों को अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव के प्रभावी उपायों, आवश्यक सतर्कताओं एवं प्राथमिक सुरक्षा नियमों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही आग लगने की स्थिति में त्वरित एवं सही कार्यवाही करने के तरीके, अग्निशमन यंत्रों के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग की विधि तथा आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाए जाने वाले आवश्यक कदमों के बारे में भी व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई।

### आज से प्रात: 7.30 बजे खुलेंगे स्कूल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी के आदेश पर बीएसए दिव्या गुप्ता ने जनपद में संचालित कक्षा एक से आठ तक के सभी बोर्डों के परिषदीय विद्यालय, सहायता प्राप्त विद्यालय तथा वित्त विहीन विद्यालयों का संचालन आज से सुबह 7 :30 से अपराह्न 1 :00 बजे तक कर दिया है। उन्होंने आदेश का कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिए हैं।

# हवन-पूजन के बाद फैज बने सोनू चौहान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- तिलहर क्षेत्र में कालीबाड़ी मंदिर में विधि-विधान से हुआ कार्यक्रम
- अंतरात्मा की आवाज पर लिया निर्णय, दबाव या लालच से इनकार

**अमृत विचार :** तिलहर क्षेत्र के निवासी फैज ने सनातन धर्म अपनाकर अपना नाम सोनू चौहान रख लिया। कालीबाड़ी मंदिर में हवन-पूजन के बाद गंगाजल पिलाकर उनकी घर वापसी कराई गई। इस दौरान विधि-विधान से पूजा संपन्न कराई गई और कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

सोनू चौहान ने बताया कि उन्हें लंबे समय से सनातन धर्म के प्रति आस्था थी और यह निर्णय उन्होंने अपनी अंतरात्मा की आवाज पर लिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस फैसले में किसी प्रकार का दबाव या लालच नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि वह पहले अयोध्या, हरिद्वार और वाराणसी जैसे धार्मिक स्थलों की यात्रा कर चुके हैं, जहां के अनुभवों ने उनके विश्वास को और मजबूत किया। उनके अनुसार वर्ष 2000 से ही उनका झुकाव इस दिशा में था और भगवान शिव के प्रति विशेष श्रद्धा रही है। पिछले कुछ वर्षों तक विचार करने के बाद उन्होंने सनातन धर्म को पूरी तरह अपनाने का निर्णय लिया। कार्यक्रम से जुड़े राजेश अवस्थी ने कहा कि इसे धर्म परिवर्तन नहीं बल्कि घर वापसी के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि पहले भी इस विषय पर चर्चा हुई थी, लेकिन अब विधि-विधान से कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया है। सोनू चौहान ने लोगों से अच्छे मार्ग पर चलने और सनातन धर्म को आगे बढ़ाने की अपील की। आयोजकों ने भी अन्य लोगों से इस दिशा में आगे आने की बात कही।

## सीबीएसई दसवीं के परीक्षा परिणाम में चूक, विद्यालय की प्रथम सूची में टॉप 5 में दिखाया

# जलालाबाद के अक्षत बने जिला टॉपर, 98.4 % से बदला परिणाम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सीबीएसई 10 वीं में जिले के छात्रों का जलवा रहा। फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल के अक्षत ने 98.4% अंकों के साथ जनपद में पहला स्थान पाया है। 12 घंटे के भीतर ही सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा परिणाम का परिदृश्य बदल गया है। फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल के छात्र अक्षत ने 492/500 अंक (98.4%) हासिल कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय की चूक से प्रथम सूची में टॉप 5 में दर्शा दिया गया था।

अक्षत के पिता मदन गोपाल कटियार एबीआरसी / एआरपी रहे हैं। वर्तमान में वह उच्च प्राथमिक विद्यालय रुस्तमपुर, दिबियापुर जलालाबाद में सहायक अध्यापक के रूप में कार्यरत है। अक्षत की माता रश्मि कटियार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, जलालाबाद में संगीत शिक्षिका है। बुधवार को घोषित सूची में जनपद में दूसरा स्थान पाने वाले अर्शलान रजा और शिजा हिकमत को प्रथम टॉपर घोषित कर दिया गया था। जबकि तक्षशिला के ही अनुकूल गर्ग को द्वितीय स्थान पर बताया गया था।

फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल की चूक से अक्षत कटियार को मीडिया में वह सम्मान नहीं मिल सका था। अब अक्षत के पिता मदन गोपाल कटियार ने खुद ही अंक पत्र को साझा करते हुए बताया कि अक्षत ने अंग्रेजी में 99, गणित में 99, विज्ञान में 98, सामाजिक विज्ञान में 97 और आईटी में 99 अंक प्राप्त कर स्कूल व जनपद में पहला स्थान पाया है।



जिला टॉपर अक्षत कटियार का मुंह मीठा कराते परिजन। ● अमृत विचार

### आईएएस बनना चाहते टॉपर अक्षत

अक्षत कटियार का सपना बचपन से ही बड़ा रहा है। जब वह मात्र तीन वर्ष के थे, तब उनकी मुलाकात उस समय शाहजहांपुर की डीएम रहीं रितु माहेश्वरी से हुई थी। डीएम के रुतबे और कार्यशैली से प्रभावित होकर अक्षत ने तभी से आईएएस (डीएम) बनने का लक्ष्य तय कर लिया।

### एसएसएमवी की अनुष्का ने पाए 94.8 प्रतिशत



श्री शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ के 10वीं की छात्रा अनुष्का गोयल ने 94 .8 प्रतिशत के छात्र स्कूल टॉप किया है। सार्थक यादव तथा आराध्या सिंह ने 94 .4 प्रतिशत, शुभ कपूर ने 93 .6 प्रतिशत, कृष्णा पांडेय ने 93 .4 प्रतिशत, मोहम्मद अर्सलान व आयुष लाडिया ने 92 .2 प्रतिशत, तेजस चौहान व विनायक यादव ने 91 .8 प्रतिशत, संस्कार यादव ने 91 .4 प्रतिशत, अदिति सिंह व अर्नव सिंह ने 90 .4 प्रतिशत, कुश गोयल ने 90 .2 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल की टॉप टेन सूची में अपना नाम बनाया। स्कूल के प्रबंधक अशोक अग्रवाल ने स्कूल टॉपर्स को फूलमाना पहनाकर और मुंह मीठा कराकर उज्ज्वल भविष्य की बधाई दी।

# कांग्रेस ने अंतिम दिन बदला प्रत्याशी

## दिलकिस बानो की जगह वाजिद सिद्दीकी को सिंबल देकर कराया नामांकन दाखिल



कटरा उपचुनाव में नामांकन दाखिल करते कांग्रेस प्रत्याशी वाजिद सिद्दीकी।



तिलहर तहसील में नामांकन दाखिल करने पहुंचे सपा प्रत्याशी। ● अमृत विचार

**कटरा उपचुनाव**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अंतिम दिन प्रत्याशी परिवर्तन से बढ़ी राजनीतिक हलचल
- जिलाध्यक्ष सहित कई नेता और कार्यकर्ता रहे मौजूद

**अमृत विचार :** कटरा नगर पंचायत उपचुनाव के नामांकन के अंतिम दिन कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी बदलते हुए दिलकिस बानो के स्थान पर वाजिद सिद्दीकी को पार्टी सिंबल के साथ नामांकन दाखिल कराया। इस फैसले से क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गईं और अंतिम समय में हुए बदलाव ने सभी का ध्यान खींचा।

नामांकन के दौरान जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता, पूर्व चेयरमैन समी उसशान खान, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रामजी अवस्थी, कटरा नगर अध्यक्ष अच्छन खान, गौरव त्रिपाठी, अनिल श्रीवास्तव, हम्माद खान, शाहनवाज खान, फिरोज अली समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कटरा उपचुनाव में सपा प्रत्याशी ने दाखिल किया पर्चा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** नगर पंचायत कटरा में उपचुनाव के लिए समाजवादी पार्टी के घोषित प्रत्याशी डॉ भरत गंगवार ने गुरुवार को तिलहर तहसील हुंचकर अध्यक्ष पद हेतु अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उनके साथ मौजूद रहे, जिससे क्षेत्र में राजनीतिक सक्रियता नजर आई। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान, पूर्व विधायक राजेश यादव, पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, पूर्व चेयरमैन सुकेश गुप्ता, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार यादव सहित रवि यादव, धर्मवीर यादव, रामबाबू गुप्ता, राधेश्याम यादव, अनैन अवस्थी, नईम खान, हाजी आरिफ हुसैन, धनपाल यादव, सिद्दीक खान, रफत खान, आरिफ खान और जितेंद्र कुमार समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जनजाति की सूची में शामिल करने की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मूलवासी कश्यप निषाद गोंड जन उत्थान समिति के मंडल अध्यक्ष रामदास कश्यप ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन गुरुवार को प्रशासनिक अधिकारी को सौंपे। जिसमें प्रदेश में गोंड समूह की पर्याय जातियों बाथम, धीमर, बोट, घुरिया, धरूक, मोडिया, जयसवार, सुरहिया, कमकर, महार, रायकवार व धीवर आदि को गोंड के साथ प्रदेश में जनजाति की सूची में शामिल सकारात्मक विधिक प्रस्ताव अविलंब केंद्र सरकार को भेजे जाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि गोंड समूह की इन जातियों के साथ कुछ शासनादेशों में भेदभाव नजर आता है। जिससे संपूर्ण गोंड समूह को एक ही श्रेणी में आरक्षण दिया जाने से गोंड समूह में सामाजिक समता स्थापित होगी। ज्ञापन देने वालों में राम अवतार कश्यप, अरुण कश्यप, राजेश कुमार कश्यप, दीन दयाल कश्यप आदि थे।

# पुवायां एसडीएम चित्रा निर्वाल का जिला मुख्यालय तबादला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- डीएम ने एसडीएम के कार्य क्षेत्र में किया बदलाव

**अमृत विचार :** जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने उप जिलाधिकारियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। पुवायां में कई विवाद जुड़ने के बाद एसडीएम चित्रा निर्वाल को जिला मुख्यालय बुला लिया गया है। अब वह डिप्टी कलेक्टर की जिम्मेदारी संभालेंगी। उनके स्थान पर अब तक तिलहर एसडीएम की जिम्मेदारी संभाल रहे एसडीएम सदानंद सरोज को पुवायां का चार्ज दिया गया है। पुवायां एसडीएम न्यायिक जीत सिंह को अग्रिम आदेश तक तिलहर तहसील की कमान सौंपी गई है। प्रशासन के इस निर्णय को पंचायत चुनाव से पहले व्यवस्थाओं को मजबूत करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

सबसे ज्यादा चर्चा पुवायां एसडीएम चित्रा निर्वाल के ट्रांसफर को लेकर हो रही है। पुवायां में वह दो बार एसडीएम रहीं। जुलाई 2025 में वकीलों से टकराव के बाद चित्रा को हटा दिया गया था। जबकि उस समय उन्हें तहसील में पहुंचे कुछ माह का समय ही हुआ था। उस दौरान उन पर राजस्व संहिता के आधार पर काम न करने का आरोप लगा था। जिसके बाद डीएम ने चित्रा को पुवायां से हटा दिया था। उनकी जगह पर आईएएस रिंकू सिंह राही को पुवायां तहसील बनाया गया था, लेकिन वह वकीलों के सामने उठक-बैठक लगाने में हट गए थे। ऐसे में चित्रा को दोबारा पुवायां तहसील भेजा गया था। दोबारा पहुंचने पर एक महिला ने उन पर सीधे तौर पर पैसे मांगने का आरोप लगाया था। महिला का इस संबंध में एक वीडियो भी खूब वायरल हुआ था। मामले की जांच सीडीओ ने की, लेकिन उसकी रिपोर्ट कभी सार्वजनिक नहीं की गई। संभवतः आज भी जांच चल रही हो। हालांकि सोशल मीडिया पर चित्रा निर्वाल के पक्ष में माहौल बनाने का प्रयास हुआ था। लेकिन कुछ भी काम नहीं आया। डीएम ने गुरुवार को फिर से तबादला कर दिया।

# बाजारों की बदहाली को लेकर दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



नगरायुक्त को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

- व्यापारियों ने नगर आयुक्त से मुलाकात कर अतिक्रमण, जाम और सुविधाओं की समस्याएं उठाईं

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को नगर आयुक्त से भेंट कर बाजारों की बदहाली, जाम और बुनियादी सुविधाओं की समस्याओं को लेकर चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि बहादुरगंज से सदर बाजार और गोविंदगंज जाने वाले मार्गों पर अतिक्रमण के कारण ग्राहक बाजार तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बहादुरगंज तिराहे पर बद्रीप्रसाद पुस्तक भंडार के पास लंबे समय से बंद वाटर कूलर को जल्द चालू कराने की मांग भी उठाई।

महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने कहा कि बहादुरगंज पचराहा स्थित पेड़ को वैज्ञानिक तरीके से दूसरी जगह शिफ्ट किया जाए ताकि सड़क चौड़ी हो सके और मालवाहक वाहनों का आवागमन आसान हो। साथ ही गर्मी को देखते हुए बहादुरगंज रिक्शा स्टैंड पिंक टॉयलेट के पास नया वाटर कूलर लगाने का प्रस्ताव रखा गया। ज्ञापन में शामिल प्रांतीय संयुक्त महामंत्री नारायण दास अग्रवाल, प्रांतीय मंत्री सुरेंद्र सिंह सेठ, जिला महामंत्री आकाश दीप गुप्ता और महानगर महामंत्री अमित शर्मा ने भी समाधान की मांग की। नगर आयुक्त ने जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इस दौरान सुशील दीक्षित, कंचन गुप्ता, इक़बाल खां, विवेक सहगल, मोइन खां, अशोक गुप्ता, अखिल मिश्रा, प्रमोद मल्होत्रा, दानिश मलक, राहिल, शादान और दिनेश कुमार राजा सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

## कलान में डीजल संकट, पंप सूखे किसान परेशान

**कलान , अमृत विचार :** क्षेत्र में स्थित पेट्रोल पंपों पर कई दिनों से डीजल की कमी बनी हुई थी, लेकिन गुरुवार को स्थिति और बिगड़ गई और किसी भी पेट्रोल पंप पर डीजल उपलब्ध नहीं रहा। किसानों का कहना है कि समय पर डीजल नहीं मिलने से मूंग, मक्का और उड़द जैसी फसलों की बुवाई प्रभावित हो सकती है।

पेट्रोल पंप के कुछ कर्मचारियों ने बताया कि डीजल उठान के डिपो से ही आपूर्ति में हिलाहवाली हो रही है, जबकि डिपो पर डीजल का भुगतान पहले ही जमा किया जा चुका है। वहीं यह भी चर्चा है कि पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने की संभावना के चलते आपूर्ति प्रभावित हो रही है, पूरे क्षेत्र में डीजल संकट की स्थिति बन गई है।

# परशुराम मंदिर सरोवर में लगेगी मूर्ति

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह से मिलता प्रतिनिधि मंडल।

- केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के प्रयास से 31 फीट ऊंची मूर्ति स्थापना की तैयारी

**अमृत विचार :** केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के प्रयास से जलालाबाद स्थित श्री परशुराम मंदिर के विकास कार्यों में एक और महत्वपूर्ण प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। मंदिर के सरोवर में भगवान परशुराम की भव्य मूर्ति स्थापित करने की योजना पर काम आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में पुणे से आए प्रतिनिधिमंडल ने डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह से मुलाकात कर मूर्ति स्थापना से जुड़े प्रशासनिक विषयों पर चर्चा की।

इस परियोजना के तहत ब्रह्म कारपोरेशन के डायरेक्टर सीपी त्रिपाठी ने अपनी टीम के साथ डीएम से वार्ता की। कई चरणों में केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद से चर्चा के बाद विशेष पत्थर से बनी भगवान परशुराम की विशाल मूर्ति मंदिर प्रांगण के सरोवर में आकर्षक ढंग से स्थापित की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में शामिल चंद्र प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि वह जलालाबाद के निवासी हैं और मंत्री के आग्रह व मार्गदर्शन से उन्हें इस कार्य की प्रेरणा मिली। इसके बाद उन्होंने प्रसिद्ध मूर्तिकार चेतन रविंद्र हिंगे से संपर्क कर मूर्ति निर्माण पर चर्चा की।

बताया गया कि मूर्ति की ऊंचाई 21 फीट होगी और सरोवर में 10 फीट ऊंचे चबूतरे पर इसे स्थापित किया जाएगा, जिससे कुल ऊंचाई 31 फीट हो जाएगी। विशेष पत्थर से बनाई जा रही मूर्ति का वजन लगभग 30 से 50 टन रहने की संभावना है और इसका निर्माण महाराष्ट्र में किया जाएगा। मूर्तिकार का परिवार कई पीढ़ियों से इस कार्य में जुड़ा है। डीएम से सकारात्मक वार्ता के बाद जल्द ही निर्माण प्रक्रिया शुरू होने की संभावना जताई गई है। केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने इस पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयबीर सिंह सहित संबंधित अधिकारियों और इस निर्णय में सहयोग देने वाले सी. पी. त्रिपाठी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# किसान दिवस पर 20 कृषकों ने रखीं समस्याएं, समाधान पर जोर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ किसान दिवस

**अमृत विचार :** नवीन कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में गुरुवार को डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस की बैठक आयोजित की गई, जिसमें कृषि एवं संबद्ध विभागों के अधिकारियों के साथ किसानों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं और सुझाव रखे। बैठक की शुरुआत जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर ने पिछली बैठक की समस्याओं के निस्तारण की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत कर की। इसके बाद 20 किसानों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं।

जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक राधे रमन तिवारी ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इसमें 7 प्रतिशत ब्याज दर होती है, जो समय पर भुगतान करने पर 3 प्रतिशत छूट के साथ 4 प्रतिशत रह जाती है। उन्होंने बताया कि बजट 2025-26 में केसीसी की सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दी गई है और दुर्घटना बीमा के तहत मृत्यु या स्थायी विकलांगता पर 50 हजार तथा अन्य जोखिमों पर 25 हजार रुपये का कवर मिलता है। डीएम ने किसानों से फार्मर रजिस्ट्री कराने की अपील करते हुए बताया कि इससे योजनाओं का लाभ की जानकारी दी। वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत पेड़ कटान के नियमों पर भी प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रति पेड़ 50 से 500 रुपये तक शुल्क और एक पेड़ के बदले 2 से 10 पौधे लगाने का प्रावधान है। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ महेंद्र कुमार ने ढैंचा जैसी हरी खाद के उपयोग की सलाह दी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ अपराजिता सिंह, उप निदेशक कृषि पी.के. मिश्र, जिला उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक, मंडी सचिव रिंकू लाल, कृषि रक्षा अधिकारी संजय कुमार सहित अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# प्रमुख सचिव ने सीएचसी, विकास कार्यों और क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण

संवाददाता, शाहजहांपुर/ रौसरकोठी

**अमृत विचार :** प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन एवं भाषा विभाग तथा जिला नोडल अधिकारी मनीष चौहान ने डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ अपराजिता सिंह और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक कुमार मिश्रा सहित अधिकारियों के साथ जिले में स्वास्थ्य सेवाओं, विकास कार्यों और व्यवस्थाओं का व्यापक निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भावलखेड़ा का औचक निरीक्षण कर ओपीडी, फार्मेसी और एक्स-रे कक्ष का जायजा लिया। दवाओं की उपलब्धता, ड्रग लिस्ट और एक्सपायरी दवाओं की जानकारी ली। प्रसव सेवाओं की समीक्षा में प्रतिदिन चार से पांच प्रसव की जानकारी मिली। केंद्र पर साफ संतोषजनक पाई गई।

इसके बाद विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक कर विकास, राजस्व और कानून व्यवस्था से जुड़ी योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। बैठक में एएसपी सौरभ दीक्षित, नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। समीक्षा में पाया गया कि बिजली, कृषि, स्वास्थ्य, जल जीवन मिशन, किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, पशुपालन, मत्स्य, छात्रवृत्ति और स्वरोजगार योजनाओं में जिले ने ए ग्रेड प्रदर्शन किया है।





विकास भवन में अधिकारियों के साथ बैठक करते प्रमुख सचिव मनीष चौहान।

### सर्किट हाउस का निर्माण कार्य तेज करने को कहा

प्रमुख सचिव ने लखनऊ-बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग के पास ग्राम सरायखास में करीब 22 .23 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे सर्किट हाउस का निरीक्षण कर गुणवत्ता बनाए रखते हुए निर्माण कार्य तेज करने को कहा। इसके बाद रोजा मंडी स्थित 12 गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया, जहां अब तक 6000 मीट्रिक टन गेहूं खरीद की जानकारी मिली। उन्होंने किसानों से बातचीत कर संतोष जताया और निर्देश दिए कि टोकन व्यवस्था, किसान पहचान पत्र और बोरे की उपलब्धता सुनिश्चित कर पारदर्शी तरीके से खरीद कराई जाए, ताकि कोई भी किसान योजना से वंचित न रहे।

## गनपतपुर में पानी की टंकी बनी शोपीस

**निगोही, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव गनपतपुर में लाखों की लागत से बनी पानी की टंकी शोपीस बनकर रह गई है। गांव में पाइपलाइन बिछाकर घर-घर टोटी तो लगा दी गई, लेकिन आज तक टंकी से एक बूंद पानी नहीं टपका।

ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत गांव में पानी की टंकी बनवाई गई और हर घर तक पाइपलाइन बिछाकर टोटी लगा दी गई। उद्घाटन के बाद से आज तक टंकी का पानी नसीब नहीं हुआ। गर्मी का मौसम शुरू होते ही ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। हैंडपंप भी जवाब दे रहे हैं। महिलाएं दूर-दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। जीवन बेहाल हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार फोन पर अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन आज तक गनपतपुर में टंकी से पानी की सप्लाई शुरू नहीं हुई।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मामले की जांच कराकर टंकी से पानी की सप्लाई जल्द शुरू कराई जाए, ताकि गर्मी में राहत मिल सके।

# आर्य महिला महाविद्यालय में शिक्षकों का प्रदर्शन जारी



आर्य महिला डिग्री कॉलेज में विरोध प्रदर्शन करते शिक्षक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** आर्य महिला महाविद्यालय में टीचर्स स्टाफ रूम में वॉइस रिकॉर्डिंग युक्त ए आई कैमरों को लगाए जाने का विरोध निरंतर पांचवें दिन भी जारी रहा। शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर अपने सभी दायित्वों का निर्वहन करते हुए एवं शैक्षणिक कार्य करते हुए अपना सांकेतिक विरोध प्रदर्शन जारी रखा।

विरोध प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों ने प्रशासन से मांग करते हुए उनकी उपस्थिति विधिवत दर्ज कराई जाए तथा प्राध्यापक कक्षों (स्टाफ रूम) से कैमरा हटाया जाए ताकि शैक्षणिक वातावरण और शोध कार्य प्रभावित न हो। अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है, इसलिए शिक्षक अपना यह सांकेतिक विरोध जारी रखने को विवश हैं। प्रदर्शन में शिक्षक डॉ विजय गुप्ता, डॉ एमपीएस चौहान, डॉ स्वेता सक्सेना, डॉ आशीष गोयल, नम्रता लता, ऋतु शर्मा, प्रज्ञा वर्मा, डॉ उपासना श्रीवास्तव, डॉ रानू दुबे, डॉ मृदुल शुक्ला, डॉ ज्योति गुप्ता, डॉ निदा शाहिद, राजेश, डॉ गुलशन रस्तोगी, डॉ उमेश भारती, सीता , शेषांकी, संध्या, शालिनी श्रीवास्तव, भावेश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रेन में महिला का नगदी समेत पर्स चोरी

शाहजहांपुर, अमृत विचार : ट्रेन में चोरी की वारदातें थम नहीं रही है। जनता एक्सप्रेस में एक महिला का नगदी समेत पर्स चोरी हो गया है। जीआरपी ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। देहरादून के थाना प्रेम नगर के मोहल्ला सद्भावकुंज निवासी अर्चना पंवार ने जीआरपी थाने में दी तहरीर में बताया कि पांच दिन पूर्व स्लीपर कोच में जनता एक्सप्रेस से देहरादून से वाराणसी जा रही थी। सुबह पौने चार बजे नींद खुली तो देखा कि शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन से ट्रेन आगे बढ़ गई थी और बर्थ पर रखा पर्स गायब था। पर्स तलाश किया और नहीं मिला। पर्स में पांच हजार रुपये, आधार कार्ड, मोबाइल फोन, चश्मा आदि सामान था। जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### प्रभारी मंत्री दो दिवसीय शाहजहांपुर दौरा

शाहजहांपुर, अमृत विचार : पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप 18 अप्रैल से दो दिवसीय दौरे पर शाहजहांपुर आएंगे। वह शनिवार सुबह 7 बजे गाजियाबाद से प्रस्थान कर करीब 11 बजे शाहजहांपुर पहुंचेंगे। गन्ना शोध संस्थान में भाजपा महानगर की ओर से आयोजित नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 जागरूकता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके अलावा अन्य कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

### खोया बच्चा सकुशल परिजनों को सौंपा गया

पुवायां, अमृत विचार : नगर के मोहम्मदी रोड से भटककर खोए एक मासूम बच्चे को मिशन शक्ति टीम और चाइल्ड हेल्पलाइन की सक्रियता से सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया गया। बच्चा लखहा मोहल्ले में घर से लापता हो गया था। कुछ युवाओं ने मोहम्मदी रोड पर भटक रहे बच्चे को थाने पहुंचा दिया, जिसके बाद पुलिस और चाइल्ड हेल्पलाइन ने सोशल मीडिया की मदद लेकर बच्चे की तलाश शुरू की। काफी तलाश के बाद नाहिल क्षेत्र के निवासी एक दंपती ने बच्चे की पहचान की और थाने पहुंचे, आवश्यक सत्यापन के बाद बच्चे को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बच्चे के सकुशल मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और मिशन शक्ति टीम व चाइल्ड हेल्पलाइन का आभार व्यक्त किया।

# शराब के विरोध में सिर में डंडा मारकर भाई की हत्या

## नशे में धुत घर पहुंचे कुंवरपाल को बड़े भाई ने डांट दिया था

संवाददाता, सेहरामऊ दक्षिणी/शाहजहांपुर

- दोनों भाइयों में कहासुनी के बाद हुई मारपीट
- गैर इरादतन हत्या में रिपोर्ट आरोपी की तलाश

अमृत विचार: शराब पीने का विरोध करने पर विवाद हो जाने पर बड़े भाई के सिर में डंडा मार दिया, जिससे वह घायल हो गया। परिवार वाले मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गैर इरादतन हत्या में छोटे भाई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


मृतक कुंवरपाल।

सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के गांव सरौरी निवासी पिंकू बुधवार की रात नौ बजे शराब पीकर नशे की हालत में घर पर आया। पिंकू को नशे की हालत में देखकर भाई कुंवरपाल(45) ने उसे डांट दिया। इस पर दोनों भाइयों में कहासुनी हो गई और मारपीट शुरु हो गयी। शराब से रोकने का प्रयास करना पिंकू को इतना नागवार गुजरा कि वह घर के अंदर से एक डंडा उठाकर ले आया और भाई कुंवरपाल के सिर में मार दिया, जिससे वह बेहोश हो गया और जमीन पर गिर पड़ा। इधर मौका पाकर आरोपी भाग गया। परिवार घायल कुंवरपाल को मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गयी। पत्नी बिट्टो देवी ने पति के मरने की सूचना थाना पर दी। प्रभारी निरीक्षक फोर्स के साथ गांव पहुंचे और मौका मुआयना कर लोगों से जानकारी की। पत्नी ने अपने देवर पिंकू के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### परिवार में मचा रोना पीटना

कुंवरपाल अपने पीछे पत्नी बिट्टो देवी और बच्चों में अतुल कुमार, नेहा, विकास, मोहन, सुहानी और कमल छोड़ गया है। पत्नी और बच्चे रो रोकर बेहाल हो रहे थे। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## धार्मिक स्थलों से 40 लाउडस्पीकर उतरवाए गए

शाहजहांपुर, अमृत विचार : एसपी के निर्देश पर नगर और सदर सर्किल क्षेत्रों में धार्मिक स्थलों पर मानक से अधिक लगे लाउडस्पीकरों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस अभियान में 239 धार्मिक स्थलों को चेक किया गया और 40 लाउडस्पीकरों को हटवाया गया। चौक कोतवाली, सदर बाजार, रामचंद्र मिशन, रोजा, कांट, मदनापुर, सेहरामऊ दक्षिणी और निगोही थाना प्रभारी निरीक्षक ने फोर्स के साथ धार्मिक स्थलों को चेक किया। इस दौरान 239 धार्मिक स्थलों की चेकिंग की गयी और 40 लाउडस्पीकरों को उतरवाया। थाना प्रभारियों ने जानकारी देते हुए निर्धारित मानक के अनुसार लाउडस्पीकर बजाए जाए, जिससे धार्मिक स्थलों पर सौहार्दपूर्ण वातावरण एवं कानून व्यवस्था बनी रहे। एसपी सौरभ दीक्षित ने अपील की है कि ध्वनि प्रदूषण से संबंधित नियमों का पालन करते हुए प्रशासन का सहयोग करें।

# मुकदमे वापस लेने की मांग


अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते यूनियन के कार्यकर्ता। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा

अमृत विचार : भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अपूर्वा सिंह को दिया। जिसमें गौतम बुद्ध नगर की औद्योगिक इकाइयों के श्रमिकों पर किए जा रहे मुकदमे वापस लेने की मांग की गई।

गुरुवार को कलेक्ट्रेट में यूनियन के जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि गौतम बुद्ध नगर की औद्योगिक इकाइयों के श्रमिक कई दिनों से वेतन वृद्धि की मांग कर रहे थे। सुनवाई न होने के कारण मजबूरन आंदोलन के लिए सड़क पर आना पड़ा। यह स्थिति सरकार की विफलताओं का परिणाम है। ज्ञापन में श्रमिकों पर हुए अत्याचार की जांच हाई कोर्ट के जज से कराने, श्रमिकों पर लादे गए मुकदमे वापस लेने, श्रमिकों को पुनः काम पर लिए जाने और उन्हें पीएफ, ईएसआई व बीमा जैसे लाभ दिलाने की मांग की गई। इस दौरान अमरीश यादव, वेदपाल सिंह, चंद्रपाल सिंह, सत्यव्रत, मातादीन वर्मा, प्रेम शंकर बाजपेई आदि थे।

## कंटेनर ने बाइक को मारी टक्कर, पत्नी की मौत, पति, बच्चे घायल

अल्हागंज, अमृत विचार : बरेली-फर्रुखाबाद मार्ग पर हुल्लापुर चौराहे के निकट कंटेनर ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक पर सवार महिला की मौत हो गई और पति व दो बेटे घायल हो गए।

फर्रुखाबाद जिले के कादरी थाना गेट के गांव पांचाल घाट निवासी रामसनेही ससुराल हरदोई के थाना शाहाबाद के गांव धर्मपुर गए थे। गुरुवार को दिन में 11 बजे वह पत्नी सोनवती और दो बेटों दलजीत व गुरमीत के साथ बाइक से हरदोई से फर्रुखाबाद के लिए लौट रहे थे। रुपापुर मार्ग पर हुल्लापुर चौराहे के निकट कंटेनर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे सोनवती की मौके पर मौत हो गयी और पति और दो बच्चे घायल हो गए। अल्हागंज पुलिस ने तीनों घायलों को अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने चालक और कंटेनर को हिरासत में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# अलग-अलग स्थानों पर दुर्घटना में दो की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कांट और रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र में हुआ हादसा, , एक घायल


मृतक दिनेश।


मृतक ललित।

अमृत विचार : जिले में अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। हरदोई बाईपास चौराहे पर ट्रक ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर पर सवार युवक तो कांट-जलालाबाद रोड पर ट्रैक्टर-ट्राली ने साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे साइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई।

रामचंद्र मिशन क्षेत्र के गांव उदौपारा निवासी दिनेश कुमार(28) रोजा मंडी में मजदूरी करता था। गुरुवार सुबह वह ट्रैक्टर पर बैठकर मंडी जा रहा था। हरदोई बाईपास चौराहे पर ट्रक ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। ट्रैक्टर सवार दिनेश गंभीर घायल हो गया।

सूचना पर रामचंद्र मिशन पुलिस मौके पर पहुंची और घायल दिनेश को मेडिकल कॉलेज भेज दिया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इधर सूचना पर परिजन पहुंच गए। पूर्व मंत्री अवधेश वर्मा मेडिकल कॉलेज पहुंचे और परिवार वालों से जानकारी लेकर ढांढस बंधाया।

पत्नी मोहनी और तीन बच्चों समेत परिजनों में रोना पीटना मच गया। चालक ट्रक समेत भाग गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### साइकिल सवार की हादसे में मौत

कांट क्षेत्र के गांव खिजरपुर निवासी ललित(17) और उसका साथी पवन कुमार बुधवार की शाम साइकिल से कहीं जा रहे थे। जलालाबाद-कांट रोड पर यूकेलेप्टिस से भरी ट्रॉली ने साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे साइकिल पर सवार दोनों लोग घायल हो गए। कांट पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को मेडिकल कालेज भेज दिया। जहां डाक्टर ने ललित को मृत घोषित कर दिया। घायल पवन का इलाज चल रहा है। पुलिस ने ट्रैक्टर और चालक को हिरासत में ले लिया है। कांट प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### घायल की दस दिन बाद मौत

चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नवादा इंदेपुर निवासी विशाल मिश्रा(35) 5 अप्रैल को पैदल सब्जी लेने के लिए गर्रा पुल पर गया। वह सब्जी लेकर पैदल अपने घर आ रहा था। मुमुक्ष आश्रम कॉलेज के सामने चार पहिया वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया था। डॉक्टर ने बरेली के लिए रेफर कर दिया था। बरेली के एक निजी अस्पताल में बुधवार को इलाज के दौरान घायल की मौत हो गई। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट

निगोही, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के कुदिरना निवासी श्याम सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका पुत्र पुत्तू सिंह परिवार के नरेंद्र सिंह के साथ गुरुवार की सुबह 6 बजे अपने गांव से तिलहर आ रहे थे। बाइक नरेंद्र सिंह चला रहा था। रास्ते में ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों लोग घायल हो गए। चालक ट्रैक्टर लेकर भाग गया। पुलिस ने चालक आकाश तिवारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## हाईटेंशन लाइन की स्पार्किंग से गेहूं की फसल जलकर राख

खुदागंज, अमृत विचार : ग्राम पंचायत पहाड़ीपुर भोपत में खेत में रखी गेहूं की पुलियों में अचानक आग लगने से फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीण उमाचरन ने बताया कि उन्होंने गेहूं काटकर पुलियां बांधकर खेत में रखी थीं और थ्रेसर से कटाई के लिए इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान खेत से गुजर रही 11 हजार विद्युत लाइन में स्पार्किंग होने से आग लग गई। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक पूरी फसल जल चुकी थी।

वहीं ग्राम मकरंदापुर पुलिया के पास सत्य प्रकाश गंगवार के खेत में भी खंदवाने के लिए रखी गेहूं की पुलियों में आग लग गई। ग्रामीणों के पहुंचने तक वहां भी फसल जलकर नष्ट हो गई। किसानों ने बताया कि मौसम खराब रहने और जल्दी फसल घर लाने की कोशिश के बीच इस घटना से उन्हें भारी नुकसान हुआ है।

# युवक की अस्पताल ले जाते समय संदिग्ध हालात में मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- आरोप: कार रोककर लोगों ने की पिटाई, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण होगा स्पष्ट

अमृत विचार : कार से बीमार युवक को मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। परिवार वालों का आरोप है कि मोहल्ले के कुछ लोगों ने कार को रोक पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


मृतक मुकेश।

चौक कोतवाली के मोहल्ला जियाखेल निवासी मुकेश कुमार(30) की तबीयत खराब हो गई थी। परिवार वाले बुधवार की शाम कार में लेकर दवा दिलाने मेडिकल कॉलेज जा रहे थे। आरोप है कि मकान से कुछ दूरी पर पहुंचे तो मोहल्ले के लोगों ने कार को रोक लिया और कार के शीशे पर हाथ मार दिया। इस दौरान कहासुनी हो गयी। मुकेश की बहनें भी घर से बाहर गयी। आरोप है कि आरोपियों ने मुकेश को कार से बाहर खींच लिया और पिटाई कर दी। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। परिवार वाले बेहोशी की हालत में मुकेश को मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मां प्रेमादेवी ने बताया कि बेटे को तबीयत खराब होने पर मेडिकल कॉलेज लेकर जा रहे थे, मोहल्ले में ही आरोपियों ने कार रोक ली और बेटे को पीट दिया। आरोप है कि मोहल्ले में बेटे का विवाद हो गया था, इसी रंजिश के तहत उसके बेटे को मारा पीटा है। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि मुकेश बीमार रहता था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से कारण स्पष्ट होगा।

## बैंक में बैग काटकर निकाले 50 हजार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : तिलहर क्षेत्र स्टेट बैंक आफ इंडिया में जेबकतरे ने एक व्यक्ति के बैग काटकर 50 हजार रुपये निकाल लिए और फरार हो गया। घटना से बैंक में अफरा-तफरी मच गयी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे चेक किए।

तिलहर क्षेत्र के मोहल्ला बहादुरगंज निवासी हरिश्चंद्र वर्मा ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि वह सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्य है। बुधवार को स्कूल की दोपहर को छुट्टी होने के बाद एसबीआई शाखा पोटरगंज में आए। उन्होंने अपने खाते से दो लाख रुपये निकाले। कैश काउंटर पर उनको चार गड्डियां दी गयी। उनका आरोप है कि किसी ने बैंक परिसर में बैग काटकर 50 हजार रुपये की एक गड्डी निकाल ली। उन्होंने बैंक प्रबंधक से शिकायत की। उनका आरोप है कि शाखा प्रबंधक ने उनके साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया। पुलिस ने बैंक में सीसीटीवी कैमरे चेक किए। प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर ने बताया कि तहरीर मिल गयी और जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि फुटेज से पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### ससुराल वालों पर चोरी का आरोप

शाहजहांपुर, अमृत विचार : जलालाबाद क्षेत्र के गांव सनखड़ा निवासी सुषमा कश्यप ने बताया कि वह पुराने मकान में रहती है और सारा सामान नीचे कमरे में रखा हुआ था। वह अपने मकान में ताला डालकर मायके चली गयी थी। 26 मार्च को उसे पता चला कि उसके ससुर विनोद व देवर हिमांशु ने कमरे का ताला तोड़ दिया और अलमारी में रखा जेवर चुरा लिया। 29 मार्च को वह ससुराल आई तो गाली-गलौज की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# तहसील बार एसोसिएशन चुनाव में अजय अध्यक्ष और कुमार गौरव बने महामंत्री

संवाददाता, पुवायां/शाहजहांपुर

- पुवायां में मतदान के बाद परिणाम घोषित, समर्थकों ने मालाएं पहनाकर जताई खुशी
- अध्यक्ष पद पर अजय पांडे को 127 वोट, प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ा
- महामंत्री पद पर कुमार गौरव शुक्ला विजयी, कोषाध्यक्ष बने सतीश कनौजिया

अमृत विचार : तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव में अजय पांडे अध्यक्ष और कुमार गौरव शुक्ला महामंत्री चुने गए। बृहस्पतिवार को सुबह मतदान के बाद मतगणना हुई, जिसके बाद परिणाम घोषित किए गए। अध्यक्ष पद पर अजय पांडे को 127 मत प्राप्त हुए, जबकि इंद्रजीत वर्मा को 75, सुनील कुमार पाठक को 58 और विजय त्रिवेदी को 13 मत मिले। तीन मत निरस्त घोषित किए गए।

महामंत्री पद पर कुमार गौरव शुक्ला को 82 मत मिले और उन्होंने जीत हासिल की। अनिल सिंह को 75, आशीष दीक्षित को 54, प्रभाकर मिश्र को 27, रनवीर सिंह यादव को 21 और रामप्रताप वर्मा को चार मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर सतीश कनौजिया 157 मत पाकर विजयी रहे, जबकि नवीन कुमार मिश्रा को 120 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष दस वर्ष से अधिक के पद पर अभिनव सिंह को 184 और अवनीश गुप्ता को 125 मत मिले, जबकि अनूप सिंह को 99 मत प्राप्त हुए। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर धीरज कुमार 140 मत पाकर विजेता बने, वहीं आकाश शुक्ला को 137 मत मिले।

चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारी अरुण कुमार सक्सेना, हरिओम अवस्थी, राजेंद्रनाथ कपूर, अरुण कुमार शुक्ला, महेश पटेल, विपिन सिंह और श्रवण कुमार मिश्रा की देखरेख में संपन्न हुई। परिणाम घोषित होते ही समर्थकों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर खुशी जताई।

अध्यक्ष अजय पांडे और महामंत्री कुमार गौरव शुक्ला ने कहा कि वे वकीलों के सम्मान और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे और साथियों के भरोसे पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

## शोध, स्टार्टअप व तकनीक की जानकारी दी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


वरुण अर्जुन कॉलेज में आयोजित रिसर्च व इनोवेशन सत्र में मौजूद छात्र और विशेषज्ञ।

- वरुण अर्जुन कॉलेज में रिसर्च व इनोवेशन सत्र आयोजित

अमृत विचार : वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ फार्मेसी में रिसर्च एंड इनोवेशन सेल की ओर से विशेष सत्र का आयोजन किया गया, जो बरेली मेडटेक इन्क्यूबेशन इनोवेशन लैब्स के सहयोग से हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों में शोध, नवाचार और उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देना रहा। सत्र का संचालन क्लॉडियस और उनकी टीम ने किया, जिसमें डॉ उत्कर्ष रस्तोगी, मीनल और सुरभि शामिल रहे। विशेषज्ञों ने आधुनिक तकनीकी विकास, रिसर्च की उपयोगिता और नवाचार के महत्व की जानकारी दी।

प्राचार्य डॉ प्रदीप सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में फार्मेसी क्षेत्र में रिसर्च एंड डेवलपमेंट की भूमिका महत्वपूर्ण है और छात्रों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रहकर व्यावहारिक अनुसंधान की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। सत्र के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि एक सामान्य विचार को शोध के माध्यम से प्रोजेक्ट या स्टार्टअप में कैसे बदला जा सकता है। साथ ही मेडटेक स्टार्टअप, इन्क्यूबेशन सेंटर, फंडिंग अवसर और पेटेंट प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम इंटरएक्टिव रहा, जिसमें छात्रों ने सवाल पूछे और विशेषज्ञों ने उनका समाधान किया। इस अवसर पर डॉ मानसी अग्रवाल, मो जुनेद, राजेन्द्र गुप्ता, प्रिया उपाध्याय, निशा राजपूत, सुष्मिता, आकांक्षा राठौर, रूबी, प्रतिभा, नागेन्द्र सिंह, सुखपाल, सुधाकर चौहान सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे। फोरेंसिक कॉलेज से इशिका सक्सेना और सुनुविया भी शामिल रहीं। फार्मेसी और फोरेंसिक दोनों विभागों के छात्रों ने भाग लिया।

## ढकना गांव में पेड़ पर बैठा दिखा तेंदुआ, दहशत

संवाददाता, खुटार


पेड़ पर बैठा तेंदुआ। • अमृत विचार

- सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने ट्रेस किए पगचिन्ह

अमृत विचार : क्षेत्र के गांव ढकना निवासी रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि गुरुवार को दोपहर के समय खेतों में गेहूं की कटाई हो रही थी। रमेश श्रीवास्तव पानी लेने के लिए गांव की तरफ जा रहा था कि गांव के समीप ढकना गांव निवासी अरुणेश पांडे के बाग में खड़े जामुन के पेड़ पर नजर पड़ी तो तेंदुआ जामुन के पेड़ की डाल पर बैठा हुआ था। जिससे वह घबराकर पीछे भाग खड़ा हुआ और हो हल्ला मचाने लगा। पास में ही गेहूं की कटाई कर रहे धर्मेंद्र पांडे, रमेश श्रीवास्तव को चिल्लाता देख दौड़ पड़े। जिस पर गांव के ही गौरव, रमेश, लल्ला पांडे, विकास पांडे, ओमकार वर्मा सहित दर्जनों ग्रामीण बाग की ओर दौड़ पड़े। आवाज सुन तेंदुआ जामुन के पेड़ से उतरकर नीचे आ गया और कुछ दूरी पर खड़े गन्ने के खेत में चला गया। ग्रामीणों समेत गेहूं की कटाई कर रहे किसानों में दहशत फैल हुई है। वन विभाग के वनरक्षक प्रभात कुमार, सुभाष चंद्र, वाचर गोविंद, सहदेव दाताराम, विकास व संदीप टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तेंदुए के पग चिन्हों को ट्रेस कर कांबिंग शुरू की। वनरक्षक प्रभात कुमार ने सचेत रहने के निर्देश दिए। वहीं खुटार रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि वन कर्मियों को भेजा गया है।

## न्यूज डायरी



### अमर सेनानी योगेंद्र पाल सिंह तोमर प्रतिमा अनावरण समारोह

मदनापुर, अमृत विचार : ब्लॉक क्षेत्र के गांव उमरसड़ में गुरुवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी योगेंद्र पाल सिंह तोमर की भव्य प्रतिमा का अनावरण कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने किया। विधायक ने स्वतंत्रता सेनानी को नमन करते हुए कहा कि देश के लिए उनके त्याग और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता तथा नई पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उत्तराधिकारियों राजीव कुमार राजे, अवधेश सिंह, सत्यप्रकाश, चंद्रमोहन शांख्यधार, जमालुद्दीन, ओमकांत शुक्ला एवं अनिरुद्ध शास्त्री आदि को अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। विधायक वीर विक्रम सिंह 'प्रिंस' को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में खुदागंज चेयरमैन सुधीर सिंह एवं मदनापुर ब्लॉक प्रमुख महेश पाल सिंह मौजूद रहे। संचालन डॉ. प्रमोद कुमार सिंह एवं कवि विजय 'तन्हा' ने संयुक्त रूप से किया। पर विजय सिंह तोमर के दामाद पीसीएस देवेश कुमार सिंह, डॉ. राजवीर सिंह, बेटी नीतू तोमर आदि मौजूद रहे।


### एलिट क्रिकेट अकादमी और द रेनेसां ने जीते अपने-अपने मैच

शाहजहांपुर अमृत विचार : कृभको फर्टिलाइजर मैदान पर चल रहे शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित अंडर 16 क्रिकेट लीग में बृहस्पतिवार को दो मैच खेले गए। पहले मैच में एलिट क्रिकेट अकादमी ने डे नाइट क्रिकेट अकादमी 175 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एलिट क्रिकेट अकादमी ने 30 ओवरों में दो विकेट खोकर 237 रन बनाए। अंश तिवारी ने 110 रन बनाए दिव्यांश यादव ने 66 रन बनाए। दूसरी पारी में डे नाइट क्रिकेट अकादमी की टीम 62 रन बनाकर आउट हो गई। कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं पार कर पाए। एलिट क्रिकेट अकादमी की ओर से सिद्धांत ने 5 और सिद्धार्थ पाल ने तीन विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच अंश तिवारी रहे। दूसरे मैच में द रेनेसां स्कूल ने मारवाह मॉडर्न स्कूल को 9 विकेट से हरा दिया। मारवाह मॉडर्न स्कूल की टीम 66 रन बनाकर आउट हो गई। शिवांक ने 10 रन बनाए। रेनेसां की ओर से शिवप्रसाद और आराध्या तोमर ने दो-दो विकेट लिए। दूसरी पारी में रेनेसां स्कूल ने एक विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। देव ठाकुर ने 39 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच आराध्या तोमर रहे। मैच के अंपायर पंकज तिवारी और आकाश गुप्ता रहे। इस मौके पर आनंद पाठक, अमित चौधरी, आशीष यादव, अपूर्व भदौरिया उपस्थित रहे। शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन कोऑर्डिनेटर डॉ मनोज यादव ने बताया कि शुक्रवार को प्रातः 8:00 बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम शाहजहांपुर और एसएस कॉलेज क्रिकेट अकादमी के मध्य मैच खेला जाएगा। दोपहर 1:00 बजे से चौधरी क्रिकेट अकादमी पुवायां और बॉक्स क्रिकेट अकादमी लोदीपुर के मध्य मैच खेला जाएगा।



### जनगणना ड्यूटी से राहत की मांग

शाहजहांपुर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों एवं शिक्षिकाओं के प्रतिनिधिमंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता से उनके कार्यालय में भेंट कर जनगणना में ड्यूटी लगाए जाने से पैदा होने वाली समस्याएं रखीं। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन देकर मांग रखी कि गर्भवती, बीमार एवं दिव्यांग शिक्षक-शिक्षिकाओं को जनगणना ड्यूटी से मुक्त रखा जाए, ताकि उन्हें अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। बीएसए ने कहा कि जिलाधिकारी के आदेशानुसार जनपद का कोई भी विद्यालय बंद नहीं होने दिया जाएगा। आश्वासन दिया कि समाधान के लिए बीईओ से आख्या प्राप्त कर उच्च अधिकारियों को ड्यूटी में संशोधन हेतु संस्तुति भेजी जाएगी। संघ के जिला मंत्री देवेश वाजपेई, जिला कोषाध्यक्ष रविन्द्र पाल प्रजापति, जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी, सिंधौली अध्यक्ष नवेन्दु मिश्रा, प्रदुम्न सिंह सहित अनेक शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। प्रार्थना पत्रों पर एडीएम अरविंद कुमार द्वारा अवमुक्त करने के आदेश दिए जाने के बावजूद, प्रशिक्षण में भाग न लेने पर अनुपस्थित मानते हुए कार्रवाई की जा रही है, जिससे असंतोष है।



### ऑपरेशन दहन : पुलिस ने नष्ट कराया 650 किलो मादक पदार्थ

मीरानपुर कटरा अमृत विचार : उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीके वर्मा एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीक्षा भंवरे ने गुरुवार को ऑपरेशन दहन के तहत के वर्ष 2023 से 2026 तक के नारकोटिक्स ड्रिग्स एंड साइकोट्रापिक सब्सटेंस (जब्ती भंडारण नमुनाकरण निपटान) ने पुलिस ने बरामद किए गए 650 किलो ग्राम मादक पदार्थों का विनष्टीकरण कराया। एसपी ग्रीन लाइट इनबामेन्ट वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री ग्राम नवदिया में पुलिस लाइन से एंटी नारकोटिक्स के द्वारा 650 किलो ग्राम मात्रा में लाया गया। विनष्टीकरण की कार्यवाही के दौरान उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी बी के वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीक्ष भवरे तिलहर सीओ ज्योति यादव थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सेंगर पुलिस फोर्स के साथ उपस्थित रहे। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 650 किलो ग्राम मादक पदार्थों का इनकोट की राज्य स्तरीय समिति 4 जुलाई 2023 में आयोजित बैठक में मादक पदार्थों का विनष्टीकरण कराया गया। जिसका अनुमानित मूल्य 30 करोड़ रुपए है।

# गुन गोविन्द गायो नहीं, जनम अकारथ कीन

## संत राजिंदर सिंह महाराज ने गुरु तेगबहादुर की वाणी से भजन, नाम सिमरन और जीवन के उद्देश्य पर दिया संदेश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** बरेली मोड़ स्थित साउथ सिटी के सामने रैली ग्राउंड में सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख संत राजिन्दर सिंह महाराज के सत्संग में अपार जनसमूह उमड़ पड़ा। नौ साल बाद उनकी शाहजहांपुर यात्रा को लेकर लोगों में खास उत्साह देखने को मिला। इससे पहले वह वर्ष 2017 में यहां आए थे। कार्यक्रम की शुरुआत माता रीटा की ओर से गुरु तेगबहादुर महाराज की वाणी पर आधारित भजन गुन गोविन्द गायो नहीं, जनम अकारथ कीन के गायन से हुई। संत राजिन्दर सिंह महाराज के आगमन पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया।

सत्संग में संत राजिन्दर सिंह महाराज ने कहा कि मनुष्य जीवन का उद्देश्य परमेश्वर का नाम जपना और उनका गुणगान करना है। उन्होंने समझाया कि यदि मनुष्य अपने जीवन में परमेश्वर को याद नहीं करता तो उसका जीवन व्यर्थ हो जाता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह पानी मछली के लिए आवश्यक है, उसी तरह मनुष्य के लिए परमेश्वर का नाम आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इंसान माया में उलझकर अपने असली उद्देश्य को भूल जाता है और धन, रिश्ते व शरीर को संवारने में समय लगाता है, जबकि यह सब साथ नहीं जाता।

उन्होंने आगे कहा कि जो व्यक्ति नाम का सिमरन करता है और संसार से मन को अलग रखता है, वह भय और बंधनों से मुक्त रहता है। ऐसे व्यक्ति न किसी की निंदा करता है और न ही प्रशंसा में उलझता है। उसके लिए सोना और लोहा समान होते हैं और वह प्रेम के मार्ग पर चलता है। उन्होंने कहा कि ध्यान-अभ्यास के जरिए मनुष्य अपने भीतर प्रभु की ज्योति और श्रुति का अनुभव कर सकता है और जन्म-मरण के चक्र से मुक्त हो सकता है।



बरेली मोड़ रैली ग्राउंड में आयोजित सत्संग में उमड़ा जनसमूह। ● अमृत विचार

- बरेली मोड़ रैली ग्राउंड में सत्संग में उमड़ा जनसमूह, वित्त मंत्री ने किया स्वागत

### दीक्षा, वस्त्र वितरण और रक्तदान शिविर

सत्संग के बाद संत राजिन्दर सिंह महाराज ने नए लोगों को आध्यात्मिक दीक्षा दी। कार्यक्रम में जरूरतमंदों के लिए मुफ्त वस्त्र वितरण किया गया, जिसमें सभी आयुवर्ग के लोगों को कपड़े दिए गए। साथ ही रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। मिशन के अनुसार संस्था विश्वभर में हजारों केन्द्रों के माध्यम से ध्यान-अभ्यास की विधि सिखाकर लोगों को आत्मिक शांति का मार्ग दिखा रही है।

## गोल्डन फ्लावर की छात्राओं का जलवा

**खुटार, अमृत विचार:** गोल्डन फ्लावर पब्लिक स्कूल में दसवीं का परीक्षा परिणाम घोषित होने से छात्र-छात्राओं में खुशी छा गई l कक्षा 10 में स्कूल की जैसलीन कौर ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, विराट साहू ने 89 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, असना अंसारी ने 88.6 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान, ईशान देवल ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान एवं आरुषि सिंह ने 86.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय में पांचवां स्थान प्राप्त किया। सफल छात्र-छात्राओं को प्रबंधक हरदेव सिंह सिद्धू, निदेशक डॉ नवदीप सिंह सिद्धू, प्रधानाचार्य राजकुमार साहू ने उज्जवल भविष्य की कामना की।



प्रबंधक हरदेव सिंह के साथ छात्र-छात्राएं।

# नारी शक्ति का वंदन, नवयुग का अभिनंदन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय में 16 अप्रैल को नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए पदयात्रा और व्यापक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से शुरू होकर परिसर के निर्धारित मार्गों से निकली, जिसमें छात्र-छात्राएं, शिक्षक और कर्मचारी हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर शामिल हुए। रैली के दौरान महिला आरक्षण और समानता से जुड़े संदेशों के साथ प्रतिभागियों ने जागरूकता फैलाने का प्रयास किया।

कार्यक्रम की अगुवाई नोडल अधिकारी डॉ शिवानी गुप्ता ने की, जिनके नेतृत्व में पूरे विवि की सक्रिय भागीदारी रही। जागरूकता सत्र में वक्ताओं ने बताया कि यह कानून लोकसभा, विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीट आरक्षित करने का प्रावधान करता है। मिस्ड कॉल अभियान भी चलाया गया, जिसमें 9667173333 नंबर पर 655 प्रतिभागियों ने कॉल कर अपना समर्थन दर्ज कराया। उप कुलसचिव डॉ अनिल कुमार पाल ने कहा कि विवि सामाजिक और नागरिक गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। डॉ पूर्णिमा एस भट्ट ने इसे सामाजिक सोच में बदलाव लाने वाला प्रयास बताते हुए छात्रों से नेतृत्व के लिए आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डॉ रवींद्र नाथ शुक्ला, ललित कुमार चौहान, डॉ प्रसाद मर्गु, मो जुनेद, ईशिका, निशा, सुधाकर सहित अन्य शिक्षकों ने सक्रिय भूमिका निभाई।



विश्वविद्यालय परिसर में निकाली गई जागरूकता रैली में शामिल छात्र-छात्राएं।

- वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय में निकाली जागरूकता रैली
- 655 लोगों ने मिस्ड कॉल कर दर्ज कराया समर्थन

### मानव श्रृंखला व हस्ताक्षर अभियान से समर्थन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में गुरुवार को नारी शक्ति वंदन दीवार स्थापना, हस्ताक्षर अभियान एवं मानव श्रृंखला के माध्यम से समर्थन को अभिव्यक्त किया। जिसमें छात्राओं ने नारी शक्ति दीवार पर इस अधिनियम के समर्थन में अपने विचार लिखित रूप से व्यक्त किए। साथ ही नारी शक्ति का सम्मान सशक्त लोकतंत्र की पहचान, नारी शक्ति का वंदन नवयुग का अभिनंदन, नारी शक्ति वंदन अधिनियम आधी आबादी की आवाज आदि स्लोगनों के माध्यम से इस अधिनियम का दृढ़ता से समर्थन किया। हस्ताक्षर अभियान के तहत पोस्टर पर प्राचार्य प्रोफेसर रूपांशु माला एवं वरिष्ठ प्रोफेसर दुर्गावती सिंह ने हस्ताक्षर किए।

### निबंध प्रतियोगिता में मानसी प्रथम

समाज कल्याण विभाग की ओर से महाविद्यालय में गुरुवार को डॉ भीमराव आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की मानसी सक्सेना ने प्रथम स्थान, महक अवस्थी ने द्वितीय व गरिमा और सौम्या सिंह ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## न्यूज डायरी

### 11 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया, समरसता का दिया संदेश

**तिलहर, अमृत विचार :** मानव जीवन कल्याण समिति की ओर से नगर क्षेत्र में समरसता सामूहिक विवाह सम्मेलन में 11 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में विधायक सलोना कुशवाहा, भाजपा महिला मोर्चा क्षेत्रीय महामंत्री चंद्रेश गुप्ता, डॉ मीनाक्षी राजपूत और डॉ दीपक पटेल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। विवाह कार्यक्रम पंडित नवनीत शर्मा के सानिध्य में वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुआ।11 कन्याओं को उपहार भी दिए गए। राष्ट्रीय गो रक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अजीत शर्मा ने भी उपहार दिए। समिति अध्यक्ष पप्पू शर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष 3 कन्याओं का विवाह कराया था। संस्था का उद्देश्य समाज में समरसता को बढ़ावा देना और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग करना है। कार्यक्रम में आसाराम साहू, चंद्रकांता त्रिवेदी, अरविंद गुप्ता, विवेक शर्मा अंशु, अनुज मिश्रा, मनोज शर्मा, संजीव गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि, अनिल गुप्ता भाजपा महामंत्री, भाजपा नगर अध्यक्ष रोहित साहू गुप्ता, संजय गुप्ता प्रभात सहाय, हितेश गुप्ता रिंकू, राम लखन कुशवाहा, माया देवी, शिखा सिंह आरएसएस, डॉ कौशल मौजूद रहे। भोजन की व्यवस्था की गई।



### गरीब बिटिया की शादी में सहयोग करेगी संस्था



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** संकल्प जन सेवा संस्था ने गरीब परिवार की बेटी की शादी के उद्देश्य से सहयोग अभियान शुरू किया। कुर्रिया कलां क्षेत्र के जरूरतमंद परिवार की बेटी वैष्णो का विवाह 20 अप्रैल को होना है। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण संकल्प जन सेवा संस्था के पदाधिकारियों ने सहयोग अभियान शुरू करते हुए परिवार की आर्थिक मदद करने का आश्वासन दिया। पिता नवीन एवं माता बिटोली देवी ने संस्था और समाज के लोगों से बिटिया की शादी में सहयोग की अपील की। इस पर संस्था के पदाधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में आगे आकर सहयोग करें, ताकि बेटी के नए जीवन की शुरुआत खुशहाल तरीके से हो सके। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए जरूरतमंद परिवार की हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है।

### नव निर्मित सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर पर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा

**खुटार, अमृत विचार :** ब्लॉक परिसर स्थित नवनिर्मित सिद्धेश्वरनाथ शिव मंदिर में भगवान शिव की शिवलिंग, भगवान गणेश और नंदी महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात शुक्रवार को मंदिर के समीप विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी शाहजहांपुर के जिला अध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्रा, विधान परिषद सदस्य बहोरन लाल मौर्य, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रशांत पटेल, रोहित सिंह, अरुण शुक्ला, जिला मंत्री देवेंद्र गुप्ता, सुखदेव सिंह, पूर्व विधायक शकुंतला देवी, चेयरमैन पति बाबूराम, लक्ष्मण गुप्ता, बंडा ब्लाक प्रमुख ओमप्रकाश, सिधौली ब्लाक प्रमुख पति मुनेश्वर सिंह, कांट ब्लाक प्रमुख श्रीधर शुक्ला, हरिशरण वाजपेई, आशीष सिंह डब्बू, विजय शंकर अवस्थी, अनिल गुप्ता, शिवकुमार मिश्र, अखंड हिन्दू युवा वाहिनी की महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रत्ना अवस्थी, रजनीश दीक्षित, अखिलेश मिश्रा, तरुण दीक्षित, ज्ञानेश दीक्षित, विजय दीक्षित, मुनीश राठौर, गोविंद राठौर, सतनाम सिंह, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष जगवंत सिंह, विनोद वर्मा, रामजी बाजपेई आदि तमाम लोग मौजूद रहे।




बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर
डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक
सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
कैशलेस ईलाज

जीवनी बोन एण्ड हैल्थ क्लीनिक
डा. विनय गंगवार
एमबीबीएस (एएमयू), डी. आर्थो (एएमयू), डीएनबी आर्थो (दिल्ली) डीआईपी, फीफा (स्पोर्टस मेडिसिन)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण, दूरबीन विधि द्वारा (Arthoscopic) घुटने का इलाज (ACL/PCL Tear) गठिया एवं समस्त जोड़ों के दर्द का इलाज, सियाटिका/कमर दर्द का इलाज, फिजियोथेरेपी, प्लास्ट एवं टूटी हड्डी (फ्रैक्चर) के समस्त ऑपरेशन
डा. आंचल अग्रवाल
एमबीबीएस, एमडी (मेडिसिन) सीसीईबीडीएम, सीसीओपीएम (पीएचएफआई)
फीजिशियन
शुगर एवं ब्लड प्रेशर, खांसी, सांस में दर्द, भूख न लगना, उल्टी एवं दस्त की बीमारी, माइग्रेन का इलाज, पैरों में सूजन, पीलिया/काला पीलिया का इलाज, टीवी, गुर्दे में दिक्कत, कोलेस्ट्रॉल चेकअप, बुखार (डेंगू, टाइफाइड, मलेरिया)
ओपीडी समय : सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक
बंसल इंटीरियर के सामने, 6-ए, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली मो. 6396640323

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : घबराहट • छाती में दर्द या भारीपन • सांस फूलना • पैरों में सूजन • हाई ब्लडप्रेशर • हाई कोलेस्ट्रोल • डाइबिटीज (शुगर) • सीने या पेट में जलन या दर्द • हार्ट अटैक • हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

न्यूज ब्रीफ

## पेट के दर्द से महिला की मृत्यु

**बिसौली, अमृत विचार :** पंचकुला हरियाणा निवासी सुंदर लाल पुत्र मुकुंदी लाल क्षेत्र में बाग रखवाली का काम करते हैं, उनके साथ शीला देवी ( 60 ) 13 वर्षों से साथ रहती थी। जिसकी बुधवार रात अचानक पेट दर्द के कारण मृत्यु हो गई। सुंदर लाल ने बताया कि वह क्षेत्र के गांव भरतपुर में शीला, सचिन व धर्मेंद्र के आम बाग की रखवाली कर रहे थे, बुधवार शाम मृतका शीला ने बेसन के साथ खाना खाया। रात 3 बजे करीब दर्द से बेहाल हो गई, तड़के ही 108 सेवा से सीएचसी बिसौली लाया गया जहां मौजूद डॉक्टर ने मृत घोषित किया ।

## पत्नी को फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**उसहैत, अमृत विचार :** कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।कस्बा निवासी मुशाहिद का कहना है कि उसकी पत्नी को मोहल्ला निवासी फीरोज और उसकी मां पर पत्नी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है।

## रिक्शा की टक्कर से दो लोग घायल

**उसहैत, अमृत विचार :** बाइक युक्त रिक्शा की टक्कर से दो लोग हो गए। उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। इनमें एक को रेफर कर दिया है। कस्बा वार्ड सात निवासी फजल अहमद और वार्ड दस निवासी रिफाकत अली अपने घर की ओर पैदल जा रहे थे, कि सामने से तेज रफ़्तार बाइक युक्त रिक्शा ने उन्हें टक्कर मार दी। जिसमें दोनों घायल हो गए। मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायलों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ले गए। इनमें घायल फजल अहमद की हालत अत्यंत गंभीर होने पर बरेली रेफर कर दिया।

## उधारी के पैसे मांगने पर हुआ झगड़ा

**दबतोरी, अमृत विचार :** गांव के एक दुकानदार का उधार के रुपए मांगने को लेकर झगड़ा हो गया। दुकानदार ने आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। मामला क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीपुर का है। दुकानदार शाहनूर बेग पुत्र मुशर्रत बेग लक्ष्मीपुर में रेडीमेड गारमेंट की दुकान चलाते हैं। उन्होंने बताया कि गांव लक्ष्मीपुर निवासी पप्पू शाह पुत्र खलील शाह उनकी दुकान पर आया। उन्होंने उधारी के रुपए मांग लिए। आरोपी ने रुपए देने से इंकार कर दिया।

# निकाय उपचुनाव में दाखिल किया पर्चा

- शहर नगर पालिका वार्ड 28 को प्रस्तावित है उप चुनाव
- 18 को होगी पर्चों की जांच, 5 मई को होगा चुनाव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** निकाय उप चुनाव 5 मई को होना है। शहर नगर पालिका वार्ड 28 में होने वाले चुनाव के लिए पांच उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इनकी जांच 18 अप्रैल को की जाएगी। इसके बाद नाम वापसी को बुलाया जाएगा। 21 को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे।

शहर नगर पालिका वार्ड 28 हकीमगंज के सदस्य की बीमारी के कारण मृत्यु हो गई थी। उनकी मृत्यु के बाद से पद खाली पड़ा। पद को भरने के लिए उप चुनाव कराया जा रहा है। दस अप्रैल से 16 अप्रैल तक नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया चली थी। पांच उम्मीदवार अफरीदी, कौसर अली, मु. रफी, मोहम्मद सलीम और सदाकत ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। दाखिल किए गए नामांकन पत्रों की जांच 18 अप्रैल की जाएगी। 20 अप्रैल को नाम वापसी के लिए बुलाया जाएगा। 21 अप्रैल को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। पांच मई को चुनाव होगा। सात मई को मतगणना होगी।

### पेड़ की छांव को तलाशते और रास्ते में पानी पीकर तरावट लेते नजर आए लोग, पेड़ कटान से परेशानी

# अब तपने लगा सूरज, तापमान पहुंचा 38 डिग्री

- तापमान और बढ़ने की उम्मीद, शासन ने जारी की गाइडलाइन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। सूरज की तपिश और हवा के थपेड़ों ने बदन झुलसाना शुरू कर दिया है। राहगीरों को खासी परेशानी हो रही है। रास्ते में रुक कर आराम करने को मजबूर हैं। बुधवार को सड़कों पर सन्नाटा सा पसरा रहा। तापमान 38 डिग्री से पार हो गया था। आने वाले समय में तापमान और बढ़ने की उम्मीद है। शासन ने गाइडलाइन भी जारी की है।


सिर को ढक कर बाइक पर जाता युवक।


धूप से बचने को युवती ने बांधा चेहरा ।

बुधवार को सुबह से ही सूरज की तपिश ने बेहाल कर दिया। लोगों ने दोपहर होने से पहले ही काम निपटाया और घर चले गए। ज्यादा जरूरी काम होने पर बाहर निकलने वाले लोग चेहरे को पूरी तरह से ढक कर तो कोई सिर पर गमछा बांधकर निकला।

लोग रास्ते में छांव की तलाश करते रहे। किसी ने यात्री शेड तो कोई पेड़ के नीचे सुस्ताया। ज्यादा गर्मी होने की वजह से पेय पदार्थों के ठेले और दुकानों पर भीड़ रही। आगामी सप्ताह में तापमान में और वृद्धि होगी।

### गर्मी में बरतें विशेष सावधानी

शासन ने जागरूकता संदेश जारी करते हुए गर्मी में विशेष सावधानी बरतने को कहा है। कहा कि शरीर में पानी की कमी न होने दें, नियमित अंतराल पर पानी, ओआरएस, नींबू पानी या छाछ लेते रहें। दोपहर 12 से 3 बजे के बीच घर से बाहर निकलने से बचें। इस अवधि में हीट स्ट्रोक का खतरा सबसे ज्यादा होता है। छाता, टोपी, गमछा और चश्मे का प्रयोग करके सिर और आंखो की सुरक्षा करें। हल्के रंग के, ढीले, सूती कपड़े पहनें। त्वचा को यूवी किरणों से बचाने के लिए बाहर निकलने से पहले सनस्क्रीन लगाएं। फल, सलाद, दही, छाछ जैसे ठंडे और पौष्टिक खाद्य पदार्थ लें।

# चौराहों पर लगे होर्डिंग हटाने में नाकाम रही पालिका

### अवैध होर्डिंग लगाने वाले उठा रहे लाभ, चुप्पी साधे जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** पालिका कर्मियों की मिलीभगत से सड़कों के किनारे लग यूनीपोलों पर अवैध रूप से होर्डिंग लगाकर पालिका को साल भर लाखों रुपये के राजस्व का चूना लगाया जाता रहा। पालिका प्रशासन के जिम्मेदार होर्डिंग लगाने वालों को नोटिस जारी के साथ अभियान चलाकर हटाने की बात करता रहा। लेकिन न नोटिस जारी हो सके और न ही होर्डिंग हट सके। यहां तक शुल्क वसूलने की टेंडर प्रक्रिया तक पूरा नहीं कर सका। इस नाकामी का अवैध होर्डिंग लगाने वाले लाभ उठाते आ रहे हैं। चौराहे और प्रमुख मार्ग होर्डिंग से पटे पड़े। इससे न सिर्फ शहर की सुंदरता खराब हो रही है। बल्कि यह हादसे का सबब भी बन सकते हैं।



पुलिस लाइन चौराहे पर लगे होर्डिंग ।

शहर में सड़क किनारे खड़े यूनिक पोल और सरकारी संपत्तियों पर व्यापारियों और राजनैतिक संगठनों के साथ स्कूलों के बैनर, होर्डिंग लगवाने के बदले पालिका प्रशासन द्वारा निर्धारित शुल्क वसूल करने का प्रावधान है। यूनीपोल और चौराहों पर होर्डिंग लगाने के लिए अलग अलग शुल्क वसूला जाता है। पालिका हर वर्ष एक व्यक्ति को होर्डिंग व बैनर लगाने का ठेका देती है। लेकिन पिछले साल नगर पालिका प्रशासन टेंडर प्रक्रिया को पूरा नहीं कर सका। यह लोग पालिका कर्मचारियों की मिलीभगत से लाभ उठाते रहे। पूरा साल बिना किसी रूकावट के अवैध होर्डिंग लगाने का क्रम चलता रहा। पालिका प्रशासन की ओर से ऐसे लोगों के खिलाफ नोटिस जारी करने की बात कहता रहा। लेकिन न नोटिस जारी हो सके और न ही अवैध होर्डिंग हटाने के लिए अभियान चलाया। अब नया वित्तीय वर्ष शुरू हो चुका है। लेकिन पालिका प्रशासन द्वारा होर्डिंग लगाने को ठेका देने के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी करने की अभी तक शुरुआत नहीं हो सकी है। पालिका इस नाकामी का लाभ लगातार अवैध होर्डिंग लगाने वाले उठाते आ रहे हैं। वहीं चौराहों और रोड पर लगे अवैध होर्डिंग इस मौसम में राहगीरों के लिए खतरा बने हुए हैं।

- टेंडर प्रक्रिया पूरी करने की बात कहते हुए गुजर गया पालिका प्रशासन का वित्तीय वर्ष

> दो बार टेंडर निकाले थे। लेकिन एक भी आवेदन नहीं आया था। इस बार फिर होर्डिंग लगाने के लिए टेंडर निकाले जाएंगे। जिसे जल्द पूरा किया जाएगा। अवैध होर्डिंग लगाने वालों को नोटिस जारी किया जाएगा।
> – **विनय कुमार**, ईओ नगर पालिका

## गुड्डू हत्याकांड का आरोपी पुलिस रिमांड पर लिया

**ओरछी ,अमृत विचार:** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के चर्चित गुड्डू उर्फ आसिफ हत्याकांड में पुलिस ने कानूनी शिकंजा कस दिया है। हत्या के 17 दिन बाद मुख्य आरोपी बंटी सिंह को पुलिस ने रिमांड पर लेकर कत्ल की कड़ियों को जोड़ना शुरू कर दिया है। गुरुवार को पुलिस टीम आरोपी को सिसरका गांव के उसी जंगल में लेकर पहुंची, जहां 31 मार्च को वारदात को अंजाम दिया गया था।

बता दें कि कस्बा फैजगंज वार्ड नंबर दो निवासी गुड्डू उर्फ आसिफ की हत्या के बाद से ही आरोपी बंटी सिंह पुलिस की रडार पर था। खुद को बचाने के लिए शातिर आरोपी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। पुलिस ने जब कड़ियां जोड़ीं तो हत्या में उसका हाथ होने के पुख्ता प्रमाण मिले, जिसके बाद उसे रिमांड पर लिया गया। गुरुवार को थाना अध्यक्ष मनोज वर्मा के नेतृत्व में भारी पुलिस बल आरोपी को लेकर घटनास्थल पर पहुंचा। पुलिस आरोपी से यह जानने की कोशिश कर रही है कि हत्या के पीछे मुख्य वजह क्या थी और क्या इस वारदात में अन्य लोग भी शामिल थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटनास्थल से कुछ अहम साक्ष्य मिले हैं, जिन्हें वैज्ञानिक जांच के लिए भेजा जाएगा।

# सीसीटीवी में कैद हो गई है अपहरण की वारदात


थाने के बाहर खड़े बच्चे के परिजन • अमृत विचार

**बदायूं, अमृत विचार:** जैसे ही बच्चा गायब होने की जानकारी मिली, मैरिज हॉल में हड़कंप मच गया। परिजनों में चीख-पुकार मच गई। बच्चे की मां शांति का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इसके बाद परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मैरिज हॉल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में साफ देखा गया कि संदिग्ध महिला पहले बच्चे को गोद में लेकर बाहर जाती है, मामले में बच्चे की मां शांति देवी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीओ बिल्सी केके तिवारी ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया


अपहरण किया बालक।

> मैरिज हॉल से अज्ञात महिला द्वारा एक साल के बच्चे को उठा ले जाने का मामला सामने आया। अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सीसीटीवी कैमरे चेक कराए जा रहे है। टीमें लगी हुई है। एक मोबाइल फोन भी कब्जे में लिया है। जिस पर महिला ने फोटो भेजकर नंबर डिलीट कर दिया उसकी जांच की जा रही है। जल्द ही बच्चे को बरामद कर लिया जाएगा।
> –**उदयवीर सिंह**, थानाध्यक्ष

## तारों की चिंगारी से जली तीन बीघा गेहूं की फसल

**इस्लामनगर, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव चांदपुर निठाया में गुरुवार को हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी से तीन बीघा खेत में गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। किसान ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

गांव निवासी किसान अनिल कुमार के खेत के ऊपर से हाईटेंशन बिजली लाइन गुजर रही है।

किसान का आरोप है कि लंबे समय से बिजली के तार ढीले पड़े हुए थे, जिसकी शिकायत कई बार बिजली विभाग से की थी। इसके बावजूद विभाग की ओर से कार्रवाई नहीं हुई। गुरुवार को ढीले तार आपस में टकरा गए, जिससे तेज चिंगारी निकली और वह सीधे खेत में खड़ी गेहूं की फसल पर गिर गई। चिंगारी गिरते ही फसल में आग लग गई और तेज हवा के कारण आग तेजी से फैल गई।

सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक पूरी फसल जलकर नष्ट हो चुकी थी। घटना के बाद किसान अनिल कुमार ने बिजली विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाना में तहरीर दी है।

# पुलिस ने विवादित स्थल की कराई खुदाई

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार:** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के ग्राम ढोरनपुर में बीते मंगलवार को अराजक तत्वों ने ग्राम समाज की सुरक्षित भूमि पर बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी। इससे गांव में दो पक्षों के बीच टकराव की स्थिति बन गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थिति को संभाला और गुरुवार को विवादित स्थल पर खुदाई करवाकर बाउंड्रीवाल का कार्य शुरू करा दिया है, ताकि सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त रखा जा सके।

सूत्रों के अनुसार, रात के अंधेरे में सरकारी जमीन पर कब्जा करने की नीयत से मूर्ति रखी गई थी। हालांकि दो लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल गांव में शांति का माहौल बना हुआ है।


विवादित स्थल की खुदाई करती पुलिस, मौके पर लगी भीड़ • अमृत विचार

तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला ने बताया कि ग्राम सभा की जगह को चिन्हित कर लिया गया है। जमीन को प्रशासन ने अपने कब्जे में ले लिया है। मौके पर खुदाई करवाकर घेराबंदी कराई जा रही है, ताकि भविष्य में कोई दोबारा अतिक्रमण न कर सके। थाना अध्यक्ष मनोज वर्मा ने कहा कि क्षेत्र का माहौल बिगाड़ने की अनुमति किसी को नहीं दी जाएगी। प्रशासन के आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

उधर ढोरनपुर में समय रहते प्रशासन की सक्रियता से बड़ी अनहोनी टल गई।

# कासगंज से दिल्ली चलने वाली ट्रेन का बदलेगा नंबर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** कासगंज से बदायूं होते हुए दिल्ली तक चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन का नंबर आज से बदल जाएगा। इस समय नंबर 14315 है अब 15303 होगा। नए नंबर के साथ चलने वाली ट्रेन जिले के किसी हाल्ट पर नहीं रुकेगी। रेलवे ने ट्रेन के संचालन का शेड्यूल तैयार कर लिया है।

कासगंज से दिल्ली को चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन 14315 है। जिसका सोमवार को बदायूं रेलवे स्टेशन पर उद्घाटन किया गया लेकिन अब उक्त ट्रेन का संचालन और नंबर दोनों बदल जाएंगे। सूत्रों के अनुसार उक्त ट्रेन का नंबर 17 अप्रैल से 15303 होगा। जबकि वापसी में 15304 होगा। रेलवे प्रशासन के अनुसार उक्त ट्रेन 16 अप्रैल से कासगंज से 2.50 बजे चलेगी। सोरों रेलवे स्टेशन पर 3.06 बजे पहुंचेगी। दो मिनट के ठहराव के बाद 3.08 बजे चलेगी। उझानी रेलवे स्टेशन पर 3.35 बजे पहुंचेगी। वहां पर दो मिनट का ठहराव होगा। उसके बाद 3-37 बजे चलकर 3-50 बजे बदायूं रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी। बदायूं स्टेशन पर 5 मिनट का ठहराव होगा। यहां से 3-55 बजे आगे को रवाना हो जाएगी। वापसी में यह ट्रेन 4535 बजे शाम को नई दिल्ली से चलेगी। जो अपने निर्धारित स्टेशनों से होती हुई कासगंज पहुंचेगी। रेलवे सूत्रों ने बताया उक्त ट्रेन में 14 डिब्बे होंगे। ट्रेन में 4 कोच जनरल होंगे जबकि 7 नॉन एसी होंगे। 1 कोच एसी होगा। दो एसएलआरडी होंगे। ट्रेन संचालन का शेड्यूल रेलवे को मिल चुका है। उसी के अनुसार स्थानीय स्टेशन पर पर तैयारियां की गई हैं।


दिल्ली जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन । • अमृत विचार

- 17 अप्रैल से नए नंबर से होगा संचालन, रेलवे ने बनाया शेड्यूल
- 14315 की जगह होगा 15303 नंबर, हाल्ट पर नहीं रुकेगी ट्रेन

### रेलवे स्टेशन पर बंदरों की हो रही मौत, पशु प्रेमी ने कराया इलाज

**बदायूं, अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन पर काफी समय से सैकड़ों की संख्या में बंदर हैं जो अब बीमार होने लगे हैं। पिछले एक सप्ताह में दर्जन भर बंदरों की मौत हो चुकी है। पशु प्रेमी ने कुछ बीमार बंदरों को ले जाकर उनका इलाज भी कराया है। रेलवे कर्मचारी भी बंदरों की मौत से परेशान हैं। शहर में बंदर बड़ी संख्या में हैं। इनमें नगला मंदिर पर हजारों की संख्या में बंदर हैं। जो दिन भर उत्पात मचाते हैं। मंदिर से सौ कदम की दूरी पर ही रेलवे स्टेशन है। रेलवे स्टेशन पर भी सैकड़ों बंदर हैं। लेकिन अब यह बंदर एक बीमारी का शिकार हो रहे हैं। रेलवे कर्मचारियों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह में 11 बंदरों की मौत हो चुकी है इनमें चार छोटे बच्चे थे जबकि 7 बड़े बंदर थे। इन बंदरों को पहले खुजली शुरू हुई उसके बाद शरीर के बाल झड़ गए और फिर दो से तीन दिन में मौत हो गई। बताया कि बंदरों में फैली बीमारी की जानकारी पशु प्रेमी बीकेंद्र शर्मा को दी गई जिस पर उन्होंने दर्जन भर बीमार बंदरों का इलाज कराया। बीकेंद्र शर्मा ने बताया कि स्टेशन से पकड़े गए बंदरों को शहर के लालपुल स्थित पशु चिकित्सालय में पशु चिकित्सक को दिखाया जहां दवा दिलाने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। पशु चिकित्सक डॉ. संजीव कुमार भुइयार ने बताया कि बंदरों में खुजली आम समस्या है लेकिन खुजली से बंदरों की मौत नहीं हो सकती। मौत का कारण कोई अन्य होगा। उन्हें देखने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।


रेलवे स्टेशन पर दीवार पर बैठे बंदर।

चेतावनी | बारिश के चलते हरिद्वार का डैम हुआ फुल, नरौरा से छोड़ा जाएगा पानी

# पहाड़ों पर बारिश से गंगा में बढ़ेगा पानी, बाढ़ खंड ने चेताया

- तटवर्ती इलाकों में होगी दिक्कत किसानों को किया गया सचेत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पहाड़ों पर हो रही बारिश का पानी अब मैदानी इलाकों में आ रहा है जिससे नरौरा बैराज से 15 अप्रैल को गंगा में पानी डिस्चार्ज किया जाएगा। गंगा में पानी छोड़े जाने से उफान की संभावना है। गंगा में पानी आने से उसहैत और कछला क्षेत्र के तटवर्ती इलाकों में पानी भरने की आशंका व्यक्त की जा रही है। बाढ़ खंड ने उक्त जानकारी देते हुए किसानों को सचेत किया है।

पिछले कई दिनों से पहाड़ों पर बारिश हो रही है। बारिश का पानी सीधे हरिद्वार बैराज में आ रहा है। हरिद्वार बैराज में पानी ओवरफ्लो हो रहा है। बैराज में पानी अधिक होने से नरौरा बैराज को पानी छोड़ा गया है। इसलिए नरौरा बैराज में पानी बढ़ रहा है। नरौरा बैराज से 15 अप्रैल को पानी डिस्चार्ज किया जाएगा। नरौरा से पानी छोड़ने के 24 घंटे के बाद गंगा में पानी बढ़ जाएगा। गंगा में उफान आने की संभावना व्यक्त की जा रही है। बाढ़ खंड ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि गंगा में पानी बढ़ने से तटवर्ती क्षेत्रों में पानी भरने की आशंका व्यक्त की जा रही है। इसलिए उसहैत के किसानों को सचेत किया गया है। बाढ़ खंड के अनुसार नरौरा से छोड़ा जाने वाला पानी सहसवान की महावा नदी से होते हुए कछला गंगा में पहुंचेगा। कछला के तटवर्ती इलाकों के किसानों को इसकी जानकारी दी गयी है। उसके आगे हुसैनपुर बांध से पानी होता हुआ उसहैत और अटेना घाट की ओर पहुंचेगा। उसहैत क्षेत्र में पानी से क्षति होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।


उसहैत क्षेत्र में बह रही गंगा नदी। • अमृत विचार

बाढ़ खंड के अनुसार उसहैत आर हुसैनपुर इलाकों में इस समय गंगा किनारे खेतों पालेज तैयार खड़ी है। यदि खेतों में पानी भरता है तो किसानों को भारी क्षति होगी। इसलिए किसानों को सचेत किया गया है। उसहैत के जटा और आस पास के गांवों को इसकी जानकारी दे दी गयी है। साथ ही यह भी बताया गया है कि किसानों को कुछ नुकसान हो सकता है घबराने की जरूरत नही है। छोड़ा गया पानी 24 घंटे में आगे निकल जाएगा ।

### पिछले दिनों भी छोड़ा गया था पानी

पिछले दिनों गंगा में अचानक पानी छोड़ा गया था जिससे उसहैत क्षेत्र में किसानों को नुकसान हुआ था। हालांकि 24 घंटे बाद स्थिति सामान्य हो गयी जिसके बाद ही किसानों ने राहत की सांस ली। कादरचौक और उसावा क्षेत्र के किसानों को भी नुकसान हुआ था। इस क्षेत्र में पालेज की खेती करने वाले सैकड़ों किसानों को नुकसान झेलना पड़ा था इसलिए इस बार बाढ़ खंड ने किसानों को पहले से सचेत किया है।

> इस बार 15 अप्रैल को नरौरा बैराज से पानी छोड़े जाने की संभावना है क्योंकि हरिद्वार बैराज से पानी डिस्चार्ज किया जा चुका है जो नरौरा बैराज में पहुंचने वाला है। इस बार कुछ अधिक पानी आ रहा है लेकिन डरने की जरूरत नही है 24 घंटे में पानी इधर से पास हो जाएगा। गंगा किनारे के कुछ हिस्से में दिक्कत हो सकती है इसकी जानकारी किसानों को दे दी गयी है।
> – **नेशपाल**, सहायक अभियंता, बाढ़ खंड

# रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार घायल

- गंभीर रूप से घायल बाइक सवार को बरेली किया रैफर
- मांस से भरे ई-रिक्शा को पुलिस ने कब्जे में लेकर कर रही जांच

संवाददाता, कुंवर गांव

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के बदायूं आंवला मार्ग स्थित कासिमपुर और ललेई के बीच बृहस्पतिवार की सुबह मांस से लदे ई-रिक्शा ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ ही ई-रिक्शा में रखा मांस भी सड़क पर आ गिरा। हादसा होने पर ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। उन्होंने पुलिस को सूचना देने के बाद उसमें रखे मांस को देकर प्रदर्शन करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल बाइक सवार को जिला अस्पताल भेज दिया। जहां डॉक्टरों ने उसे बरेली रेफर कर दिया। साथ ही विरोध रहे लोगों को शांत कर ई-रिक्शा और उसके चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस मांस का परीक्षण कर रही है।

ई-रिक्शा चालक थाना क्षेत्र के गांव बनेई स्थित मीट विक्रेता की दुकान पर मांस को पहुंचाने जा रहा था। रास्ते में कुंवर गांव की तरफ से बदायूं जा रहा बाइक सवार लालता प्रसाद (40) निवासी टिकुरी को ई-रिक्शा ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप घायल हो गया।

मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। इसी दौरान ई-रिक्शा में काली पॉलिथीन और कपड़े में छुपा लदा मांस पर जब प्रत्यक्षदर्शियों की नजर पड़ी, जिस पर उन्होंने मांस गौवंश का होने के शक जताते हुए रोड पर हंगामा कर दिया। इससे मार्ग पर जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया और घायल को अस्पताल भेजा। जहां से उसे बरेली रैफर कर दिया। पुलिस ने ई-रिक्शा चालक और मीट विक्रेता दिलशाद पुत्र रहीस अहमद को हिरासत में लिया। साथ ही मवेशी डॉक्टर संजीव भुइयार को बुलाकर मांस का परीक्षण कराया । मांस महेश वंशीय पशु का निकला। इसके बाद उसे मांस को छोड़ दिया। लेकिन चालक को हिरासत में रखा है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष राजेश कौशिक ने बताया कि मीट का परीक्षण कराया गया। मांस काले पशु का था।


रोड पर पड़ा बाइक सवार

**अम्बा हैल्थ क्लीनिक**

**डॉ.आर.एस.सिंह**
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)

स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ

30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic

★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।

**चिकित्सा जानकारी**
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

**किसी भी प्रकार का नशा जैसे**
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

**स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं**
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना

वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
19 अप्रैल 2026, रविवार
3 मई 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# गैस सिलेंडर की किल्लत से शादियों में कम हुई मेहमानों की संख्या, मेन्यू घटे

## वर-वधू दोनों पक्षों की बढ़ गईं मुश्किलें, खाना पकाने को नहीं मिल पा रहा सिलेंडर

- **मांगलिक कार्यों को सिलेंडर की मांग करने पूर्ति विभाग में रोजाना आ रहे 10 से 15 आवेदन**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** मांगलिक कार्य की रौनक में रसोई गैस की किल्लत लोगों के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। रसोई गैस की कमी ने न सिर्फ वर-वधू दोनों पक्षों के लिए मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बल्कि मेन्यू और मेहमानों की सूची भी सीमित कर दी है। स्थिति यह है कि सिलेंडर की व्यवस्था न होने पर रोजाना जिला पूर्ति कार्यालय में व्यावसायिक सिलेंडर की मांग के लिए 10 से 15 आवेदन आ रहे हैं। अब तक करीब 150 से अधिक आवेदन पूर्ति विभाग में आ चुके हैं।

सहालग की सीजन के दौरान जिले में प्रतिदिन व्यावसायिक सिलेंडर की मांग सामान्य दिनों की तुलना में 25 से 30 प्रतिशत बढ़ जाती है। लेकिन आपूर्ति में वृद्धि 15 से 20 प्रतिशत से अधिक नहीं हो पाती। वर्तमान में व्यावसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति लगभग 20 प्रतिशत रह गई है। इससे रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत बनी हुई है। कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े राजेश साहू ने बताया कि एक बड़े कार्यक्रम में 20 से 25 सिलेंडरों की आवश्यकता रहती है। लेकिन इस समय 8 से 10 ही सिलेंडर मिल पा रहे हैं।

वहीं जिन घरों में मांगलिक कार्य होने हैं। वह लोग सिलेंडर की मांग कर आपूर्ति विभाग पहुंच कर आवेदन दे रहे हैं। 10 से 15 लोग मांगलिक कार्यों के लिए सिलेंडर की मांग कर आपूर्ति विभाग पहुंच रहे हैं।


सिलेंडर लेने के लिए एजेंसी के बाहर लगी उपभोक्ताओं की लाइन।

### 20 से 25 की जरूरत मिल रहे 8-10 सिलेंडर

सिलेंडर की किल्लत का सीधा शादी के मेन्यू पर पड़ा है। शादी समारोह में जहां पहले 20 से 25 व्यंजन परोसे जाते थे, अब की उनकी संख्या घट गई है। अब 12 से 15 व्यंजन की संख्या को किया जा रहा है। सिलेंडर की मांग लेकर आपूर्ति विभाग पहुंचे कस्बा उसावां के ओमप्रकाश ने कहा इस माह उनकी बेटी की शादी है। पहले उन्होंने विस्तृत मेन्यू तय किया था, लेकिन उसमें आइटम कम कर नई मेन्यू की सूची बनाई जा रही है। इसके लिए मेहमानों की सूची भी सीमित करनी पड़ी है। 20-25 के स्थान पर सिर्फ 8-10 सिलेंडर मिल रहे।

> मांगलिक कार्य के लिए सिलेंडर की मांग करने वालों की संख्या बढ़ी है। रोजाना दस से 15 लोग आ रहे हैं। मांगलिक कार्य के लिए 8 से 10 सिलेंडर की व्यवस्था कराई जा रही है। किसी घर में मांगलिक कार्य न रुके सिलेंडर उपलब्ध कराने के लिए एजेंसी संचालकों को भी निर्देश दे दिए गए हैं।
> **सतीश चंद्र मिश्रा,** जिला पूर्ति अधिकारी

# टिथोनस स्कूल के बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

**बदायूं, अमृत विचार:** सीबीएसई बोर्ड द्वारा बीते बुधवार को दसवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया था। जिसमें टिथोनस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा।

- **सीबीएसई 10वीं के परिणाम रहे बेहतर बच्चों ने दिखाई उत्कृष्टता**

स्कूल प्रधानाचार्य आशीष रस्तोगी ने बताया कि दसवीं के छात्र अग्रिम दीक्षित ने 98.6% अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं संभव भारद्वाज 97.8% अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। अरुष सिंह ने 95.8% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। रुद्रेश कुमार ने 95% तथा हिमांशु चौहान ने 92% अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय की चेयरमैन मधु अग्रवाल और प्रबंध निदेशक शरद बंसल ने छात्रों की इस उपलब्धि को उनकी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं।

# रोजगार सेवकों ने शुरू की बेमियादी हड़ताल


बीडीओ को ज्ञापन देते रोजगार सेवक। ● अमृत विचार

संवाददाता, उसावां

**अमृत विचार :** उसावां ब्लॉक परिसर में ग्राम रोजगार सेवकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें दो साल से लंबित मानदेय और ईपीएफ के भुगतान की मांग की गई है।

ग्राम रोजगार सेवकों का कहना है कि वे पिछले दो वर्षों से अधिक समय से अपने मानदेय और ईपीएफ का इंतजार कर रहे हैं। ग्राम रोजगार सेवकों ने निर्णय लिया है कि जब तक उनका बकाया मानदेय और ईपीएफ का भुगतान नहीं किया जाता, तब तक वे अपने सभी कार्य बंद रखकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। यह ज्ञापन खंड विकास अधिकारी के साथ-साथ जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी उपायुक्त मनरेगा, को भेजा गया है। इस अवसर पर नीलेश कुमार, प्रमोद कुमार, संजीव कुमार, विपिन, अनिल कुमार, जगवीर सिंह, रामवीर, अशोक कुमार, भगवान सिंह, वीरेंद्र सिंह, फिराजुल हसन, विमलेश कुमारी और सत्यवीर सहित कई ग्राम रोजगार सेवक मौजूद रहे।

# बाबा साहब के सपनों को साकार करें

**बिसौली, अमृत विचार :** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत आयोजित विधानसभा की संगोष्ठी कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री डीपी भारती, पूर्व दर्जा मंत्री राममूर्ति लाल, ब्लॉक प्रमुख ओमकृष्ण सागर, जिला महामंत्री जोगेंद्र पटेल ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बाबा साहब के सपनों को साकार कर रही है।

प्रदेश मंत्री ने कहा डबल इंजन की मोदी-योगी सरकार मिलकर बाबा साहब के सपनों को जमीन पर उतारने का काम कर रही है। पूर्व दर्जा मंत्री ने कहा बाबा साहब के विचारों को समाज में उतारने की जरूरत है। ब्लॉक प्रमुख ने कहा बाबा साहब का संविधान सभी को बराबरी का हक देता है। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक मंगतराम वाल्मीकि, सहदेव सागर, अमित पाठक, अमर सिंह, अजय पराशरी, बंटू पाठक आदि रहे।


कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि। ● अमृत विचार

### बिल्सी में आंबेडकर शोभायात्रा निकाली

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर की डा.अम्बेडकर समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में बृहस्पतिवार को डा.भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में यहां महापुरुषों की झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। जिसका मुख्य बाजार में पुष्पों की वर्षा कर लोगों ने स्वागत किया। इस बार महिलाओं ने शोभायात्रा को सफल बनाने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नगर के मोहल्ला संख्या पांच स्थित अम्बेडकर पार्क से दोपहर करीब तीन बजे भंते जी महाराज एवं चेयरमैन ज्ञानदेवी सागर ने शोभायात्रा का शुभारंभ कराया। इसमें विभिन्न झांकियां भी रहीं। इस दौरान ओमप्रकाश सागर, उमेश सागर, जगदीश चंद्र, प्रमोद सागर, तेजेंद्र सागर, नाथूराम भारती, सल्लू जाटव, अरविंद जाटव, अजय अरुण बंगाली, बृजभान सिंह, गौरव सागर, मुकेश चंद्र मौर्य, राजवीर सागर, राजपाल सागर आदि लोगों का विशेष सहयोग रहा।

# मेधावी बच्चों को मेडल देकर किया सम्मानित

**दातागंज , अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय चिर्रा में गुरुवार को शिक्षक चौपाल का आयोजन एवं वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि वेलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक तपन राय समेत उनकी टीम ने पूरे मनोयोग से विद्यालय में अपनी सहभागिता प्रदान की। विद्यालय परिवार द्वारा संकुल के अध्यापकों व मेधावी बच्चों व सत्र में उत्कृष्ट छात्रों को मेडल एवं स्मृति चिन्ह व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

उपस्थिति सभी शिक्षकों, अभिभावकों व बच्चों को ऑर्गेनिक फूड के बारे में जानकारी दी गई। आयोजक राधा शर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अशोक कुमार, दिनेश कुमार सिंह समेत सरपंच एवं अभिभावकों ने भाग लिया ।

# रोजगार सेवकों ने सौंपा ज्ञापन, धरना

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** रोजगार सेवकों ने अपनी मांगों को लेकर ब्लॉक मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा । ज्ञापन में चेतावनी दी गयी है कि उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

ब्लॉक सलारपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में तैनात रोजगार सेवकों ने ब्लॉक मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश सिंह सोलंकी ने बताया कि प्रदेश स्तरीय आवाहन पर प्रत्येक जनपद में रोजगार सेवकों का मानदेय न मिलने के संबंध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में कहा गया कि 20 साल से कार्य कर रहे रोजगार सेवकों को नियमित करने के लिए बार-बार शासन को अवगत कराना पड़ रहा है फिर भी रोजगार सेवकों को कर्मचारियों का का दर्जा नहीं मिल रहा है। उनको पिछले कई महीनों का मानदेय भी नहीं मिला है। इस मौके पर उपदेश, अनमोल, कप्तान, नेत्रपाल, नवाब अहमद, उमेश चंद, पुष्पेंद्र ,धर्मवीर, धीरेंद्र कृष्ण पाल, कौशल, आशिक अली, होते लाल, प्रेमपाल सिंह, राजकुमार ,पन्नालाल, प्रमोद सहित दर्जनों रोजगार सेवक मैजूद रहे।


धरना प्रदर्शन करते रोजगार सेवक ● अमृत विचार

### मनरेगा कर्मचारियों ने किया सामूहिक हड़ताल का ऐलान

**बिल्सी , अमृत विचार :** ग्राम रोजगार सेवकों ( पंचायत मित्र) ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सामूहिक हड़ताल का ऐलान कर दिया है। इस संबंध में विकासखंड अंबियापुर के खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए आज से 25 तक हड़ताल पर रहने की चेतावनी दी गई है। समझौते का पालन नहीं होने के कारण रोजगार सेवक वेलफेयर एसोसिएशन के आह्वान पर जिले के सभी रोजगार सेवक 16 से 25 अप्रैल तक सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे, इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, रवेंद्र पाल, राजीव कुमार, परमानन्द, सुरेंद्र पाल, हेमपाल, शेरबहादुर, भगवान सिंह, शिवचरन, सुरजीत सिंह, कृष्णपाल, डोरीलाल, ब्रजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# जिला विधिक सचिव ने जेल का किया निरीक्षण


जेल में निरीक्षण करती विधिक सचिव।

**बदायूं, अमृत विचार:** जिला विधिक सचिव सुमन तिवारी गुरुवार को कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आधी सजा से अधिक समय व्यतीत कर चुके हैं कैदियों की जानकारी उपलब्ध कराने के आदेश कारागार अधीक्षक को दिए। विधिक सचिव ने कारागार में पाकशाला, बैरिकों का निरीक्षण किया।

# बोर्ड परीक्षा में अंक बढ़ाने को ठग सक्रिय, अभिभावक रहें सावधान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **ठगों से बचने के लिए बोर्ड की ओर से जारी किए गए दिशा-निर्देश**
- **20 अप्रैल के बाद कभी भी आ सकता है हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का रिजल्ट**

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड हाई स्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा के बाद मूल्यांकन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। कॉपियां भी बोर्ड को भेजी जा चुकी है। 20 अप्रैल के बाद किसी भी दिन परिणाम जारी हो सकता है। यूपी बोर्ड रिजल्ट आने की आहट के बीच साइबर ठग छात्रों और अभिभावकों को ठगने सक्रिय हो गए हैं। इन ठगों से बचने के लिए बोर्ड द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों से सावधान रहने की सलाह दी है।

यूपी बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को अपना शिकार बनाने के लिए ठग नंबर बढ़ाने के लिए बच्चों को फोन कॉल कर रुपए मांग रहे हैं। ऐसी स्थिति में माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से कहा गया है कि अंक बढ़ाने को लेकर किसी भी बच्चे को कोई कॉल नहीं की जाती है। यदि कोई फोन कॉल आती है तो उसकी शिकायत पुलिस में करें। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि रिजल्ट घोषित करने की भी तैयारियां चल रही हैं। ऐसे में ठग भी सक्रिय हो गए हैं। यह लोग विद्यार्थियों के मोबाइल पर कॉल कर नंबर बढ़ाने का झांसा दे रहे हैं। बच्चों को अच्छे अंकों का लालच देकर उनसे हजारों रुपये वसूलने के प्रयास कर रहे हैं। ऐसी किसी कॉल आने पर पुलिस में शिकायत दर्ज कराने को कहा गया है।

> हाईस्कूल इंटरमीडिएट का रिजल्ट घोषित करने की तैयारी चल रही है। 20 अप्रैल के बाद कभी भी परिणाम घोषित हो जाएंगे। जिले स्तर पर भी बच्चों को जागरूक किया जा रहा है, जिससे कोई ठगी का शिकार न हो सके।
> **लालजी यादव,** डीआईओएस

# योग कक्षा में सम्मानित किए गए आयुष पाठक


आयुष पाठक को सम्मानित करते लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** ऑडिटोरियम प्रांगण में पतंजलि योग समिति द्वारा नियमित चलने वाली योग कक्षा में गुरुवार को लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले शहर के होनहार आयुष पाठक ने भाग लिया। कक्षा के भीमसेन सागर, डा. आरपी सिंह के साथ अन्य साथियों द्वारा प्रमोद पाठक एवं उनके पुत्र आयुष पाठक का माल्यार्पण कर एवं पटका पहना कर स्वागत व सम्मानित किया गया। अखिलेश चौबे, गिरधारी सिंह राठौर, जुगलकिशोर आदि ने विचार प्रकट किये। आयुष पाठक ने बताया कि बच्चों को ऊंचा सपना देखना चाहिए एवं उसी के लक्ष्य के अनुरूप मेहनत करनी चाहिए। इस अवसर पर सतीश चन्द्र सिंह, नरेशपाल गुप्त, योगेन्द्रपाल, उपदेश सिंह, केसी पाल, आवेश पाल सिंह, संजीव चौहान रामबहादुर सिंह, राजेंद्र सिंह, त्रिवेंद्र कुमार, राकेश बाबू गुप्ता, डा.आर पी सिंह, वीरेन्द्र कुमार सैनी, चन्द्रप्रकाश,लवली चौहान, शारदा यादव, प्रवेश चौहान, शांति, मधुलता एवं चन्द्रवती आदि उपस्थित रहे।

# गन्ने में चोटी बेधक कीट लगने की संभावना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गन्ने की फसल में अंकुर बेधक एवं चोटी बेधक कीट देखा गया है। इस बीमारी को रोकने के लिए गन्ना विभाग ने गन्ना किसानों को कीटनाशक दवा का छिड़काव करने का सुझाव दिया है जिससे गन्ने की फसल निरोगी और स्वस्थ रहे।

गन्ने की फसल में अंकुर बेधक का प्रकोप अप्रैल से जून के बीच अधिक रहता है। इसमें सूड़ी गन्ने के पौधों की ग्रोथ को खाते हुए नीचे की ओर बढ़ती है। जिससे गन्ना सूख जाता है। इसके नियंत्रण के लिए प्रभावित पौधे को खेत से निकाल कर बाहर फेंक दें, जिससे सूड़ी दूसरे पौधे में न लग सके। गन्ना विभाग ने गन्ना किसानों को सुझाव दिया है कि गन्ना बुवाई के 45 दिन के बाद फिप्रोनिल इमिडाक्लोप्रिड अथवा क्लोरेंट्रानिलप्रोल थायोमेथाक्सम को पानी में घोल कर सिंचाई करें, जिससे चोटी वेधक कीट नष्ट हो जाता है। बताया कि इसकी सूड़ी गन्ने की पत्तियों को नुकसान पहुंचा कर गन्ने को सुखा देती है, जिससे गन्ना नष्ट हो जाता है। खेतों में 20 से 30 मीटर की दूरी पर फेरोमोन ट्रैप लगाएं। सहकारी गन्ना समितियों में आवश्यक कीटनाशक उपलब्ध कराए जा रहे हैं। किसानों को यांत्रिक एवं रासायनिक उपाय अपनाने की सलाह दी गयी है। गन्ना विकास विभाग ने सभी चीनी मिलों को निर्देशित किया है कि वह अपने गन्ना किसानों को जागरूक करे।


गन्ने के पत्ते में कीट छेद दिखाता किसान।

## न्यूज डायरी

### सीएचसी पर लगा शिविर: गर्भावस्था में तनाव से बचने के बताए उपाय

**बिल्सी,अमृत विचार :** बृहस्पतिवार को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रधानमंत्री सुरक्षा मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र की करीब 26 गर्भवती महिलाओं का टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ जयश्री शर्मा ने बताया कि कामकाजी महिला भी अपना काम जारी रख सकती हैं। बशर्ते अधिक तनाव लेकर काम करने से बचें, पहली गर्भावस्था के दौरान आहार संतुलित होना चाहिए और इसमें चीनी और चावल के बजाय हरी सब्जियां, अंडे, दूध, फूड, अंकुरित अनाज, फल और मेवे जैसे फूड्स को शामिल करना चाहिए। इस मौके पर डा. चारु वार्ष्णेय, सुमन शर्मा, अमृता पाल आदि मौजूद रही।





### किडनी की बीमारी से जूझ रहे पीड़ित की चेयरमैन ने की मदद

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** कस्बे निवासी एक मासूम किडनी की गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। उसका इलाज बरेली के निजी अस्पताल में चल रहा है। मासूम के लंबे इलाज और महंगे खर्च ने परिवार को आर्थिक संकट में डाल दिया है। ऐसी स्थिति में चेयरमैन ने बीस हजार रुपए की मदद की है। मुख्य चौराहे पर चाय की दुकान चलाने वाले राकेश सैनी के छोटे बेटे सूरज की दोनों किडनियां खराब हो गई हैं। मासूम का बरेली के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति रानी के पति अरविंद रावत पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने बच्चे की हालत की जानकारी ली। साथ ही 20 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी। इस पहल के बाद अब समाजसेवियों ने भी लोगों से अपील की है कि वे अपनी क्षमता के अनुसार सहयोग करें।




### राजकीय महाविद्यालय में नारी शक्ति ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**बदायूं, अमृत विचार :** गुरुवार को राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में नारी शक्ति दीवार की स्थापना एवं हस्ताक्षर अभियान उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. वंदना के नेतृत्व में प्राध्यापकों एवं छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। छात्राओं द्वारा नारी शक्ति दीवार पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण विचारों को अंकित किया गया। यह पहल भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और सशक्त भूमिका को दर्शाती है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ऋषभ भारद्वाज, वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. अर्चना पाण्डेय, डॉ. बृजेश कुमार, डॉ. सतीश कुमार, डॉ. भावना सिंह, डॉ. सरिता गौतम, रोहित कुमार अफसाना खातून, राजीव कुमार पाली एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

### बिसौली क्षेत्र में भवन गणना का प्रशिक्षण शुरू

**बिसौली, अमृत विचार :** कस्बे में भवन गणना हेतु प्रशिक्षण कार्य शुरू हो चुका है। नगर पालिका और तहसील प्रशासन को इसके प्रबंधन की जिम्मेदारी मिली है। गुरुवार को पालिका मीटिंग हॉल में 40 गणनाकारों को प्रशिक्षक प्रवीन कुमार और सोहिल अग्रवाल द्वारा प्रशिक्षण दिया गया, यहां कुल 80 प्रगणक भवन गणना का प्रशिक्षण लेंगे, प्रथम बैच में 40 प्रगणकों ने प्रतिभाग किया। तीन दिन बाद शेष 40 प्रगणकों को प्रशिक्षित कर 21 अप्रैल को कार्यक्रम समाप्त होगा। गणना करने वाली एप्प 22 मई को ओपन हो सकेगी, और जून में कार्य पूर्ण होगा, 6 प्रगणकों पर एक सुपरवाइज़र नियुक्त किया गया है। प्रशिक्षकों ने बताया कि क्षेत्र में गणना से पूर्व एक नजरी नक्शा बनाकर कार्यक्षेत्र बांटकर कार्य निष्पादन किया जाएगा। साथ ही ऑनलाइन किए जाने वाले इस कार्य को एंड्राइड 11 और कम से कम 4 जीबी रैम वाले स्मार्ट फ़ोन चाहिए होंगे। तहसील प्रशासन 20 अप्रैल से ये कार्यक्रम शुरू करेगा, नगर के दो कॉलेजों में अलग अलग तीन बैच होंगे और प्रत्येक में 500 प्रगणक प्रतिभाग करेंगे।



## न्यूज ब्रीफ

### बंटवारे को लेकर दो पक्षों में लाठी-डंडे चले चार घायल

**बिल्सी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव मिर्जापुर सोहरा में बृहस्पतिवार सुबह हिस्सा बंटवारे को लेकर परिवार के दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चल गए। मारपीट की घटना में चार लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। पुलिस ने सभी घायलों को उपचार व मेडिकल परीक्षण के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद गांव में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

### परशुराम जयंती पर रहेंगे कड़े सुरक्षा प्रबंध

**बदायूं, अमृत विचार :** ज़िला मजिस्ट्रेट अवनीश राय ने बताया कि 19 अप्रैल को परशुराम जयन्ती मनाई जाएगी। परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में जिले में महर्षि परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पूजन, सभा, गोष्ठी एवं शोभायात्रा निकाली जायेंगी। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी। इसके लिए मजिस्ट्रेट नामित किए गए हैं। नगर मजिस्ट्रेट शहर में कार्यक्रम शांतिपूर्ण समापन तक स्थिति पर प्रभावी नियंत्रण की दृष्टि रखेंगे।

### महिलाओं को किया जागरूक

**बदायूं अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में गुरुवार को मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को जागरूक किया गया। एसपी सिटी अभिषेक सिंह ने चाइल्ड हेल्पलाइन कनेक्ट करते हुए महिलाओं, बच्चों की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं को उनके अधिकारों, हेल्पलाइन नंबरों और आपात स्थिति में सहायता लेने के तरीकों के बारे में जागरूक किया गया।

### मदरसा संचालक व शिक्षकों पर रिपोर्ट

**ककराला, अमृत विचार :** अलापुर थाना क्षेत्र के कस्बा ककराला स्थित मदरसा एचके पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में देवी देवताओं को लेकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया था। जिस पर विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने ज्ञापन देकर मदरसा संचालक पर कार्रवाई की मांग की थी। परिषद के जिला मंत्री विनय प्रताप सिंह ने तहरीर दी। पुलिस ने मदरसा संचालक ककराला के वार्ड एक निवासी राशिद खान पुत्र हुलासी खान और मदरसा के शिक्षक समेत अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# स्मार्ट मीटर बने उपभोक्ता की समस्या, तीन गुना आ रहा बिल

## उसहैत, बिसौली सहित कई क्षेत्रों में लोगों ने किया हंगामा, मीटर हटाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** विद्युत विभाग द्वारा लगाए गए स्मार्ट मीटर अब उपभोक्ताओं को परेशानी का कारण गए हें। उपभोक्ताओं का दो से तीन गुना बिजली बिल आ रहा है। बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटरों को चेक नहीं कराया जा रहा है। परेशान उपभोक्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। बिजली विभाग द्वारा दो साल से जनपद में स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। अब तक जिले में एक लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। जो अब चालू कर दिये गए हैं। स्मार्ट मीटर चलने के बाद उपभोक्ता ठगे से महसूस कर रहे हैं।

बिसौली में उपभोक्ताओं का आरोप है कि प्रीपेड मीटर रिचार्ज कराने के बाद बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। कई उपभोक्ताओं का



मकान पर लगा स्मार्ट मीटर।

कहना है कि हर माह लगभग 5 हजार रुपये तक का रिचार्ज कराने के बावजूद उनके विद्युत खातों में नेगेटिव बैलेंस की समस्या आ रही है, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है।

उपभोक्ता रमेश, अनुज, नेम, मुकेश लीलावती, कल्लू, बाबु, भूरे, कामिल और रिहाना आदि ने आरोप लगाया कि नियमित रूप रिचार्ज कराने के बाद भी खाते में बैलेंस दिखाकर बिजली आपूर्ति अवरुद्ध कर दी जाती है। ऐसे उपभोक्ता प्रीपेड मीटर संकट जूझ रहे हैं। कस्बे के लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग के कर्मचारी और अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिसके कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। उपभोक्ताओं में गहरा असंतोष व्याप्त है।

उपभोक्ताओं का कहना है कि लगातार विद्युत अधिकारियों से शिकायत करते हैं, लेकिन न तो उनके फोन उठाए जाते हैं और न ही समस्या का कोई समाधान किया जाता है। उधर सहसवान बिल्सी और उसहैत उझानी क्षेत्र से भी स्मार्ट मीटर को लेकर हंगामा हो चुका है।

### रिचार्ज कराने के बाद भी नहीं मिल रही सप्लाई

जनपद में कुछ स्थानों से प्रीपेड मीटर में बैलेंस होने के बाद भी सप्लाई नहीं आने की शिकायत मिल रही हैं। बैलेंस खत्म होने पर अगले दिन रिचार्ज कराने पर भी बिजली सप्लाई नहीं दी जाती है। दो दो दिन लोग परेशान हो रहे हैं। गर्मियों में विभाग की मनमानी से उपभोक्ताओं को नई समस्या से जूझना पड़ रहा है। इस पर विभाग कुछ बोलने को तैयार नहीं है।

- **बिजली विभाग पर मीटर चेक नहीं कराने का आरोप, उपभोक्ता परेशान**

> विभाग जबरन स्मार्ट मीटर नहीं लगा रहा है। यदि उपभोक्ता चाहे तो लगवाए। इसके लिए दबाव नहीं बनाया जा रहा है। अभी तक एक लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। अब कुछ जगहों से विरोध की सूचना है। हालांकि प्रीपेड स्मार्ट मीटर से उपभोक्ता को ही फायदा है।
> – **चंद्रशेखर कुमार** – अधीक्षण अभियंता



छात्राओं को जागरूक करती पुलिस। ● अमृत विचार

# मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया जागरूक

संवाददाता, कुंवर गांव

**अमृत विचार :** गुरुवार को मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत पंडित जवाहरलाल नेहरू जिला पंचायत इंटर कॉलेज, में महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूकता बैठक आयोजित की गई।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं नशा मुक्ति भारत अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बालिकाओं को उनकी सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूक किया और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी कार्यक्रम में कांस्टेबल मीना देवी, नीलम सक्सेना एवं मंजू द्वारा लोगों को जागरूक किया गया।

# शीला ने प्रेमी के साथ मिलकर की थी पति की हत्या


**संभल, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव भिरावटी में किसान नरेशपाल की हत्या का पुलिस ने 24 घंटे में कर दिया है। नरेश की हत्या उसकी पत्नी शीला और समधी ने गला दबाकर की थी। मृतक की पत्नी और समधी के बीच कई वर्षों से प्रेम संबंध थे। नरेश इसका विरोध करता था। इसी से नाराज होकर दोनों ने नरेश की हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। पुलिस पूछताछ में महिला और उसके प्रेमी ने हत्या करना स्वीकार कर लिया है। तहसील गुन्नौर के थाना धनारी क्षेत्र अंतर्गत गांव भिरावटी निवासी 45 वर्षीय किसान नरेश का शव बुधवार सुबह खेत में मिला था, जहां वह फसल की रखवाली के लिए सो रहा था। बुधवार सुबह परिजनों ने उसे मृत अवस्था में देखा। नरेश की पत्नी शीला ने अपने चचेरे देवर सहित अन्य लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। लेकिन पुलिस ने जब मामले की गहनता से जांच की और ग्रामीणों से पूछताछ की, तो कहानी पूरी तरह बदल गई।

# सांसद धर्मेंद्र यादव ने संसद में किया बिल का विरोध

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के नेता, मुख्य सचेतक तथा सांसद धर्मेन्द्र यादव ने गुरुवार को संसद में संविधान संशोधन बिल, परिसीमन बिल तथा संघ राज्य बिल का संवैधानिक आधार पर पुरजोर विरोध किया।

धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि इन तीनों बिलों के माध्यम से केंद्र सरकार संविधान को तोड़ना, मरोड़ना और फोड़ना चाहती है। सरकार द्वारा परिसीमन को जनगणना से अलग किया जा रहा है। यह संविधान की भावनाओं से बिल्कुल अलग है, जिस तरह से महिला बिल की चाशनी के नाम पर जो हाल कश्मीर तथा आसाम का हुआ है वही हाल पूरे देश का करने की साजिश है। इस बिल में जब तक पिछड़े तथा मुस्लिम



सांसद धर्मेन्द्र यादव।

वर्गों की महिलाओं को स्थान नहीं मिलेगा समाजवादी पार्टी इसका पूरी शक्ति से विरोध करती रहेगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं की असली हितैषी समाजवादी पार्टी है। संविधान संशोधन बिल, परिसीमन बिल तथा केंद्र राज्य संशोधन बिल को तुरंत वापस लिया जाए तथा सदन द्वारा 2023 में लागू महिला बिल का पालन किया लाए।

# महिलाओं की भागीदारी से विकास को मिलेगा नया आयाम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान के अंतर्गत सहसवान ब्लॉक में आयोजित सम्मेलन में जिला अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख कीर्ति यादव, पूर्व चेयरमैन दीपमाला गोयल, समाज सेविका सविता मालपडी ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से विकास को नया आयाम मिलेगा।

जिलाध्यक्ष ने कहा देश में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए जो ऐतिहासिक कदम उठाए जा रहे हैं, वे आने वाले भारत की मजबूत नींव रखेंगे। लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त करेगा। ब्लॉक प्रमुख ने कहा केंद्र सरकार की योजनाओं ने महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए हैं। इस अवसर राजवाला, बबली शर्मा, साध्वी माहेश्वरी, नीलम माहेश्वरी, मोरश्री गुप्ता, शिवानी अग्रवाल, सीमा यादव, नन्ही यादव, बबलेश ओमवती यादव, सीमा, भारती आदि महाशक्ति उपस्थित रही।




नारी शक्ति को संबोधित करते जिला अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता। ● अमृत विचार



महिलाओं को संबोधित करती वर्षा यादव। ● अमृत विचार

### नारी शक्ति बंदन में महिलाओं ने किया प्रतिभाग

बदायूं, अमृत विचार : नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान के अंतर्गत महिला सम्मेलन को मुख्य अतिथि, जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव ने कहा कि आज महिलाएं सशक्त बन रही हैं। कार्यक्रम में मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। सभी ने एकजुट होकर नारी सशक्तिकरण के इस ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत किया।

### सम्मान और अधिकारों को समर्पित है यह अधिनियम

बदायूं, अमृत विचार : नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान के अंतर्गत डाइट ऑडिटोरियम में आयोजित शेखूपुर विधानसभा के सम्मेलन में राज्य महिला आयोग सदस्य पुष्पा पांडेय, पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य ने संबोधित किया। कार्यक्रम के उपरांत महिलाओं द्वारा एक भव्य मानव श्रृंखला का आयोजन भी किया। महिला आयोग सदस्य ने कहा एक महिला होने के नाते वह इस ऐतिहासिक क्षण को गर्व के साथ देख रही हैं, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति को सशक्त बनाने के लिए ठोस और निर्णायक कदम उठाए जा रहे हैं। लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान महिलाओं को नई दिशा देगा। पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य ने कहा नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने वाला कदम है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सीमा राठौर, जिला मंत्री आरती कश्यप, राजवती वर्मा, सलोनी पाठक, प्रतिभा गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त किये।

# तत्कालीन थाना प्रभारी सहित 19 पुलिस कर्मियों को कोर्ट ने जारी किया नोटिस

संवाददाता, कुंवरगांव

- **2024 में बांकेलाल की गर्दन काटकर दी गई थी हत्या**
- **आरोपियों को पकड़वाने वाले को ही पुलिस ने किया गिरफ्तार**

**अमृत विचार:** प्रयागराज उच्च न्यायालय ने थाना कुंवरगांव के तत्कालीन प्रभारी इंद्र कुमार सहित 19 पुलिसकर्मियों के खिलाफ नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने पुलिसकर्मियों से तीन सप्ताह के अंदर हलफनामा दाखिल करने को कहा है। कोर्ट की ओर से दो साल पूर्व हुई एक हत्या के मामले में दाखिल हुए वाद के बाद नोटिस जारी किया है।

पूरा मामला 9 फरवरी 2024 की रात है। थाना क्षेत्र के गांव बिहारी गौंटिया निवासी बांकेलाल की गर्दन काटकर हत्या कर दी गई थी। उनका शव ट्यूबेल पर पड़ा मिला था। इसके बाद मृतक बांकेलाल के भाई ने गांव के चार लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

जिसमें तत्कालीन थाना प्रभारी इंद्र कुमार ने भैंसामई निवासी फाजिल और पूजा नाम की महिला को गिरफ्तार किया था। दोनों को पकड़वाने में गुड्डू ने मदद की तो फाजिल और पूजा दोनों गुड्डू से रंजिश मान बैठे। उन्होंने गुड्डू को हत्या में फंसाने के लिए झूठी कहानी गढी। जिस पर पुलिस ने गुड्डू को गिरफ्तार कर शेखूपुर चौकी ले जाकर मारपीट की। साथ ही उसे छोड़ने के लिए सौदेबाजी की गई। 12 लाख में सौदा होने के बाद पुलिस ने गुड्डू को छोड़ दिया। छूटने की बाद पीड़ित गुड्डू ने पुलिस के आला अधिकारियों से शिकायत की लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई।

इसके बाद उसके द्वारा हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी। इसी प्रकरण में उच्च न्यायालय ने नौ अप्रैल को सुनवाई करते हुए तत्कालीन थाना प्रभारी सहित 19 पुलिस कर्मियों को नोटिस जारी किया है। इस प्रकरण की अगली सुनवाई 22 मई को होनी है। नोटिस जारी होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।


## आवश्यकता है

- नर्स ANM/GNM
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया/कैंटीन कुक/कैंटीन हेल्पर
- वार्ड बॉय/वार्ड आया

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली

मो. +91-8077808309, 9837357497


# युद्ध और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए तैयार रहें युवा

संवाददाता, उझानी,

**अमृत विचार:** अयोध्या प्रसाद मेमोरियल पीजी कॉलेज में भारत स्काउट गाइड के तत्वावधान में चल रहे रोवर-रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन प्रतिभागियों को तंबू निर्माण, विभिन्न प्रकार के गैजेट्स तैयार करना, बिना बर्तन भोजन बनाना तथा खोज के चिन्हों के अलावा शिविरार्थियों को आपात परिस्थितियों में लोगों की सहायता और उपचार करने की ट्रेनिंग दी गई।

पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में युद्ध और प्राकृतिक आपदाओं जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए युवाओं का प्रशिक्षित और सजग होना अत्यंत आवश्यक है।



रस्सी के सहारे एक स्थान पर दूसरे स्थान ले जाने का प्रशिक्षण देते ट्रेनिंग कमिश्नर।

स्काउटिंग ऐसी परिस्थितियों में संयम, सेवा और साहस का मार्ग दिखाती है। प्राचार्य डा. प्रशांत वशिष्ठ ने कहा कि स्काउटिंग युवाओं में समाज सेवा, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास करती है। चीफ प्रॉक्टर डॉ. त्रिवेन्द्र कुमार सिंह ने स्काउट ध्वज फहराया। इस अवसर पर प्रोफेसर शिशुपाल सिंह, आदर्श, दौलत राम, राम कुमार, आदेश, संजीव कुमार, सौरभ शुक्ला, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

# मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त युवक गिरफ्तार

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार:** बिनावर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त युवक को गांव से किया गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक से पुलिस पूछताछ कर रही है।

थाना पुलिस को मुखबिर के द्वारा सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के गांव उसैता में एक युवक मादक पदार्थ की तस्करी में लगा है। सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी कर कर गांव निवासी आरिफ नाम के युवक को थैला सहित गिरफ्तार कर लिया। चर्चा है कि मामला दिन में होने के कारण पुलिस को देखकर गांव के लोग घबरा गए। पुलिस युवक को गिरफ्तार करके थाने ले आई। जहां उससे पूछताछ की गई।



पुलिस हिरासत में आरोपी।

पकड़े गए युवक ने मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त कुछ लोगों के नाम उजागर किए हैं। युवक के द्वारा जिस व्यक्ति ने मादक पदार्थ खरीदा था फिलहाल पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। थाना प्रभारी अरिहंत कुमार सिद्धार्थ ने बताया मुखबिर की सूचना पर युवक को पकड़ा था। उसके पास एक किलो अफीम मिली है।

**रोगों की रोकथाम** | तालाबों में पनप रहा मच्छर का लार्वा, संक्रामक रोगों का खतरा

# तालाबों में गंबूसिया मछली डालने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **गंबूसिया मछली खरीद कर तालाबों में डालेगा मलेरिया विभाग**
- **विभाग ने काई वाले 78 तालाबों को किया चिहिंत, समरेर व दातागंज में ज्यादा है तालाब**

**अमृत विचार :** तालाबों में मच्छर का लार्वा नष्ट करने को मलेरिया विभाग काई वाले तालाबों में गंबूसिया मछली डालेगा। जिससे यह मछली मच्छर के लार्वा को नष्ट कर देगी और आसपास कहीं पर भी मच्छर नहीं पनपेंगे। जिसके बाद संक्रामक बीमारियां नहीं फैलेंगी।

गर्मी के दिनों में हर साल मच्छर बड़ी संख्या में फैलते हैं जिससे संक्रामक बीमारियां फैलती हैं। संक्रामक रोगों की रोकथाम को मलेरिया विभाग गांव गांव सफाई अभियान चलाता है। इसमें ग्राम पंचायतों को भी जिम्मेदारी दी जाती है। संक्रामक रोगों की रोकथाम को मच्छरों का लार्वा नष्ट करने को मलेरिया विभाग काई वाले तालाबों को चिन्हित करता है। जिससे उसमें मच्छरों का लार्वा नष्ट किया जा सके। इस बार जिला मलेरिया अधिकारी ने जनपद मे करीब 78 काई वाले तालाबों को चिन्हित किया है जिनमें गंबूसिया मच्छली डाली जाएगी। विभाग के अनुसार ब्लॉक समरेर और दातागंज में ऐसे दो दर्जन से अधिक तालाब हैं जिनमें काई और भारी गंदगी के चलते मच्छर पनपते हैं। इन सभी तालाबों में गंबूसिया मछली डाली जाएगी।



तालाब में जमी काई। ● अमृत विचार

### आठ हजार गंबूसिया मछली खरीदेगा विभाग

मलेरिया विभाग हर साल सात से आठ हजार गंबूसिया मछली खरीदता है, जो दूषित पानी वाले तालाबों में डाली जाती है। इस बार भी मई के प्रथम सप्ताह में गंबूसिया मछली डाली जाएगी। विभाग की ओर से कहा गया है कि मच्छर पनपने से पहले ही मछली छोड दी जाएगी, जिससे मच्छर का लार्वा नहीं पनपेगा। ग्राम पंचायतों को गांव गांव सफाई कराने के निर्देश दिए गए हैं नाली नालों में मच्छर नाशक दवा का छिड़काव शुरू कर दिया गया है।

# पांचवे दिन भी नहीं मिले गंगा में डूबे दोनों बच्चे

**उसहैत, अमृत विचार :** थाना उसहैत के ग्राम खजुरा नगला निवासी जमादार के डूबे दोनो बेटे केशव व गुड्डू की खोज को लेकर थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह लगातार एसडीआरएफ एवं स्थानीय गोताखोरों की मदद से गंगा में तलाशी अभियान चला रहे हैं। गुरुवार को करीब 40 सदस्यों के साथ पांचवें दिन भी स्पीड बोट में बैठ कर गंगा में बच्चों की खोज करने उतर गए। एसडीआरएफ की टीम के साथ वह गंगा तट पर डटे रहे। पांचवे दिन भी गंगा में 40 किमी तक खोजबीन की। लगातार एसडीआरएफ एवं स्थानीय गोताखोरों की मदद से गंगा में तलाशी अभियान चला रहे हैं। लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। बच्चों के परिजनों का बुरा हाल है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें 9756905552, 8445507002

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र आफाक आयु 30 वर्ष व पुत्रवधु सोनम आयु 28 वर्ष को उसके गलत व्यवहार व आचरण के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरे पुत्र व पुत्रवधु से अब मेरे व मेरे परिवार के किसी सदस्य से उनका कोई संबंध व सरोकार नहीं होगा। **नूर मुहम्मद पुत्र रफीक निवासी मोहल्ला पठान टोला थाना सहसवान जिला बदायूं।**

**NOTICE**

I Balraj Singh, son of Jarnail Singh, resident of Kishanpur Padri, Banda, Shahjahanpur, Uttar Pradesh 242042 have change my name to Balraj Singh Thind. In the future, I should be known by this name.

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र सोनू अल्वी व पुत्रवधू भूरी के गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारा उनसे कोई वास्ता नहीं होगा। **यासमीन पत्नी साबिर अली व साबिर अली पुत्र स्व. विलायत शाह निवासी जोगी नवादा निकट शाह नूरी मस्जिद थाना बारादरी जिला बरेली।**

**सूचना**

मैं अपने पुत्र आकाश व उसकी दोस्त मंजू के गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार व बिना मेरी व मेरे परिवार के सहमति के शादी कर रहे हैं, इस लिए मैं इन दोनों से सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ, इन दोनों का मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों से कोई सरोकार वास्ता नहीं होगा। **सुभाष चन्द्र पुत्र स्व. उदल सिंह पता-हवाई अड्डा गेट, गायत्री नगर, इज्जतनगर बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### श्रमिकों से मिलने आज नोएडा जाएगा सपा प्रतिनिधिमंडल

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल शनिवार 17 अप्रैल को नोएडा गौतमबुद्धनगर जायेगा। पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए लाठी चार्ज प्रकरण की जानकारी लेने श्रमिकों, मजदूरों एवं उनके परिवार से मिलने के लिए प्रतिनिधिमंडल के लोग श्रमिकों के पास पहुंचेंगे। नोएडा में 10 हजार से 11 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन पर 10-12 घंटे नौकरी करने वाले मजदूरों और श्रमिकों साप्ताहिक अवकाश न मिलने पर शांति प्रदर्शन किया जा रहा था। वेतन बढ़ाने और अतिरिक्त काम के एवज में ओवरटाइम की मांग कर रहे थे। नोएडा फेस-2 में मदरसन इंडिया लिमिटेड के प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों पर स्थानीय प्रशासन और पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज किया गया। प्रतिनिधिमंडल में माता प्रसाद पांडेय, शाहिद मंजूर, कमाल अख्तर, अतुल प्रधान, पंकज कुमार मलिक, राज कुमार भाटी, सुधीर भाटी, आश्रय गुप्ता, शशांक यादव, फकीर चन्द्र नागर, वीर सिंह यादव विशेष आमंत्रित सदस्य सुनील चौधरी पूर्व प्रत्याशी नोएडा शामिल हैं।

### अटल विद्यालयों के 93.15 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण

**अमृत विचार, लखनऊ :** निर्माण श्रमिकों और वंचित वर्ग के बच्चों के लिए संचालित अटल आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों पहली ही सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा में इतिहास रच दिया है। प्रदेश के इन विद्यालयों का कुल परीक्षा परिणाम 93 .15 फीसदी रहा, जो इस नई शैक्षिक पहल की सफलता को दर्शाता है। विद्यालयों की मेधा सूची में आजमगढ़ के संगम यादव ने 97 .6 फीसदी अंक के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष 2,178 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी, जिनमें से अधिकांश सफल रहे। खास बात यह रही कि वाराणसी और प्रयागराज के अटल आवासीय विद्यालयों ने 100 फीसदी परिणाम हासिल कर उत्कृष्टता का नया मानदंड स्थापित किया। मेधा सूची में वाराणसी के हर्ष कुशवाहा 97 .2 फीसदी अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि प्रयागराज के हर्षित ने 95 .8 फीसदी अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। आगरा के गणेश ( 95 .4प्रतिशत) और मुरादाबाद के उदय प्रताप ( 95 प्रतिशत) भी शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में शामिल रहे।

### परिषदीय विद्यालयों में नारी शक्ति वंदन अभियान शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में "नारी शक्ति वंदन" अभियान की शुरुआत की गई है। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की भागीदारी बढ़ाना, निर्णय प्रक्रिया में उनकी भूमिका मजबूत करना और लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है। अभियान के पहले दिन "नारी शक्ति सम्मान" कार्यक्रम आयोजित कर 70 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति वाली छात्राओं के अभिभावकों को सम्मानित किया गया। साथ ही छात्राओं और महिला शिक्षकों ने मानव श्रृंखला बनाकर जागरूकता का संदेश दिया। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि यह अभियान बालिकाओं में आत्मविश्वास, सुरक्षा की भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करेगा। 17 अप्रैल को आत्मरक्षा प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और समाज सेवा गतिविधियां होंगी, जबकि 20 अप्रैल को वाद-विवाद, निबंध, कविता और पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। अधिकारियों को कार्यक्रमों के पारदर्शी व प्रभावी आयोजन के निर्देश दिए गए हैं।

# भाजपा सरकार आई तो बंगाल की सड़कों पर झाड़ू लगाएंगे माफिया और मौलाना : योगी

## मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल की तीन चुनावी सभाओं में तृणमूल कांग्रेस समेत विपक्ष पर साधा निशाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/प.बंगाल



पश्चिम बंगाल के बोलपुर में आयोजित जनसभा के दौरान मंच से भाजपा नेताओं के साथ एकजुटता प्रदर्शित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल के बाराबनी, रामपुरहाट और बोलपुर में आयोजित तीन बड़ी जनसभाओं में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), कांग्रेस और वाम दलों पर तीखा हमला बोला। भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में वोट मांगते हुए उन्होंने कहा कि यदि बंगाल में भाजपा की सरकार बनी, तो गुंडे, माफिया और अराजक तत्व बने मौलाना सड़कों पर झाड़ू लगाते नजर आएंगे।

तीनों जनसभाओं में भारी भीड़ उमड़ी और लोग मुख्यमंत्री योगी की एक झलक पाने के लिए छतों और पेड़ों तक पर चढ़े दिखाई दिए। योगी ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे भयमुक्त होकर मतदान करें और डबल इंजन सरकार बनाकर टीएमसी का सूपड़ा साफ कर दें। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि टीएमसी शासन में बंगाल "सैंड, कोल और लैंड माफिया" का अड्डा बन गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र से आने वाला विकास का पैसा भ्रष्टाचार में खत्म हो जाता है।

**सांस्कृतिक पहचान बनाम 'क्राइम कैपिटल' का मुद्दा :** योगी ने कहा कि ममता बनर्जी के नेतृत्व में राज्य अपनी पहचान खो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान शासन में त्योहारों, परंपराओं और सामाजिक समरसता पर असर पड़ा है।

- एक झलक पाने को उमड़े लोग सीएम बोले- भाजपा साफ करेगी तृणमूल का सूपड़ा

**भाजपा की गारंटी, न गो माता कटेगी न हिंदू बंटेगा :** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में माफियाओं पर बुलडोजर कार्रवाई से व्यवस्था सुधरी है और यही मॉडल बंगाल में भी लागू किया जाएगा। भाजपा की गारंटी दोहराते हुए कहा कि 'गोमाता की रक्षा होगी और हिंदू समाज को बांटने नहीं दिया जाएगा।

**बांग्ला में बात कर योगी ने जीता दिल :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल की जनसभाओं में उपस्थित जनसमूह से बांग्ला में संवाद कर उनका दिल जीत लिया। रामपुरहाट व बोलपुर में मुख्यमंत्री ने मतदाताओं से कहा कि आप सबको भाजपा प्रत्याशियों को भारी मतों से जिताना है। अपना आशीर्वाद देना है। इसलिए अब मैं जो कहूंगा, आप लोग उसका जवाब दीजिएगा। फिर सीएम ने कहा, ऑन्धकार हटबे (अंधकार हटेगा)। जनता ने उत्तर दिया- सूरोज उठेबे, कोमोल खिलबे (सूरज उगेगा-कमल खिलेगा)। मुख्यमंत्री ने आगे कहा, पलटानो दोरकार (परिवर्तन की जरूरत है), जनता ने उत्तर दिया- चाई बीजेपी सोरकार (चाहिए भाजपा सरकार)। सीएम ने जब "आमार सोनार बांग्ला, टीएमसी मुक्तो बांग्ला (हमारा सोने जैसा बंगाल, टीएमसी मुक्त बंगाल)" कहा तो उपस्थित जनसमूह ने भी दोनों हाथ उठाकर इसे कई बार दोहराया।

### जनता दर्शन में योगी बोले- घबराइए मत, इलाज में नहीं आएगी बाधा

**अमृत विचार, लखनऊ/गोरखपुर :** योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में संवेदनशीलता दिखाते हुए श्रावस्ती से आई एक महिला को उसके बीमार बच्चे के इलाज का भरोसा दिया। महिला ने सहायता की गुहार लगाई, जिस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत आयुष्मान भारत योजना के तहत कार्ड की जानकारी ली। कार्ड न बनने पर उन्होंने आश्वासन दिया कि इलाज में कोई बाधा नहीं आएगी और अधिकारियों को तत्काल आयुष्मान कार्ड बनवाने, इलाज का इस्टीमेट तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए। साथ ही विवेकाधीन कोष से मदद का भी भरोसा दिया। जनता दर्शन में करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनी गईं। गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध और निष्पक्ष निस्तारण करने के निर्देश दिए। जमीन कब्जे और अपराध से जुड़े मामलों में सख्ती बरतने को कहा। इस दौरान उन्होंने बच्चों से स्नेहपूर्वक बातचीत कर उन्हें चॉकलेट भी दी।

# धार्मिक पर्यटन के लिए करोड़ों रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नैमिषारण्य-दधीचि तीर्थ के साथ औरैया-अमरोहा में मिलेगी पर्यटन को रफ्तार
- सीतापुर में 99 लाख, औरैया में 278 लाख व अमरोहा में 337 लाख रुपये मंजूर

**अमृत विचार :** राज्य सरकार धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बड़े स्तर पर निवेश कर रही है। इसी कड़ी में सीतापुर के मिश्रिख स्थित महर्षि दधीचि तीर्थ के विकास के साथ-साथ औरैया व अमरोहा जिलों में भी करोड़ों रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं।

सीतापुर में महर्षि दधीचि की तपोभूमि के विकास के लिए 99.14 लाख रुपये की परियोजना पर काम शुरू हो गया है। पहली किस्त के रूप में 74 लाख रुपये जारी किए जा चुके हैं। इस योजना के तहत यात्री शेड, चेंज रूम, भव्य प्रवेश द्वार, प्रकाश व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। सरकार का लक्ष्य नैमिषारण्य को विश्वस्तरीय धार्मिक-पर्यटन हब के रूप में स्थापित करना है।

उधर, कानपुर मंडल के औरैया जिले में भी पर्यटन विकास के लिए 278 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से दिबियापुर के सेहुद धाम हनुमान मंदिर, विधूना के दुर्वासा आश्रम और सहार क्षेत्र के गंगा बाबा स्थल का विकास किया जाएगा।

इसी तरह मुरादाबाद मंडल के अमरोहा में पांच परियोजनाओं के लिए 337 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इनमें बाबा लालचंद मंदिर, धुने वाले बाबा शिव मंदिर, प्रज्ञा बुद्ध विहार, डिडौली शिव मंदिर और चामुंडा देवी मंदिर का विकास शामिल है। इन सभी कार्यों के लिए यूपीएसटीडीसी को कार्यदायी संस्था बनाया गया है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि इन परियोजनाओं से न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

### अनुशासनहीनता में मऊ के एसडीओ निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** भ्रष्टाचार और अनुशासनहीनता के मामले में मऊ जिले के एसडीओ अमित कुमार को निलंबित कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक आपत्तिजनक वीडियो के मामले में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सख्त रुख अपनाते हुए तत्काल कार्रवाई कराई है। मंत्री ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक शंभू कुमार से बात कर पूरे प्रकरण की गहन जांच कराने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बाद एमडी ने उपखंड अधिकारी (एसडीओ) अमित कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया और विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। मुख्य अभियंता, आजमगढ़ ने भी पुष्टि की कि मऊ डिवीजन प्रथम में तैनात एसडीओ के खिलाफ वायरल वीडियो को लेकर यह कार्रवाई की गई है।

# खनन कार्यों में लापरवाही पर कार्रवाई के आदेश

## मंडलायुक्त की रिपोर्ट के आधार पर सात अधिकारियों-कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में खनन कार्यों में लापरवाही बरतने वाले सात अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई के आदेश जारी किए गए हैं। इनमें चार ज्येष्ठ खान अधिकारी भी शामिल हैं। यह कार्रवाई मिर्जापुर मंडलायुक्त की रिपोर्ट और संस्तुति के आधार पर की गई है।

कार्रवाई की जद में आए अधिकारियों-कर्मचारियों में महबूब, जेपी द्विवेदी, कमलेश कुमार राय, आशीष कुमार, चन्द्र प्रकाश तिवारी, कमला शंकर उपाध्याय और सुनील कुमार शामिल हैं, जो उस समय सोनभद्र जिले में तैनात थे।

- राजस्व हानि के मामले में बड़ा कदम, समयबद्ध खदान संचालन के निर्देश

भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की सचिव एवं निदेशक माला श्रीवास्तव ने बताया कि यह कार्रवाई वर्ष 2017 में आवंटित चूना पत्थर की खदान के संचालन में गंभीर लापरवाही के मामले में की गई है। नियमानुसार खदान का संचालन वर्ष 2019 तक शुरू होना था, लेकिन संबंधित अधिकारियों ने समयबद्ध तरीके से कार्य नहीं किया। साथ ही, समयसीमा विस्तार के लिए जरूरी प्रस्ताव भी समय पर शासन को नहीं भेजे गए, जिससे खदान संचालन बाधित रहा और राजस्व की संभावित हानि हुई।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि खनन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार की प्राथमिकता है कि खदानों का संचालन पूरी पारदर्शिता और नियमों के तहत समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, ताकि राजस्व में वृद्धि हो और संसाधनों का सही उपयोग हो सके।

### गैरहाजिर आईएएस समीर वर्मा पर कसा शिकंजा

**अमृत विचार, लखनऊ :** वर्ष 2002 बैच के आईएएस अधिकारी समीर वर्मा की लंबे समय से गैरहाजिरी पर शासन ने सख्ती दिखाते हुए विभागीय जांच शुरू कर दी है। उन्हें 8 अक्टूबर 2025 को नियोजन विभाग में सचिव पद पर तैनाती दी गई थी, लेकिन उन्होंने अब तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रमुख सचिव अनिल गर्ग को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। बताया जा रहा है कि समीर वर्मा ने स्टडी लीव के लिए आवेदन किया था, जिसे मंजूरी नहीं मिली, इसके बावजूद वे ड्यूटी पर नहीं लौटे। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। उल्लेखनीय है कि समीर वर्मा पहले भी स्टांप एवं पंजीयन विभाग में तबादला विवाद को लेकर चर्चा में रहे हैं, जिसके बाद उन्हें पद से हटाकर प्रतीक्षारत कर दिया गया था।

# नोएडा हिंसा मामले में सामने आया पाकिस्तान कनेक्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/नोएडा

- पुलिस कमिश्नर का खुलासा पाकिस्तान से संचालित दो एक्स हैंडलरों पर रिपोर्ट दर्ज
- मामले में 662 गिरफ्तारियां पुलिस की सख्ती से धीरे-धीरे सुधर रहे हालात

**अमृत विचार:** नोएडा के औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों के प्रदर्शन के दौरान भड़की हिंसा अब बड़े साजिशी एंगल की ओर इशारा कर रही है। जांच में सामने आया है कि इस पूरे बवाल को भड़काने में पाकिस्तान से संचालित सोशल मीडिया हैंडल्स की भूमिका रही है। पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए विदेशी कनेक्शन की जांच तेज कर दी है।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने खुलासा किया कि पाकिस्तान से संचालित दो एक्स (ट्विटर) हैंडल्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अब तक कुल 13 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं और 662 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का मानना है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए सुनियोजित तरीके से माहौल को भड़काया गया। जांच में यह भी सामने आया है कि वेतन वृद्धि की मांग को लेकर शुरू हुआ आंदोलन अचानक हिंसक हो गया। इसकी चिंगारी तेलंगाना और कर्नाटक से संचालित व्हाट्सऐप ग्रुपों के जरिए फैली। कई संगठनों ने इन ग्रुपों का इस्तेमाल कर श्रमिकों को उकसाने का प्रयास किया। इसके अलावा टेलीग्राम चैनलों के माध्यम से भी अफवाहें फैलाकर स्थिति को बिगाड़ा गया।

पूरे मामले की जांच कर रही एसटीएफ अब तक 500 से अधिक वीडियो फुटेज खंगाल चुकी है। इन वीडियो के आधार पर हिंसा में शामिल लोगों और साजिशकर्ताओं की पहचान की जा रही है। डिजिटल ट्रेल से दक्षिण भारत से जुड़े कुछ संदिग्धों के तार भी सामने आए हैं, जिनकी भूमिका की गहन जांच जारी है। सोमवार को हुई हिंसा के बाद पुलिस ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए कोतवाली फेज-1, फेज-2, सेक्टर-58, सेक्टर-63 और फेज-3 समेत औद्योगिक क्षेत्रों से सैकड़ों लोगों को हिरासत में लिया। लगातार छापेमारी कर अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और बड़ी संख्या में लोगों से पूछताछ की जा रही है।

प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। जिलाधिकारी मेधा रूपम समेत वरिष्ठ अधिकारी मौके पर डेरा डाले हुए हैं और श्रमिकों से सीधे संवाद कर रहे हैं। वेतन वृद्धि और अन्य फैसलों की सही जानकारी देकर अफवाहों को खत्म करने की कोशिश की जा रही है।

### प्रशासन मैदान में, शांति बहाली की कवायद

हालात सामान्य करने के लिए प्रशासन लगातार सक्रिय है। औद्योगिक क्षेत्रों और श्रमिकों के गांवों में शांति मार्च निकाले जा रहे हैं। अधिकारियों द्वारा सीधे संवाद स्थापित कर भ्रम दूर किया जा रहा है। श्रमिकों को वेतन वृद्धि और सरकारी फैसलों की जानकारी देकर स्थिति को शांत करने का प्रयास जारी है।

### 'मजदूर बिगुल' पर कार्रवाई, कई गिरफ्तार

पुलिस ने मजदूर बिगुल दस्ता संगठन के प्रमुख रूपेश राय समेत 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि संगठन के सदस्य फैक्ट्रियों के आसपास घूमकर श्रमिकों को उकसा रहे थे। इससे पहले भी इस संगठन पर अन्य राज्यों में हिंसा भड़काने के आरोप लग चुके हैं।

### 80 फीसदी औद्योगिक इकाइयों में कामकाज शुरू

पुलिस-प्रशासन की सख्ती के बाद हालात तेजी से सुधर रहे हैं। करीब 80 फीसदी औद्योगिक इकाइयों में कामकाज दोबारा शुरू हो चुका है। सुरक्षा एजेंसियां अभी भी अलर्ट मोड पर हैं और किसी भी नई साजिश या अफवाह को रोकने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# एक हजार पंचायतों से होगी आधार सेवा की शुरुआत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पंचायती राज विभाग द्वारा सभी 57 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों तक आधार सेवाएं पहुंचाने की तैयारी की जा रही है। पहले चरण में 1000 ग्राम पंचायतों में यह सुविधा शुरू की जा रही है।

पंचायत सहायकों और आधार ऑपरेटरों की भूमिका संवेदनशील बताते हुए पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने निर्देश दिए हैं कि सभी कर्मी पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, ताकि हर पात्र व्यक्ति तक आधार सेवाएं आसानी से पहुंच सकें। प्रदेश के विभिन्न जिलों, लखनऊ, बाराबंकी, खीरी, सीतापुर और बलरामपुर की 77 ग्राम पंचायतों में पहले से ही आधार सेवाएं संचालित हो रही हैं। इस मॉडल को पूरे प्रदेश में लागू करने की तैयारी है। आधार ऑपरेटरों और सुपरवाइजर्स के लिए पंचायती राज निदेशालय, अलीगंज लखनऊ में एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई। इसमें पंचायत सहायकों और बैंक से जुड़े ऑपरेटरों को प्रशिक्षण दिया गया।

# निपुण शिक्षक सारथी से शैक्षिक नींव होगी मजबूत

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश में निपुण भारत मिशन के तहत 'निपुण शिक्षक सारथी' कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य बेसिक शिक्षा को परिणामोन्मुख बनाना है। इस पहल में कक्षा 2 के विद्यार्थियों की भाषा और गणितीय दक्षताओं को मजबूत करने पर विशेष फोकस किया गया है, ताकि शुरुआती स्तर पर ही मजबूत शैक्षिक नींव तैयार हो सके।

पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसे चित्रकूट, सोनभद्र, बलरामपुर, गोरखपुर और सीतापुर में लागू किया गया है। 15 राज्य स्तरीय संदर्भ समूह (एसआरजी) को प्रशिक्षित कर तकनीक के माध्यम से शिक्षकों से जोड़ा गया है, जिससे उन्हें निरंतर शैक्षणिक मार्गदर्शन मिल सके। अब शिक्षकों और तकनीकी टीम के बीच नियमित संवाद बढ़ाकर 18-20 बार संपर्क सुनिश्चित किया जाएगा। इस मॉडल से फील्ड विजिट पर निर्भरता घटेगी और दूरदराज क्षेत्रों तक भी सहायता पहुंचेगी। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम शिक्षकों को तकनीक-सक्षम मार्गदर्शक बनाकर छात्रों के समग्र विकास में अहम भूमिका निभाएगा।

**फंसा पेंच** — दो माह बाद भी आदेश लागू नहीं, केजीएमयू जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं

# असहमति से अटकी पोस्टमार्टम सुधार योजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में दुर्घटनाग्रस्त और जटिल मामलों के शवों का पोस्टमार्टम फोरेंसिक विशेषज्ञों से कराने के शासनादेश को जारी हुए करीब दो माह बीत चुके हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर अब तक कोई खास बदलाव नहीं दिखा है। व्यवस्था में सुधार के उद्देश्य से लिया गया यह फैसला फिलहाल विभागीय असहमति और संसाधनों की कमी के कारण अटका हुआ है।

इस संबंध में विधि विज्ञान प्रयोगशाला के निदेशक डॉ. आदर्श कुमार के नेतृत्व में दो अहम बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई निर्णय नहीं हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, जहां संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान और डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के फोरेंसिक विशेषज्ञों ने पोस्टमार्टम करने पर सहमति दे दी है, वहीं केजीएमयू का फोरेंसिक विभाग जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है।

- लोहिया व एसजीपीजीआई में संसाधनों की कमी

दूसरी ओर, केजीएमयू प्रशासन का कहना है कि लोहिया और एसजीपीजीआई में मानक के अनुरूप पोस्टमार्टम हाउस और आवश्यक टेबल की व्यवस्था नहीं है, जिससे प्रक्रिया को लागू करने में दिक्कत आ रही है।

**पुरानी व्यवस्था ही जारी :** वर्तमान में पोस्टमार्टम का कार्य अब भी स्वास्थ्य विभाग (प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग) के चिकित्सकों द्वारा ही किया जा रहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी की निगरानी में जिला चिकित्सालय एवं अन्य सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों को रोटेशन के आधार पर यह जिम्मेदारी निभानी पड़ती है। हालांकि विवादित मामलों में मेडिकल कॉलेजों के फोरेंसिक विशेषज्ञों की मदद ली जाती है।

### बैठकों का दौर जारी, सहमति का प्रयास

लखनऊ के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एन.बी. सिंह का कहना है कि नई व्यवस्था लागू करने में शुरुआती दिक्कतें स्वाभाविक हैं। सभी मेडिकल कॉलेजों के फोरेंसिक विभागाध्यक्षों के साथ लगातार बैठकें हो रही हैं। राजधानी के 54 थानों से जुड़े पोस्टमार्टम के लिए केजीएमयू, लोहिया और एसजीपीजीआई को केंद्र बनाया जाएगा। वहीं, केजीएमयू के फोरेंसिक विभागाध्यक्ष प्रो. अनूप वर्मा का कहना है कि संस्थान को शासनादेश के पालन में कोई आपत्ति नहीं है और परिसर में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पहले से जारी है। समस्या अन्य संस्थानों में आवश्यक सुविधाओं की कमी को लेकर है।

### चिकित्सकों का विरोध बना कारण

सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक लंबे समय से पोस्टमार्टम ड्यूटी का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि वे इस विषय के विशेषज्ञ नहीं हैं, जिससे कानूनी मामलों में सटीक जवाब देना कठिन होता है और अस्पतालों की नियमित चिकित्सा सेवाएं भी प्रभावित होती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त अपर मुख्य सचिव अमित घोष ने पोस्टमार्टम की जिम्मेदारी फोरेंसिक विशेषज्ञों को सौंपने का आदेश जारी किया था। इसमें सरकारी के साथ निजी मेडिकल कॉलेजों और पीपीपी मोड पर संचालित संस्थानों को भी शर्तों के साथ शामिल करने के निर्देश दिए गए थे।

# सीएम युवा योजना के तहत तैनात होंगे 90 क्रेडिट काउंसलर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एमएसएमई को मिलेगा ऋण मार्गदर्शन, 1.5 लाख युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने सीएम युवा योजना को और प्रभावी बनाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और बैंकिंग प्रक्रियाओं को आसान बनाने के उद्देश्य से 90 सर्टिफाइड क्रेडिट काउंसलर्स तैनात किए जाएंगे। ये काउंसलर युवाओं और बैंकों के बीच सेतु बनकर काम करेंगे।

गोमतीनगर में शुरू हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को दो चरणों में बांटा गया है। पहले चरण में 50 जिलों और दूसरे में 25 जिलों को शामिल किया गया है। सिडबी और आईआईबीएफ के सहयोग से चल रहे इस कार्यक्रम को भारतीय रिजर्व बैंक से मंजूरी मिली है। 'ट्रिपल सी' कोर्स के जरिए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया जाएगा, जो खासकर एमएसएमई क्षेत्र के लिए लाभकारी होगा। सरकार ने इस वर्ष योजना के तहत 1.5 लाख युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा है। साथ ही सेवानिवृत्त बैंक अधिकारियों को भी इस पहल से जोड़कर उनकी विशेषज्ञता का उपयोग किया जाएगा।

यूपीकॉन के एमडी प्रवीण सिंह के अनुसार, सर्टिफाइड क्रेडिट काउंसलर एमएसएमई उद्यमियों को उपयुक्त ऋण योजनाओं की जानकारी देंगे, प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराने में मदद करेंगे और वित्तीय दस्तावेजों को व्यवस्थित करेंगे।

### ओबीसी महिलाओं का हक छीन रही भाजपा



**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि देश में पिछड़ों की कुल जनसंख्या 70 फीसदी है तो उनकी आधी-आबादी 33 फीसदी से ज्यादा पिछड़ी महिलाओं के हक की बात इस महिला आरक्षण बिल में नहीं है। स्पष्ट है कि यह सरकार पिछड़े वर्ग की 33 फीसदी से ज्यादा महिला आबादी का हक छीन रही है, उन्हें अधिकार नहीं देना चाहती है। सपा प्रमुख ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि सपा महिला आरक्षण के पक्ष में है, पर उस भाजपाई चालबाजी के खिलाफ है, जो साजिश के तहत की जा रही है। कहा कि भाजपा ने नारी को अपने मातृ संगठन में नहीं रखा, वे उनका मान सम्मान कैसे रखेंगे।



घमंड से सब कुछ बर्बाद हो जाता है। घमंड से बचें और सेवा करें। तभी जीवन में सुख-शांति आ सकती है।
-गुरु नानक देव



# दूरगामी विधायी पहल

संसद में पेश किए जा रहे तीन अहम विधेयक— विशेषकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम, परिसीमन से जुड़े प्रावधान और केंद्र शासित प्रदेशों में प्रतिनिधित्व संशोधन, सिर्फ विधायी पहल नहीं, बल्कि आने वाले दशक की भारतीय राजनीति की दिशा तय करने वाले अत्यंत निर्णायक कदम हैं। इनकी महत्ता जितनी व्यापक है, विवाद भी उतना ही गहरा है। इसके लिए राज्यों में चुनावों के बीच अचानक बुलाए विशेष सत्र की 'हड़बड़ी' पर विपक्ष सवाल उठाते हुए इसे असामान्य और चुनावी नैरेटिव सेट करने की रणनीति के रूप में देख रहा है। महिला आरक्षण जैसे लोकप्रिय और नैतिक रूप से अजेय मुद्दे को केंद्र में रखकर सत्ता पक्ष द्वारा राजनीतिक बढ़त लेना कहीं से अनुचित नहीं, ऐसे में विपक्ष द्वारा इसे 'टाइमिंग की राजनीति' कहकर सवाल उठाना बहुत तार्किक नहीं लगता।

महिला आरक्षण विधेयक का मूल प्रस्ताव, लोकसभा और विधानसभा में 33 फीसद सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करना, सैद्धांतिक रूप से सर्वसम्मति का विषय है, पर इसके लागू होने को ताजा जनगणना और परिसीमन से जोड़ देना इसे विवादास्पद बनाता है। विपक्ष का आरोप है कि यह शर्त आरक्षण को अनिश्चितकाल तक टालने का माध्यम बन सकती है। प्रस्ताव में ताजा जनगणना का आशय 2011 की जनगणना से लिया जा रहा है, इसे आधार बना कर महिला आरक्षण को लागू करना तर्कसंगत नहीं है, क्योंकि पिछले 15 वर्षों में जनसंख्या, शहरीकरण और सामाजिक संरचना में भारी बदलाव आया है। बेहतर विकल्प यही प्रतीत होता है कि 2027 के आसपास नई जनगणना के बाद परिसीमन हो जाने के बाद इस आरक्षण को लागू किया जाए, लेकिन इससे सरकार के लिए तत्काल राजनीतिक लाभ की संभावना समाप्त हो जाती है। महिला आरक्षण को बिना परिसीमन समाप्त हुए अगले चुनाव से भी लागू किया जा सकता है, सही है कि इससे सीटों के रोटेशन और प्रतिनिधित्व में असमानता के प्रश्न खड़े होंगे फिर भी, इसे अंतरिम व्यवस्था के रूप में तो अपनाया ही जा सकता है, जिसकी उम्मीद नहीं है। आरक्षण के बाद संसद में महिलाओं की संख्या 283 तक पहुंचने से भारतीय लोकतंत्र में ऐतिहासिक बदलाव होगा। नीति-निर्माण में लैंगिक दृष्टिकोण मजबूत होगा, विशेषकर शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में, लेकिन केवल सीटें बढ़ाने से महिलाओं की समस्याएं हल नहीं होंगी। राजनीतिक सशक्तीकरण के साथ सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण भी जरूरी है। पंचायत स्तर पर आरक्षण के अनुभव बताते हैं कि वास्तविक प्रभाव तब आता है, जब महिलाओं को निर्णय लेने की स्वतंत्रता और संसाधन मिलते हैं।

फिलहाल इस विधेयक को पारित कराने के लिए सरकार को व्यापक समर्थन जुटाना होगा। संविधान संशोधन के लिए दो-तिहाई बहुमत जरूरी है। महिला आरक्षण के नैतिक दबाव के कारण विपक्ष के लिए खुला विरोध करना कठिन है, इसलिए इस विधेयक का पारित होना संभव दिखता है, भले ही उसके क्रियान्वयन की समय सीमा पर अस्पष्टता बनी रहे। महिला आरक्षण भारतीय लोकतंत्र को अधिक समावेशी बनाने की दिशा में ऐतिहासिक अवश्य है, परंतु इसे परिसीमन और जनगणना से जोड़ना इसकी समय सीमा को अनिश्चित बना देगा और यह पहल त्वरित और प्रभावी क्रियान्वयन तक शीघ्र नहीं पहुंच सकेगी।

## प्रसंगवश

# समाजवाद के पहरुआ थे युवा तुर्क चंद्रशेखर

समाजवाद के प्रखर अनुयायी चंद्रशेखर का स्पष्ट मानना था कि गैर-बराबरी को खत्म किए बिना समतामूलक समाज का निर्माण संभव नहीं है। इसके लिए उन्होंने पूंजीवादी व्यवस्था को खत्म कर समाजवादी व्यवस्था की स्थापना पर बल दिया। वे डॉ. लोहिया के इस विचार से पूरी तरह सहमत थे कि पूंजीवाद कम्युनिज्म की तरह ही जुआ, अपव्यय और बुराई है और दो तिहाई विश्व में पूंजीवाद पूंजी का निर्माण नहीं कर सकता। वह केवल खरीद-फरोख्त ही कर सकता है, जो हमारी स्थितियों में महज मुनाफाखोरी और कालाबाजारी है। सच कहें तो चंद्रशेखर राष्ट्रवादी होने के साथ-साथ मानवतावादी भी थे।

उनकी अवधारणा एक ऐसे समाजवादी समाज के निर्माण की थी, जहां भय, भूख और भ्रष्टाचार न हो। चतुर्दिक सुख और समृद्धि का प्रसार हो। सैकड़ों साल बाद भारतीय समाज का स्वरूप, चरित्र एवं चिंतन की व्याख्या का दायरा और उसके मूल्यों को मापने व परखने का मापदंड क्या होगा, इसकी भविष्यवाणी आज संभव नहीं है, लेकिन जब भी असमानता और अन्याय पर आधारित समाज के खिलाफ तनकर खड़े होने वाले शिल्पकारों का इतिहासपरक मूल्यांकन होगा, उस परिधि में समाजवाद के महानायक चंद्रशेखर सहज रूप से याद आएंगे। चंद्रशेखर का जन्म 1927 में पूर्वी उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के इब्राहिमपट्टी के एक किसान परिवार में हुआ। उनकी स्कूली शिक्षा भीमपूरा के रामकरन इंटर कालेज में हुई। उन्होंने स्नातकोत्तर की शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पूरी की।



अरविंद जयतिलक
लेखक

युवा तुर्क कहे जाने वाले चंद्रशेखर विद्यार्थी राजनीति जीवन के समय ही एक फायरब्रांड नेता के रूप में स्थापित हो चुके थे। वे कॉलेज के दिनों से ही सामाजिक-राजनीतिक आंदोलनों में हिस्सा लेते थे और आगे बढ़कर उसकी अगुवाई करते थे। प्रारंभ से ही उनका रूझान समाजवाद की ओर था। नतीजतन वे शीध्र ही छात्र जीवन के बरअक्स समाजवादी राजनीति की धुरी बन गए।

1951 में वे सोशलिस्ट पार्टी के वर्कर बन गए, लेकिन जब सोशलिस्ट पार्टी में फूट पड़ी तो वे कांग्रेस में चले गए। वे 1962 से 1977 तक राज्यसभा के सदस्य रहे। 1984 में भारत की पदयात्रा कर भारत की चिरंतन संस्कृति और सभ्यता को समझने की कोशिश की। उनकी इस पदयात्रा ने देश के तमाम शीर्षस्थ नेताओं के मन में हलचल पैदा कर दी।

इमर्जेंसी के बाद जब 1977 में जनता पार्टी की सरकार बनी, तो सभी दिग्गज नेताओं ने मंत्रिपद स्वीकारा, लेकिन चंद्रशेखर ने मंत्री पद नहीं लिया। उन्होंने जनता पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद लेना स्वीकार किया। उनका मकसद जनसेवा के जरिए समाज में समाजवादी चेतना का विकास करना था। वे पहली बार 1977 में बलिया जिले से लोकसभा के सदस्य चुने गए। वर्ष 1990 में उन्हें प्रधानमंत्री बनने का मौका मिला, जब उनकी ही पार्टी के विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार भाजपा के समर्थन वापस लेने के उपरांत अल्पमत में आ गई। चंद्रशेखर के नेतृत्व में जनता दल में दो फाड़ हो गया। 64 सांसदों का धड़ा अलग हुआ। राजीव गांधी ने चंद्रशेखर को प्रधानमंत्री बनने का प्रस्ताव दिया। कांग्रेस ने सात महीने बाद ही उनकी सरकार से समर्थन वापस ले लिया। कहा जाता है कि उन्होंने प्रधानमंत्री रहते हुए कभी भी सरकारी घर 7 रेसकोर्स रोड पर नहीं रहे। वे या तो तीन साउथ रेवेन्यू वाले घर में रहते या भोड़सी के भारत यात्रा आश्रम में। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# नीतीश के भरोसे की विरासत संभाल पाएंगे 'सम्राट'!





योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

बिहार की राजनीति में सत्ता का शिखर छूना जितना कठिन है, उससे कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण है, उस शिखर पर टिके रहकर अपनी सर्वमान्यता सिद्ध करना। सम्राट चौधरी का बिहार के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में उदय राज्य के सियासी इतिहास में एक नए युग का सूत्रपात माना जा रहा है। यह केवल एक व्यक्ति का मुख्यमंत्री बनना नहीं है, बल्कि भारतीय जनता पार्टी का बिहार में उस 'बड़े भाई' की भूमिका को आधिकारिक रूप से स्वीकार करना है, जिसका इंतजार पार्टी कार्यकर्ता दशकों से कर रहे थे। नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद पैदा हुए राजनीतिक शून्य को भरने की जिम्मेदारी अब सम्राट चौधरी के कंधों पर है, लेकिन सवाल यह है कि क्या वह नीतीश कुमार की उस लंबी और गहरी छाया से बाहर निकल पाएंगे, जिसने पिछले दो दशकों से बिहार की राजनीति को परिभाषित किया है? यही वह कसौटी है, जिस पर अब सम्राट चौधरी को परखा जाएगा।

सम्राट चौधरी का राजनीतिक उदय कोई आकस्मिक घटना नहीं है। यह उनके पिता शकुनि चौधरी की विरासत और उनके स्वयं के आक्रामक संघर्ष, दशकों की राजनीतिक यात्रा, रणनीतिक धैर्य और समयानुकूल निर्णयों का परिणाम है। 16 नवंबर 1968 को मुंगेर के लखनपुर में जन्मे सम्राट ने बहुत कम उम्र में ही सत्ता का स्वाद चख लिया था। 1999 में राबड़ी देवी सरकार में सबसे कम उम्र के मंत्री बनने से लेकर आज मुख्यमंत्री की कुर्सी तक का सफर वैचारिक बदलावों और रणनीतिक फैसलों से भरा रहा है।

> नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद पैदा हुए राजनीतिक शून्य को भरने की जिम्मेदारी अब सम्राट चौधरी के कंधों पर है। सवाल यह है कि क्या वह नीतीश कुमार की उस लंबी और गहरी छाया से बाहर निकल पाएंगे?

राजद और जदयू जैसी क्षेत्रीय शक्तियों के साथ काम करने के बाद 2017 में भाजपा का दामन थामना उनके करियर का सबसे निर्णायक मोड़ साबित हुआ। भाजपा ने उनमें एक ऐसे पिछड़ा नेतृत्व (ओबीसी) को देखा, जो न केवल संगठन में जान फूंक सकता था, बल्कि राजद के 'माई' (एमवाई) समीकरण के सामने एनडीए के 'लव-कुश' समीकरण को मजबूती दे सकता था। विशेषकर कुशवाहा समुदाय से आने के कारण सम्राट चौधरी भाजपा के लिए सामाजिक संतुलन का सबसे सटीक मोहरा साबित हुए। भाजपा ने उन्हें न केवल स्वीकार किया, बल्कि प्रदेश अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद देकर उनकी नेतृत्व क्षमता पर भरोसा भी जताया। यही भरोसा आज उन्हें मुख्यमंत्री पद तक ले आया है।

मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी की नियुक्ति के साथ ही बिहार की राजनीति में एक दुर्लभ संयोग भी जुड़ा है। जननायक कर्पूरी ठाकुर के बाद वह दूसरे ऐसे नेता बने हैं, जिन्होंने पहले उपमुख्यमंत्री की जिम्मेदारी संभाली और बाद में मुख्यमंत्री के पद तक पहुंचे। यह उपलब्धि उनके कद को तो बढ़ाती है, लेकिन इसके साथ आने वाली अपेक्षाएं उनके लिए हिमालयी चुनौतियों जैसी हैं। नीतीश कुमार केवल एक राजनेता नहीं थे, बल्कि वह बिहार के लिए एक 'इंस्टीट्यूशन' बन चुके थे। उनके 20 वर्षों के शासनकाल ने राज्य में सुशासन की एक ऐसी परिभाषा गढ़ी, जिसमें महिला सुरक्षा, सड़कें, बिजली और शराबबंदी जैसे मुद्दे हर घर से जुड़े थे। सम्राट चौधरी के लिए सबसे बड़ी परीक्षा यही होगी कि वे स्वयं को नीतीश कुमार के विकल्प के रूप में पेश करते हैं या एक ऐसी नई पहचान गढ़ते हैं, जो नीतीश के 'विकास' और भाजपा की 'वैचारिक प्रखरता' का संगम हो।

अधिकांश राजनीतिक विश्लेषक इस बात पर एकमत हैं कि नीतीश कुमार जैसा सर्वमान्य नेता बनना सम्राट चौधरी के लिए रातों-रात संभव नहीं होगा। नीतीश कुमार की स्वीकार्यता समाज के हर वर्ग, चाहे वह महादलित हो, अति पिछड़ा हो या आधी आबादी (महिलाएं) हो, में गहराई तक थी। सम्राट चौधरी के पास फिलहाल एक मजबूत सांगठनिक ढांचा और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आशीर्वाद है, लेकिन उन्हें अपनी 'आक्रामक छवि' को अब 'प्रशासकीय संयम' में बदलना होगा। मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने के बाद अब उनके हर फैसले की तुलना नीतीश कुमार के मानकों से की जाएगी। क्या वह उसी सहजता से महादलितों और अति पिछड़ों के हितों की रक्षा कर पाएंगे? क्या वह शराबबंदी जैसी पेचीदा नीतियों को लेकर जनता के बीच अपना स्पष्ट नजरिया रख पाएंगे? ये कुछ ऐसे सवाल हैं, जिनका उत्तर उनके कार्यकाल के शुरुआती सौ दिन ही तय करेंगे।

चुनौतियां केवल बाहर ही नहीं, गठबंधन के भीतर भी हैं। नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद जदयू के भविष्य और निशांत कुमार के सक्रिय राजनीति में प्रवेश ने नई चर्चाओं को जन्म दिया है। जदयू के भीतर इस बदलाव को लेकर एक दबी हुई छटपटाहट है। सम्राट चौधरी को यह सुनिश्चित करना होगा कि गठबंधन के सहयोगी दल खुद को उपेक्षित महसूस न करें। साथ ही, उन्हें भाजपा के भीतर भी उन वरिष्ठ नेताओं को विश्वास में लेना होगा, जो मुख्यमंत्री पद की दौड़ में पीछे रह गए। सम्राट चौधरी पर उनके पुराने विवादों, जैसे कम उम्र में मंत्री पद से हटाए जाने की घटना और उनके शैक्षणिक पहलुओं को लेकर विपक्ष हमलावर रहेगा। एक मुख्यमंत्री के रूप में उनकी पेशेवर छवि और शुचिता पर उठने वाले सवालों का सामना उन्हें अपनी कार्यशैली से ही करना होगा।

बिहार में 2025 का जनादेश एक तरह से 'फेयरवेल मैंडेट' जैसा रहा है, जहां जनता बदलाव की मानसिक तैयारी कर चुकी थी। सम्राट चौधरी के लिए सबसे बड़ी ताकत उनका ओबीसी समुदाय से होना और भाजपा आलाकमान का पूर्ण समर्थन है, लेकिन उनकी राह का सबसे बड़ा कांटा 'नीतीश कुमार का औरा' है। भाजपा ने अब तक बिहार में नीतीश कुमार के साये में राजनीति की है, अब उसे अपनी स्वतंत्र इमारत खड़ी करनी है, जिसकी नींव सम्राट चौधरी को रखनी है। यह सफर कांटों भरा है, क्योंकि उन्हें न केवल विकास की रफ्तार बनाए रखनी है, बल्कि बिहार की उस जटिल सामाजिक संरचना को भी साधे रखना है, जहां जाति की राजनीति कभी खत्म नहीं होती।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## आमने सामने



हाईकोर्ट की डेडलाइन खत्म हो चुकी है, लेकिन सरकार निकाय चुनाव नहीं करा रही है। कानून का लगातार उल्लंघन हो रहा है और संविधान की मूल भावना को चोट पहुंचाई जा रही है। राष्ट्रपति को दखल देना चाहिए और राज्यपाल से बात कर सुनिश्चित करना चाहिए कि चुनाव समय पर हों।
-अशोक गहलोत
पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बौखलाए हुए हैं और बचकानी बातें कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी हमेशा कानून और न्यायालयों का सम्मान करती है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी ओबीसी आयोग की रिर्पोट की सिफारिशों की अनुपालना के पश्चात ही चुनाव करवाए जाने के लिए निर्देशित किया है।
-मदन दिलावर
शिक्षा मंत्री, राजस्थान



# दोबारा बातचीत से पूर्व विश्वास बहाली की जरूरत



अमित नारायन
राजनीतिक विश्लेषक

इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच हुई शांति वार्ता फिलहाल बिना किसी नतीजे के खत्म हो गई। जब वार्ता शुरू हुई थी, तभी यह कयास लगाए जा रहे थे कि इसमें कोई हल नहीं निकलेगा। यह आशंका सच साबित हुई। अमेरिका अपनी मांगों पर अड़ा हुआ है और ईरान अपनी मांग को लेकर। युद्ध विराम अभी जारी है। ट्रंप ने पुनः पाकिस्तान की धरती पर ईरान से वार्ता के संकेत दिए हैं। अब देखना यह है कि वार्ता कब होती है और दोनों देश क्या शर्तें रखते हैं। ईरान की सबसे बड़ी शर्त है कि उसे युद्ध में हुए नुकसान का मुआवजा मिले और होर्मुज जलडमरूमध्य में टोल वसूली का अधिकार मिले, लेकिन अमेरिका उसे यह छूट देने को तैयार नहीं है।

अमेरिका चाहता है कि ईरान अपनी लंबी दूरी की मिसाइलों पर कैपिंग करे और परमाणु बम बनाने की जिद छोड़ दे, पर ईरान इस शर्त पर राजी नहीं है। अब सवाल यही है कि जब दोनों देश अपनी-अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं, तो वार्ता कैसे सफल होगी और युद्ध विराम कब तक टिकेगा, हालांकि अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य को घेर रखा है और उसकी सेना ने तो तेल लेकर जा रहे ईरानी जहाजों को भी रोक दिया है। अब उसकी इस कार्रवाई को उकसावा माना जा रहा है।

> ट्रंप ने पुनः पाकिस्तान की धरती पर ईरान से वार्ता के संकेत दिए हैं। अब देखना यह है कि वार्ता कब होती है और दोनों देश क्या शर्तें रखते हैं।

इस युद्ध का खामियाजा पूरी दुनिया भुगत रही है। युद्ध में शामिल न होने के बाद भी ईरान के हमले में सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, बहरीन जैसे देशों के तेल डिपो, बड़े-बड़े औद्योगिक कारखाने, पेयजल के स्रोत, हवाई अड्डे तबाह हो गए। उनके नागरिकों की मौत भी हुई। अब अमेरिका इन देशों के इंफ्रास्ट्रक्चर को दुरुस्त करने के नाम पर बड़े पैमाने पर कमाई करेगा। उसकी कंपनियां वहां निवेश करेंगी। साथ ही डोनाल्ड ट्रंप इन देशों को बड़े पैमाने पर हथियार भी बेचेंगे। युद्ध में हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई इन्हीं देशों से करेंगे।

ईरान से संघर्ष में अमेरिका को 20 बिलियन डॉलर से अधिक का आर्थिक नुकसान हुआ है, जबकि इससे कहीं ज्यादा का नुकसान खाड़ी में उसके सहयोगी देशों ने ईरानी हमले से झेला है। दुनिया के तमाम देशों में कच्चे तेल और गैस के लिए त्राहि- त्राहि मची हुई है। ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में बारूदी सुरंगे बिछाकर तमाम देशों के तेल और गैस से भरे जहाजों को रोक रखा है। सिर्फ कुछ मित्र देशों के जहाजों को ही उसने अनुमति दी है, वहां से गुजरने के लिए। ऐसे में तीन हजार से अधिक जहाज वहां तेल और गैस भरकर खड़े हैं। इस मौके का फायदा भी अमेरिका ही उठा रहा है। उसने तमाम देशों को तेल बेचने का ऑफर भी दे दिया है।

अमेरिका ने होर्मुज पर कब्जे की अपनी मंशा जाहिर कर दी है और उसे घेर कर यह घोषणा कर दी है कि जो देश ईरान को टोल देंगे, उनके जहाज को वह वहां से नहीं जाने देगा। चीन इस घेरेबंदी के बाद भी वहां से निकला, जबकि यह स्पष्ट नहीं हो सका कि उसने ईरान को टोल दिया था या नहीं। उधर, तेल भरे जहाज रोके जाने से ईरान नाराज है और उसने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। अब पाकिस्तान फिर से चीन की अंदरूनी मदद से ईरान को वार्ता के लिए मना रहा है. लेकिन विदेशी मामलों के जानकार मान रहे हैं कि दोबारा वार्ता तभी सफल होगी जब खुले मन से दोनों देश वार्ता की मेज पर बैठेंगे। दोनों पक्षों को अपनी- अपनी शर्तों में कुछ ढील देनी होगी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भले ही पुनः वार्ता के संकेत दे रहे हैं, लेकिन उनके अड़ियल रुख से वार्ता की सफलता पर हर किसी को संदेह है। खाड़ी देशों और इजरायल में भारी तबाही मचाने के साथ ही अमेरिकी लड़ाकू विमानों और ड्रोन को गिराकर अपनी ताकत का अहसास कराने वाला ईरान अमेरिकी शर्तों पर झुकने को तैयार नहीं है। हां, उसने इस बात के संकेत जरूर दिए हैं कि अमेरिका कुछ झुकेगा तो वह भी झुकने को तैयार है। ईरान चाहता है कि उसे होर्मुज में टैक्स वसूली का अधिकार मिले। उसके यहां जो क्षति हुई है उसका मुआवजा मिले। साथ ही उसके ऊपर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंध हटें। यह शर्तें मानना अमेरिका के लिए कठिन है, क्योंकि इन शर्तों को मानने के बाद ट्रंप अपने देश की जनता के सामने हारे हुए योद्धा से कम नहीं दिखेंगे जो वह दिखना नहीं चाहते हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मई माह में चीन का दौरा करने वाले हैं। इस दौरे से पहले वे ईरान पर निर्णायक जीत चाहते हैं, इसीलिए वे वार्ता के लिए दोबारा उतावले हैं। अगर ईरान उनकी शर्तें मान लेता है, तो ट्रंप आसानी से घोषित कर पाएंगे कि अमेरिका और उसके सहयोगी इजरायल ने यह युद्ध जीत लिया है, लेकिन ईरान आसानी से उन्हें इस युद्ध से बाहर नहीं निकालने देगा। ट्रंप यदि युद्ध जीत कर आते हैं, तो चीन पर वार्ता से पहले बड़ा दबाव होता वे खुद को जीते हुए योद्धा की तरह वहां पेश करते, लेकिन अब दबाव ट्रंप पर है, क्योंकि वे यहां बहुत लंबी-लंबी बातें नहीं कर पाएंगे।


(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# कन्फ्यूशियस की सलाह

ली वेई नाम का एक बूढ़ा आदमी महान दार्शनिक कन्फ्यूशियस के पास एक सवाल लेकर गया, जो आज भी बहुत से बुजुर्गों को परेशान करता है। अपनी पूरी ज़िंदगी औलाद के लिए लगा देने के बाद भी, हम बुढ़ापे में खुद को अकेला क्यों महसूस करते हैं?

ली वेई ने अपनी औलाद के लिए सब कुछ कुर्बान कर दिया। उसने बहुत मेहनत की ताकि उन्हें कभी किसी चीज़ की कमी न हो। जब बच्चे बड़े हो गए और अपनी ज़िंदगी जीने लगे, तो ली वेई ने अपना घर बेच दिया और बेटे के पास रहने चला गया। यह सोचकर कि अब वह प्यार और अपनापन पाएगा, लेकिन उसे वह खुशी नहीं मिली। वे उसकी बातें आधे मन से सुनते, उसके सुझावों से चिढ़ जाते और उसकी मौजूदगी को बोझ समझने लगे।



सुनील सिंह
ब्लॉगर

ली वेई ने कन्फ्यूशियस से अपना दुख कह सुनाया, "गुरुजी! मैंने अपनी ज़िंदगी बच्चों के लिए दे दी। सोचा था उनके साथ रहकर सुकून मिलेगा, लेकिन मैं खुद को उनके बीच नापसंद महसूस करता हूं। ऐसा क्यों?"

कन्फ्यूशियस ने उसे तीन आसान सबक़ सिखाए।

पहला सबक- उन्होंने एक बर्तन को पानी से भर दिया और पूछा कि अगर इसमें और पानी डालूं तो क्या होगा?"

ली वेई ने कहा कि यह छलक जाएगा।

कन्फ्यूशियस बोले, "बिल्कुल, रिश्ते भी ऐसे ही होते हैं। जब हम खुद को ज़बरदस्ती किसी ऐसी जगह डालते हैं जो पहले से भरी हो, तो संतुलन बिगड़ जाता है।"

तुम अपने बच्चों के घर में फिर से केंद्र बनना चाहते हो, लेकिन अब उनकी ज़िंदगी और उनके बच्चे ही उनका केंद्र हैं।

दूसरा सबक- उन्होंने पास के दो पेड़ों की ओर इशारा किया। जब पेड़ बहुत पास-पास होते हैं तो क्या होता है?

ली ने कहा, "वे एक-दूसरे को रोकते हैं और कमजोर हो जाते हैं।"

कन्फ्यूशियस ने कहा, "ज़िंदगी में भी यही होता है। ज़्यादा नज़दीकी भी समस्या बन जाती है। बढ़ने के लिए जगह ज़रूरी है।"

तीसरा सबक- कन्फ्यूशियस ने रेत को कसकर मुट्ठी में पकड़ा। अब क्या होगा?

ली वेई ने कहा, "रेत फिसल जाएगी।"

कन्फ्यूशियस ने कहा, "रिश्ते भी ऐसे ही होते हैं। प्यार दबाव से नहीं टिकता। जितना तुम पकड़ने की कोशिश करोगे, वह उतना दूर जाएगा। आज़ादी दो, तो वह खुद तुम्हारे पास रहेगा।"

-फेसबुक वाल से

## सामयिकी

# भारत के कुपोषण मुक्त होने में हैं कई चुनौतियां

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में बच्चों और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाना हमेशा से एक बड़ी चुनौती रहा है, जिसका समाधान खोजने के उद्देश्य से साल 1975 में केंद्र सरकार ने समेकित बाल विकास सेवा योजना की शुरुआत की थी, इसके अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना की गई, जिसका मकसद था कि छह वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती और धात्री महिलाओं को पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं और प्रारंभिक शिक्षा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा सके। बहुत हद तक यह योजना सफल भी रही है, लेकिन पिछले 50 वर्षों से अधिक समय बीत जाने के बाद भी हम यह दावे के साथ नहीं कह सकते कि यह योजना शत-प्रतिशत सफल रही है।

इस समय देशभर में लगभग 13.9 लाख आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहे हैं, जो दुनिया की सबसे बड़ी प्रारंभिक बाल देखभाल और पोषण व्यवस्था मानी जाती है। यह करीब आठ करोड़ से अधिक लाभार्थियों तक सेवाएं पहुंचा रही है। इस योजना के तहत छह प्रमुख सेवाएं प्रदान की जाती हैं, जिनमें पूरक पोषण, पूर्व-प्राथमिक शिक्षा, स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा और जरूरत पड़ने पर रेफरल सेवाएं शामिल हैं। इन सेवाओं के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया कि बच्चे जीवन के पहले छह वर्षों में शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ विकसित हों और गर्भवती महिलाओं को उचित पोषण मिल सके।



अल्पना कुमारी
एक्टिविस्ट

भारत में कुपोषण की समस्या लंबे समय से गंभीर रही है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-5) के अनुसार, आज भी देश में 35.5 प्रतिशत बच्चे कम कद, 32.1 प्रतिशत कम वजन वाले और 19.3 प्रतिशत अत्यधिक दुबले पाए जाते हैं। ये आंकड़े इस बात की ओर संकेत करते हैं कि समस्या अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है, लेकिन पिछले दशकों में इसमें कुछ सुधार अवश्य हुआ है। यदि पिछले तीन दशकों के आंकड़ों पर नजर डालें, तो यह स्पष्ट होता है कि आंगनबाड़ी प्रणाली ने कुपोषण की स्थिति में धीरे-धीरे सुधार लाने में भूमिका निभाई है। वर्ष 1992-93 में जहां बच्चों में कम कद की दर लगभग 52 प्रतिशत थी, वहीं 2019-21 तक यह घटकर 35.5 प्रतिशत रह गई। इसी प्रकार कम वजन वाले बच्चों की संख्या 53.4 प्रतिशत से घटकर 32.1 प्रतिशत तक पहुंची है।

इन उपलब्धियों के बावजूद चुनौतियां भी कम नहीं हैं। कई अध्ययनों से पता चलता है कि आंगनबाड़ी सेवाओं का लाभ सभी जरूरतमंद लोगों तक पूरी तरह नहीं पहुंच पा रहा है। देश में आंगनबाड़ी सेवाओं का उपयोग बढ़ा है, लेकिन 2016 से 2021 के बीच कुपोषण में जो कमी आई, उसमें आंगनबाड़ी सेवाओं का योगदान लगभग 9-12 प्रतिशत ही माना गया है। जो यह दर्शाता है कि योजना ने सकारात्मक प्रभाव डाला है, लेकिन इसे और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता है।

हाल के वर्षों में सरकार ने आंगनबाड़ी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई नई पहलें शुरू की हैं। सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0 योजना के तहत देशभर में लगभग दो लाख आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने की प्रक्रिया चल रही है। इनमें इंटरनेट सुविधा, डिजिटल उपकरण और स्वच्छ पेयजल जैसी व्यवस्थाएं शामिल की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त, मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को पूर्ण केंद्रो में परिवर्तित करने की भी योजना बनाई गई है, जिससे सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होने की उम्मीद है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

अमृत विचार
# यूरेका

## खोज



# ऐसे हुआ वेल्क्रो का आविष्कार

वेल्क्रो का आविष्कार किसी बड़ी प्रयोगशाला में नहीं, बल्कि एक साधारण सैर के दौरान हुआ और यही इसे खास बनाता है। साल 1940 के दशक में स्विट्जरलैंड के इंजीनियर जॉर्ज डे मेस्ट्रल अपने कुत्ते के साथ जंगल में घूमने निकले। लौटकर उन्होंने देखा कि उनके कपड़ों और कुत्ते के बालों पर छोटे-छोटे कांटेदार बीज चिपके हुए हैं। आमतौर पर लोग इन्हें झटककर फेंक देते, लेकिन मेस्ट्रल ने ऐसा नहीं किया। उनकी जिज्ञासा जाग उठी-आखिर ये बीज इतनी मजबूती से चिपकते कैसे हैं?

उन्होंने इन बीजों को माइक्रोस्कोप से देखा और जो सामने आया, वह चौंकाने वाला था। बीजों पर बहुत बारीक हुक (कांटे) थे, जो कपड़े और बालों के रेशों में फंस जाते थे। बस, यहीं से एक अनोखा विचार जन्मा-क्या इसी सिद्धांत पर कोई कृत्रिम चीज बनाई जा सकती है? कई सालों की मेहनत और प्रयोगों के बाद उन्होंने 'हुक और लूप' प्रणाली पर आधारित एक फास्टनर तैयार किया। एक सतह पर छोटे-छोटे हुक और दूसरी पर मुलायम लूप दोनों को दबाते ही वे चिपक जाते और खींचते ही अलग हो जाते। 1955 में इस आविष्कार का पेटेंट हुआ और इसका नाम रखा गया 'वेल्क्रो'। शुरुआत में लोगों ने इसे ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया, लेकिन जब नासा ने अंतरिक्ष मिशनों में इसका उपयोग किया, तब इसकी उपयोगिता दुनिया के सामने आई। आज वेल्क्रो जूतों, बैगों और कपड़ों से लेकर अंतरिक्ष तकनीक तक हर जगह इस्तेमाल हो रहा है-सिर्फ एक जिज्ञासा भरे सवाल की वजह से।

### वैज्ञानिक के बारे में



जॉर्ज डे मेस्ट्रल का जन्म 1907 में स्विट्ज़रलैंड में हुआ था। वे बचपन से ही जिज्ञासु और आविष्कारशील स्वभाव के थे। केवल 12 वर्ष की उम्र में उन्होंने अपना पहला पेटेंट हासिल कर लिया था, जो उनके वैज्ञानिक रुझान को दर्शाता है। उन्होंने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और प्रकृति से प्रेरणा लेकर नए विचार विकसित किए। उनका जीवन साधारण लेकिन प्रयोगधर्मी था, जहां वे रोज़मर्रा की चीजों में भी नवाचार के अवसर खोजते थे। वे अपने परिवार के साथ शांत जीवन बिताते हुए शोध और प्रयोगों में लगे रहे और 1990 में उनका निधन हो गया।



# धूमकेतु के लिए रोमांचक माह अप्रैल



डॉ. इरफान ह्यूमन
विज्ञान लेखक

अप्रैल माह धूमकेतु दर्शन के लिए एक रोमांचक समय होगा, क्योंकि इस महीने में कम से कम दो प्रमुख धूमकेतु नग्न आंखों से या दूरबीन की मदद से दिखाई दे सकते हैं। ये धूमकेतु लंबी अवधि के (लॉन्ग-पिरियड) और आवर्ती (पिरियडिक) प्रकार के हैं। मुख्य रूप से दो धूमकेतु सी/2026 ए1 (मैप्स) और सी/2025 आर3 (पैनस्टार्स), जिनकी चमक अपेक्षाकृत अधिक होने की संभावना है। इसके अलावा, 10पी/टेम्पेल 2 जैसे अन्य धूमकेतु दूरबीन से दिखाई दे सकते हैं, लेकिन वे कम चमकीले होंगे। ध्यान दें कि धूमकेतु की चमक मौसम, वायुमंडलीय स्थितियों और उनके व्यवहार पर निर्भर करती है, इसलिए पूर्वानुमान बदल सकते हैं। भारत (उत्तर गोलार्ध) से देखने के लिए सामान्य दिशा और समय पर फोकस करना आवश्यक है।

## सी/2026 ए1 (मैप्स)- संग्रेजिंग धूमकेतु

यह धूमकेतु 13 जनवरी, 2026 को चिली के अमैक्स1 वेधशाला में चार खगोलशास्त्रियों द्वारा खोजा गया। यह क्रूट्ज संग्रेजर समूह का सदस्य है, जो सूर्य के बहुत निकट से गुज़रने वाले धूमकेतु हैं। यह अब तक का सबसे पहले खोजा गया इनबाउंड क्रूट्ज धूमकेतु है (पेरिहेलियन से 11.5 सप्ताह पहले)। पेरिहेलियन एक खगोलीय अवधारणा है, जो सूर्य-केंद्रित कक्षाओं (जैसे ग्रहों, धूमकेतुओं या अन्य वस्तुओं की कक्षा) से संबंधित है। यह वह बिंदु है, जहां कोई वस्तु (जैसे पृथ्वी या धूमकेतु) अपनी कक्षा में सूर्य के सबसे निकट पहुंचती है। पेरी का अर्थ सबसे निकट और हेलियन का अर्थ सूर्य होता है। अर्थात सूर्य के चारों ओर घूमने वाली वस्तुओं की कक्षा आमतौर पर अंडाकार (एलिप्टिकल) होती है, न कि पूरी तरह गोलाकार। इसलिए इन पिंडों की दूरी हमेशा एक समान नहीं रहती।



संग्रेजिंग धूमकेतु के पेरिहेलियन की बात करें, तो 4 अप्रैल, 2026 को यह सूर्य की सतह से मात्र 7,48,000 किलोमीटर (4,65,000 मील) की दूरी पर रहेगा। यह सूर्य के व्यास का आधा हिस्सा जितना निकट है। इसकी अपेक्षित चमक की बात करें, तो यदि यह टूटा नहीं, तो इसकी चमक-4 मैग्निट्यूड तक पहुंच सकती है (शुक्र ग्रह जितनी चमकीली)। इससे पहले मार्च के अंत में बड़े शौकिया दूरबीनों से 13 मैग्निट्यूड पर दिखाई देगी, लेकिन अप्रैल में तेजी से चमक बढ़ेगी। लंबी पूंछ विकसित हो सकती है। अप्रैल में सूर्यास्त के बाद पश्चिम दिशा में मध्य-ट्वाइलाइट (अर्ध-अंधेरे) में दिखाई दे सकता है। दक्षिणी गोलार्ध में मार्च के अंत से ही दिखना शुरू हो सकता है, लेकिन उत्तर भारत से अप्रैल में पश्चिम क्षितिज पर निम्न ऊंचाई पर रहेगा। अप्रैल के मध्य के बाद यह सूर्य के करीब होने के कारण इसे देखना कठिन हो जाएगा।



सूर्यास्त के तुरंत बाद (लगभग 6-7 बजे आईएसटी) पश्चिम की ओर देखें, जहां यह शुक्र ग्रह के आसपास होगा। 8 अप्रैल को शुक्र के बहुत पास दिखाई दिया। नग्न आंखों से या छोटी दूरबीन से पूंछ दिख सकती है, लेकिन सूर्य के करीब होने से इसका दृश्यावलोकन कठिन होगा। इसे देखने के लिए अवरोध-रहित क्षितिज चुनें। यदि इस धूमकेतु की चमक-4 तक पहुंची, तो दिन के उजाले में भी दिख सकता है। संभावित जोखिम यह है कि सूर्य के निकट गर्मी और गुरुत्वाकर्षण से यह पूरी तरह टूट सकता है। यदि ऐसा हुआ, तो चमक कम हो जाएगी। फिर भी यदि बचा रहा, तो सूर्य के करीब होने से इसे देखना चुनौतीपूर्ण रहेगा।

## अन्य धूमकेतु (दूरबीन आवश्यक)

10 पी/टेंपेल 2 एक आवर्ती धूमकेतु है, जिसकी कक्षीय अवधि 5.5 वर्ष है। इसकी चमक 12 मैग्निट्यूड, शाम और सुबह के आकाश में (ऊंचाई 11-44 डिग्री) पर ओफ्यूकस तारामंडल में दिखाई देगा। यह दूरबीन से ही दिखेगा, नग्न आंखों से नहीं, क्योंकि इसका चरम अगस्त 2026 में होगा। इसे देखने के लिए शाम को पश्चिम या सुबह पूर्व दिखा में खोजें। एक अन्य धमकेतु सी/2024 ई1 (विएरझोस), जिसका 10 मैग्निट्यूड होगा, शाम में दिखाई देगा, लेकिन ये कम उल्लेखनीय हैं और शौकिया खगोलविदों के लिए यह भी दूरबीनों से दृष्टिगोचर होगा।

## सी/2025 आर3 (पैनस्टार्स) - संभावित 'ग्रेट धूमकेतु'

2025 में पैनस्टार्स टेलीस्कोप द्वारा खोजा गया। यह धमकेतु 2026 की शुरुआत में चर्चा में आया। इसके पेरिहेलियन की बात करें, तो 19 अप्रैल, 2026 को सूर्य के सबसे निकट होगा। यह 3 से 7 मैग्निट्यूड के बीच चमकेगा। यदि 3 मैग्निट्यूड, तो नग्न आंखों से आसानी से दिखेगा। अप्रैल 2026 के मध्य (26 अप्रैल तक) सबसे अच्छा दिखाई देगा। यह पृथ्वी के सबसे निकट 26 अप्रैल को (73.2 मिलियन किमी दूर) होगा और सुबह के आकाश में दिखेगा। अप्रैल 11-12 को सूर्योदय से पहले पेगासस तारामंडल के पास दिखाई दिया था। वहीं अप्रैल 15 को यह ग्रेट स्क्वायर ऑफ पेगासस के निकट था। यह दक्षिणी गोलार्ध में अप्रैल के अंत में सूर्यास्त के बाद पश्चिम क्षितिज पर दिखाई देगा। इस धमकेतु को सूर्योदय से 1-2 घंटे पहले (लगभग 4-5 बजे आईएसटी) पूर्व दिशा में देखें। इसे पेगासस के आकाशगंगाओं के पास ढूंढें। दूरबीन या बाइनोकुलर के उपयोगी से इसे देखा जा सकता है, लेकिन यदि चमक 3 मैग्निट्यूड रही तो इसे नग्न आंखों से भी देखा जा सकेगा। नया चंद्रमा (17 अप्रैल के आसपास) के समय आकाश अंधेरा होगा, जो इसे देखने में बहुत आसानी रहेगी। इसे 2026 का ग्रेट धूमकेतु इसलिए कहा जा रहा है, क्योंकि यह धूमकेतु लंबी अवधि का है और चमकदार हो सकता है, लेकिन सूर्य के बीच से गुजरने (पृथ्वी और सूर्य के बीच) से चमक प्रभावित हो सकती है।

## मरीन लाइफ

# जेलीफिश: प्रकृति का पारदर्शी चमत्कार




जेलीफिश का शरीर बेहद मुलायम, पारदर्शी और जेल जैसा होता है, जिससे इन्हें 'समुद्री जेली' भी कहा जाता है। इनका शरीर लगभग 95 प्रतिशत पानी से बना होता है, इसलिए ये बहुत हल्की होती हैं और समुद्र की लहरों के साथ आसानी से तैरती रहती हैं। जेलीफिश की सबसे खास बात यह है कि इनमें दिल, दिमाग और हड्डियां नहीं होतीं, फिर भी ये लाखों वर्षों से पृथ्वी पर जीवित हैं।

जेलीफिश को दिल की आवश्यकता इसलिए नहीं होती, क्योंकि इनके शरीर में रक्त संचार (ब्लड सर्कुलेशन) की जटिल प्रणाली नहीं होती। इनके शरीर की संरचना इतनी सरल होती है कि पानी सीधे इनके ऊतकों (टिश्यू) के बीच से गुजरता है। इसी पानी के माध्यम से ऑक्सीजन और पोषक तत्व शरीर के सभी हिस्सों तक पहुंच जाते हैं। इस प्रक्रिया को डिफ्यूजन कहा जाता है, जिससे ये बिना दिल और ब्लड वेसल्स के भी आसानी से जीवित रह पाती हैं। इनका शरीर मुख्य रूप से एक घंटी के आकार का होता है, जिसके नीचे लटकती हुई टेंटेकल्स होती हैं। इन टेंटेकल्स में सूक्ष्म डंक होते हैं, जिन्हें नेमाटोसिस्ट कहा जाता है। ये डंक शिकार को पकड़ने और खुद की रक्षा करने में मदद करते हैं। कुछ जेलीफिश का डंक इंसानों के लिए भी खतरनाक हो सकता है। जेलीफिश का अपना कोई विकसित दिमाग नहीं होता, लेकिन इनके पास एक सरल तंत्रिका जाल (nerve net) होता है, जो इन्हें अपने आसपास के वातावरण को महसूस करने में मदद करता है। ये प्रकाश और स्पर्श के प्रति प्रतिक्रिया कर सकती हैं, जिससे ये दिशा बदलने या खतरे से बचने में सक्षम होती हैं। एक और रोचक तथ्य यह है कि कुछ जेलीफ़िश प्रजातियां, जैसे कि 'अमर जेलीफिश', अपनी उम्र को वापस शुरुआती अवस्था में ले जाने की क्षमता रखती हैं, जिससे वे सैद्धांतिक रूप से अमर मानी जाती हैं। जेलीफिश समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ये छोटे जीवों को खाकर संतुलन बनाए रखती हैं और खुद भी कई बड़े समुद्री जीवों के भोजन का स्रोत होती हैं। इस तरह, अपनी सरल संरचना के बावजूद, जेलीफिश समुद्र के जीवन चक्र में एक अहम कड़ी हैं।

# सर्पविष का विज्ञान: संरचना और प्रभाव

भारत में आदिकाल से सांप से संबंधित फोकलोर और वैज्ञानिक साहित्य उपलब्ध है। आयुर्वेद में विष चिकित्सा में इनका वर्णन है। अंग्रेजों के समय में भारत उपमहाद्वीप ही नहीं, बल्कि श्रीलंका और बर्मा में पाए जाने वाले सांपों की प्रजातियों और इनके जहर के बारे में विशेष अध्ययन और डॉक्यूमेंटेशन वर्क हुआ था। इन पुस्तकों में सभी किस्म सांपों के हाथ से बनाए गए रंगीन चित्र दिए गए हैं। इनके बारे में बहुत सा अध्ययन ब्रिटेन की लैब्स में उन दिनों अंग्रेज वैज्ञानिकों ने किया था और मनुष्य में सांप के काटने के बाद शरीर में फैलने वाले इन जहरों को बे-असर करने के उपाय विकसित किए गए थे। आधुनिक मॉलिक्यूलर बायोलॉजीकल अध्ययनों से विभिन्न जहरीले सांपों के जहर की विस्मित करने वाली संरचनाएं सामने आई हैं। दवा उद्योग में सांपों के विभिन्न प्रकार के जहर की बड़ी मांग है, क्योंकि इस पर अरबों रुपये का उद्योग खड़ा किया गया है।



रणबीर सिंह
विज्ञान लेखक

मनुष्य और पालतू पशुओं की जान बचाने के लिए या एन्वीनोमिंग के लिए जो एंटीबाडीज और अन्य उत्पाद दवा फैक्ट्रीज में बनाए जाए हैं, उससे पहले इन पर व्यापक अध्ययन किया जाता है और खास तरह की प्रोसस्सेस को विकसित किया जाता है। अब सांप के काटे का टीका बनाने के लिए घोड़ों का इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि बायोटेक्नोलॉजी और केमिकल विधियों से इन्हें बड़ी मात्रा में निर्मित करना सिद्ध किया जा चुका है।

लोग सांप के प्रति एक ही प्रकार का नजरिया रखते हैं: मार देना। यह बिल्कुल प्रकृति विरुद्ध काम है। सांपों के परिवेश अर्थात हैबिटैट और व्यवहार का अध्ययन करने वाले कुछ और कहते हैं। भारत में सांपों की करीब 300 किस्में हैं और इनके रंग और हैबिटैट भी अलग है। इनमें से नाग अर्थात कोबरा, वाईपर की दो किस्में और करात ही जहरीले हैं। सांप प्रजातियों की खुराक अलग-अलग होती है। भारत में सभी सांप जहरीले नहीं हैं। इनमें चार प्रकार के जहर होते हैं। ये एक प्रकार के कुदरती एंजाइम अथवा प्रोटीन होते हैं और इनकी रासायनिक और मॉलिक्यूलर संरचना अलग-अलग तरह की होती है। ज्यादातर जहर चार प्रकार के असर वाले यथा न्यूरोटॉक्सिक, साइटोटॉक्सिक, हीमोटॉक्सिक और मायोटॉक्सिक हैं। अर्थात कोई जहर शरीर के नर्वस सिस्टम, दूसरा, रक्त कोशिकाओं, तीसरा शरीर के उत्तकों की कोशिकाओं और चौथा मांशपेशियों की कोशिकाओं को नष्ट करता है। सांप अपने शरीर में जहर का निर्माण अथवा सिंथेसिस शिकार को बेदम करने के लिए और अपनी रक्षा करने के लिए करते हैं। इन चारों किस्म के जहर का निर्माण करने के लिए सांप के शरीर में विशेष कोशिकाएं/ग्रंथियां होती हैं। विष का उत्पादन अत्यधिक विशिष्ट लार स्रावी ग्रंथियों के भीतर होता है। रूपांतरित ग्रंथियां अथवा एपिथीलियल कोशिकाएं विभिन्न प्रोटीन घटकों का संश्लेषण करती हैं। सांपों के जहर की एक बड़ी



वैरायटी फोस्फोलायीपेज ए-2 डाइजेस्टिव एंजाइम से 'तेज विकास' की प्रक्रिया के जरिए विकसित हुई है। इन जहरों के अलग-अलग टिश्यू टारगेट, मेम्ब्रेन रिसेप्टर और सेल प्लाज्मा मेम्ब्रेन को बदलने के अलग-अलग तरीके होते हैं। जहर जैसे असरात दिखाने वाले फोस्फोलायीपेज ए-2 की किस्मों से होने वाले दो सबसे आम असर हैं न्यूरोटॉक्सिसिटी और मायोटॉक्सिसिटी।

विभिन्नताओं के बावजूद, सांप का जहर एक जैसा सेल्यूलर घाव कैसे पैदा करते हैं, जो विकास के नजरिए से बहुत ज्यादा सुरक्षित है। वे शुरू में प्लाज्मा मेम्ब्रेन में गड़बड़ी पैदा करते हैं, जिससे साइटोसोलिक कैल्शियम आयन $Ca2+$ की मात्रा में भारी बढ़ोतरी होती है, जिससे सेल का क्षरण होता है। यह प्रक्रिया उन तरीकों से होती है, जिसमें मांसपेशियों के सेल्स और न्यूरोमस्कुलर जंक्शन प्रभावित होते हैं। उक्त कैल्शियम आयन एक धनात्मक आवेश वाला आयन है और कई जैविक तथा शारीरिक प्रक्रियाओं के लिए जरूरी है। यह एक द्विसंयोजी धनायन है, जिसका मतलब है कि जब एक उदासीन कैल्शियम परमाणु अपने दो सबसे बाहरी इलेक्ट्रॉन खो देता है, तो उस पर +2 का आवेश आ जाता है।

इस धनात्मक आवेश के कारण यह ऋणात्मक आवेश वाले आयनों (ऋणायनों)-जैसे कि फॉस्फेट और कार्बोनेट, के साथ आयनिक बंध बना पाता है। यह प्रक्रिया कैल्शियम लवणों के निर्माण और हड्डियों के खनिजीकरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जहरों से होने वाले अलग-अलग सिस्टमिक पैथोफिजियोलॉजिकल नतीजे सेल टॉक्सिसिटी के अलग-अलग तरीकों की वजह से नहीं होते, बल्कि टारगेट किए गए टिश्यू और सेल्स की अंदरूनी शारीरिक और जैविक विशेषताओं की वजह से होते हैं। फोस्फोलायीपेज ए-2 एक ऐसा एंजाइम है, जो फॉस्फोलिपिड्स के हाइड्रोलिसिस को उत्प्रेरित करता है।

### टॉक्सिन्स का अध्ययन

वाइपर सांप की किस्म के विष के मामले में, फोस्फोलायीपेज ए-2 द्वारा पैदा की गई स्थानीय विकृति अन्य विषाक्त घटकों -मुख्य रूप से जिंक-निर्भर मेटालोप्रोटीनेज, की क्रिया से और भी अधिक जटिल हो जाती है। ये घटक रक्तस्राव, फफोले और अन्य ऐसे बदलाव पैदा करते हैं, जो ऊतकों को व्यापक नुकसान पहुंचाने और ऊतकों के खराब पुनर्निर्माण के कारण होने वाले दीर्घकालिक परिणामों अर्थात सीक्वेली के लिए जिम्मेदार होते हैं। इसके अलावा, विषाक्त पदार्थों के कारण ऊतकों को होने वाला नुकसान बैक्टीरिया के संक्रमण के लिए अनुकूल परिस्थितियां पैदा करता है। यह संक्रमण स्थानीय विकृति को और भी अधिक जटिल बना देता है और अंततः गैंग्रीन तथा ऊतकों के नष्ट होने का कारण बन सकता है, जिसके परिणामस्वरूप प्रभावित अंग को काटकर अलग करने की आवश्यकता पड़ सकती है। इन फोस्फोलायीपेज ए-2 टॉक्सिन्स के समूह का गहन अध्ययन किया जाता है, क्योंकि कई देशों में सर्पदंश से मरने वाले लोगों की बड़ी संख्या बहुत गंभीर है। टॉक्सिन्स का अध्ययन इसलिए भी किया जाता है, क्योंकि वे ऊतकों और कोशिकाओं की कार्यप्रणाली के अज्ञात पहलुओं को उजागर करने में मदद कर सकते हैं।



## वैज्ञानिक फैक्ट

# क्यों दिखाई पड़ता है आकाश का रंग नीला

साफ और धूप वाले दिन जब हम आसमान की ओर देखते हैं, तो वह हमें चमकीला नीला दिखाई देता है, जबकि शाम के समय वही आकाश लाल, नारंगी और गुलाबी रंगों में बदल जाता है। यह परिवर्तन प्रकृति के एक बेहद रोचक वैज्ञानिक सिद्धांत पर आधारित है, जिसे समझने के लिए हमें प्रकाश और वायुमंडल की भूमिका जाननी होती है। सूर्य से आने वाला प्रकाश देखने में भले ही सफेद लगता हो, लेकिन वास्तव में यह कई रंगों लाल, नारंगी, पीला, हरा, नीला, जामुनी (इंडिगो) और बैंगनी का मिश्रण होता है। इन सभी रंगों की तरंगदैर्ध्य अलग-अलग होती है। लाल रंग की तरंगदैर्ध्य सबसे अधिक होती है, जबकि नीले और बैंगनी रंग की सबसे कम। कम तरंगदैर्ध्य वाले रंगों में ऊर्जा अधिक होती है और वे वातावरण में अधिक बिखरते हैं। जब सूर्य का प्रकाश पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करता है, तो वह गैसों (जैसे ऑक्सीजन और नाइट्रोजन), धूलकणों और जलवाष्प से टकराता है। इस टकराव के कारण प्रकाश का बिखराव होता है, जिसे वैज्ञानिक भाषा में "रेले प्रकीर्णन" कहा जाता है। इस प्रक्रिया में नीले और बैंगनी रंग की तरंगें सबसे अधिक बिखरती हैं। हालांकि बैंगनी रंग का बिखराव अधिक होता है, फिर भी हमें आकाश नीला दिखाई देता है। इसका कारण यह है कि हमारी आंखें नीले रंग के प्रति अधिक संवेदनशील होती हैं और सूर्य से भी नीले प्रकाश की मात्रा अपेक्षाकृत अधिक पहुंचती है।



दिन के समय सूर्य सिर के ऊपर होता है, जिससे प्रकाश को कम दूरी तय करनी पड़ती है और नीला प्रकाश हर दिशा में बिखरकर पूरे आकाश को नीला बना देता है, लेकिन सूर्योदय और सूर्यास्त के समय सूर्य क्षितिज के पास होता है, जिससे प्रकाश को अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। इस दौरान नीला और बैंगनी प्रकाश रास्ते में ही बिखर जाता है और हमारी आंखों तक मुख्यतः लाल, नारंगी और पीले रंग की किरणें पहुंचती हैं, जिससे आकाश का रंग बदल जाता है। ऊंचाई बढ़ने पर आकाश का रंग और गहरा नीला दिखाई देता है, क्योंकि वहां वायुमंडल पतला होता है और बिखराव कम होता है। अंतरिक्ष में तो लगभग कोई वायुमंडल नहीं होता, इसलिए वहां आकाश काला दिखाई देता है। इस प्रकार, आकाश का नीला रंग प्रकृति की एक सुंदर वैज्ञानिक प्रक्रिया का परिणाम है, जो हमें हर दिन एक नया और आकर्षक दृश्य प्रदान करती है।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
| --- | --- | --- |
| बंद हुआ | 77,988.68 | 24,196.75 |
| गिरावट | 122.56 | 34.55 |
| प्रतिशत में | 0.16 | 0.14 |

सोना 1,57,800 प्रति 10 ग्राम
चांदी 2,58,700 प्रति किलो

अमृत विचार
बरेली, शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com

# कारोबार

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन-** तुलसी 2535, राज श्री 1960, फ़ॉर्चून कि. 2685, रविन्द्रा 2540, फॉर्चुन 13kg 2365, जय जवान 2095, सचिन 2300, सूरज 2095, अवसर 2065, उजाला 2100, गृहणी 13 kg 2130, क्लासिक (kg) 2455, मोर 2300, चक्र टिन 2505, ब्लू 2380, आशीर्वाद मस्टर्ड 2420, स्वास्तिक 2490
**किराना-** निजामाबाद हल्दी 16000-18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 14000-18000, अजवायान 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 800-1150
**चावल (प्रति कु0)-**डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400,लाडली 4400
**दाल दलहन-** मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500-13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7450-9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10300-11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100-11800, अरहर कोरी छोटी 12700
**चीनी-** पीलीभीत 4320, बहेड़ी 4280, सितारगंज 4260

## बिजनेस ब्रीफ

### भारत-न्यूजीलैंड 27 को करेंगे एफटीए पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड 27 अप्रैल को मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करेंगे। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस मुक्त व्यापार समझौते का उद्देश्य घरेलू निर्यातकों के सामान को न्यूजीलैंड के बाजार में बिना किसी शुल्क के प्रवेश दिलाना है।

साथ ही इससे अगले 15 साल में 20 अरब डॉलर का निवेश आएगा। दोनों देशों ने पिछले साल 22 दिसंबर को व्यापार समझौते के लिए बातचीत पूरी होने की घोषणा की थी। इसका लक्ष्य अगले पांच साल में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना कर पांच अरब डॉलर तक पहुंचाना है।

# शेयरों में मुनाफावसूली से सेंसेक्स 123 अंक टूटा, निफ्टी 24,200 के नीचे बंद

## अमेरिका-ईरान वार्ता के दूसरे दौर पर स्पष्टता का इंतजार, मिलेगी बाजार के रुख को दिशा

**मुंबई, एजेंसी**

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 123 अंक टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी 24,200 अंक के नीचे बंद हुआ। हाल की तेजी के बाद बैंक और वित्तीय शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती बढ़त को गंवाते हुए 122.56 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,988.68 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला और 78,730.32 अंक तक पहुंच गया। हालांकि, बाद में ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली से यह गिरावट के साथ 77,674.93 अंक के निचले स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान सेंसेक्स में 1,055.39 अंक का उतार-चढ़ाव आया। एनएसई निफ्टी भी 34.55 अंक यानी 0.14 प्रतिशत टूटकर 24,196.75 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक ऊंचे में 24,400.95 तक गया और नीचे में 24,102.80 अंक तक आया।

पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेत के बीच दोनों मानक सूचकांकों में बुधवार को एक प्रतिशत से अधिक की तेजी आई थी। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एचडीएफसी बैंक में सबसे ज्यादा 1.75 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा




### गिरावट वाले शेयर
टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फाइनेंस

### ये रहे लाभ में
ट्रेंट, इटर्नल, अदाणी पोर्ट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और इन्फोसिस

### बढ़त में रहे अन्य एशियाई बाजार

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजार दोपहर के कारोबार में सकारात्मक दायरे में थे। अमेरिकी बाजार बुधवार को ज्यादातर बढ़त के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.51 प्रतिशत बढ़कर 96.36 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 666.15 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सेंसेक्स बुधवार को 1,263.67 अंक बढ़कर 78,111.24 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी 388.65 अंक बढ़कर 24,231.30 अंक पर रहा था।


### एक्सपर्ट्स की राय

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू बाजार की शुरुआत सकारात्मक रही। हालांकि, उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सौदों की साप्ताहिक समाप्ति के दिन बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। निवेशकों ने हाल की बढ़त के बाद मुनाफा वसूली की। बाजार को अमेरिका-ईरान वार्ता के दूसरे दौर पर स्पष्टता का इंतजार है, जो निकट भविष्य के बाजार के रुख को दिशा देगा।

लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक हरिप्रसाद के ने कहा कि भारतीय बाजार में आज उतार-चढ़ाव देखने को मिला। पश्चिम एशिया के प्रति बाजार धारणा संवेदनशील है। क्षेत्रवार रुझान मिलाजुला रहा। धातु, आईटी और ऊर्जा शेयरों ने सूचकांक को सहारा दिया, जबकि बैंक और वाहन शेयरों पर कुछ दबाव देखने को मिला।

## लगातार मांग से चांदी 1700 रुपये चढ़ी, सोना टूटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी की कीमत 1,700 रुपये बढ़कर 2.58 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इसकी वजह लगातार मांग और मज़बूत वैश्विक रुख था, जबकि निवेशक भू-राजनीतिक घटनाक्रम और मुद्रा के उतार-चढ़ाव पर नज़र रखे हुए थे। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी 1,700 रुपये या लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 2,58,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई, जबकि पिछली सत्र में यह 2,57,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।



हालांकि, 99.9 प्रतिशत वाला सोना 200 रुपये टूटकर 1,57,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गया। बुधवार को, सोने की कीमत 1,58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि बृहस्पतिवार को सोने में सीमित दायरे में कारोबार हुआ, जो मिले-जुले बाजार संकेतों को दिखाता है।

## वैश्विक वृद्धि में मुख्य भूमिका निभाएगा एशिया : आईएमएफ

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने बृहस्पतिवार को कहा कि एशिया वैश्विक वृद्धि का मुख्य चालक बना रहेगा, जिसमें भारत और चीन क्षेत्रीय विस्तार में 70 प्रतिशत का योगदान देंगे। साथ ही संगठन ने यह भी कहा कि खाड़ी संकट के कारण ऊर्जा का झटका इस क्षेत्र को नकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा।



आईएमएफ ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि अमेरिकी शुल्क और व्यापारिक अनिश्चितता के चलते क्षेत्रीय वृद्धि दर के 2026 में घटकर 4.4 प्रतिशत और 2027 में 4.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह आंकड़ा 2025 में 5% था।

आईएमएफ के एशिया प्रशांत विभाग के निदेशक कृष्णा श्रीनिवासन ने यहां पत्रकारों से कहा कि एशिया ने 2026 में एक मजबूत स्थिति के साथ प्रवेश किया है और अमेरिकी शुल्कों तथा बढ़ती अनिश्चितता का खामियाजा भुगतने के बावजूद क्षेत्र की वृद्धि दर जुझारू बनी हुई है। हालांकि, उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की जीवाश्म ईंधन पर उच्च निर्भरता और प्रमुख वस्तुओं के लिए संघर्ष वाले क्षेत्रों पर निर्भरता को देखते हुए, ऊर्जा का नया झटका उन्हें नकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा। इससे मुद्रास्फीति बढ़ रही है, बाहरी संतुलन कमजोर हो रहा है और वित्तीय मोर्चे पर सख्ती बढ़ रही है।

### यूपी रेरा ने लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद समेत आठ जिलों में दी स्वीकृति

# 1300 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित होंगी 13 परियोजनाएं

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**


न्यू हैदराबाद स्थित रेरा मुख्यालय पर बैठक करते अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी।

**अमृत विचार :** लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, गाजियाबाद, वाराणसी, गौतमबुद्ध नगर व मथुरा में 1,300.38 करोड़ के निवेश से 13 परियोजनाएं विकसित की जाएंगी। गुरुवार को उप्र विनियामक प्राधिकरण (रेरा) की 200वीं बैठक में परियोजनाओं को मंजूरी दी गई।

इनमें बिल्डरों द्वारा 1,976 आवासीय और व्यावसायिक इकाइयां निर्मित करके भूखंड, फ्लैट, विला व दुकानें आदि बिक्री किए जाएंगे। न्यू हैदराबाद स्थित रेरा मुख्यालय पर अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी की अध्यक्षता में बैठक हुई। निवेश और इकाइयों की संख्या में गाजियाबाद अग्रणी रहा। जहां 767.58 करोड़ की लागत से दो आवासीय परियोजनाओं में कुल 1,137 इकाइयां निर्मित करने को मंजूरी दी गई।

- **1,976 व्यावसायिक व आवासीय इकाई निर्मित करेंगे बिल्डर**
- **बरेली में 16.33 करोड़ की आवासीय परियोजना मंजूर**

लखनऊ में सबसे अधिक 66.55 करोड़ की कुल पांच परियोजनाएं स्वीकृत की गईं। इनमें दो आवासीय, दो व्यावसायिक और एक मिश्रित उपयोग की परियोजना में 404 इकाइयां विकसित की जाएंगी।

बरेली में 16.33 करोड़ रुपये लागत की एक आवासीय परियोजना स्वीकृत की गई। इस परियोजना में 84 आवासीय इकाइयां निर्मित की जाएंगी। इसके अलावा गौतमबुद्ध नगर में 141.14 करोड़ रुपये की एक व्यावसायिक परियोजना में 21 इकाई, मथुरा में 160.93 करोड़ रुपये की एक आवासीय परियोजना में 198 इकाई, सहारनपुर में 131.49 करोड़ रुपये से एक आवासीय परियोजना में 83 इकाई विकसित की जाएंगी।

इसी तरह वाराणसी में 2.50 करोड़ रुपये से एक व्यावसायिक परियोजना में 20 इकाइयां व मुरादाबाद में 13.86 करोड़ रुपये से एक आवासीय परियोजना में 29 इकाइयां स्वीकृत की गईं।




# SIP: छोटे कदम, बड़ा निवेश

**कारोबार डेस्क**

आज के समय में निवेश की दुनिया तेजी से बदल रही है। ऐसे में SIP अर्थात सिस्टेमैटिक इंवेस्टमेंट प्लान, आम निवेशकों के बीच एक लोकप्रिय और भरोसेमंद विकल्प बनकर उभरा है। एसआईपी के जरिए आप म्यूचुअल फंड में नियमित रूप से छोटी-छोटी रकम निवेश कर सकते हैं, जिससे लंबे समय में अच्छा फंड तैयार हो सकता है। आइए समझते हैं कि क्या है एसआईपी और यह कैसे हमारे पैसे को बढ़ाता है-




### क्या है एसआईपी
- SIP एक ऐसी निवेश पद्धति है जिसमें आप हर महीने (या तय अवधि पर) एक निश्चित राशि म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं। यह निवेश बाजार के उतार-चढ़ाव के हिसाब से यूनिट्स खरीदता है। जब बाजार नीचे होता है तो ज्यादा यूनिट मिलती हैं और जब ऊपर होता है तो कम—इसे रुपी कॉस्ट एवरेजिंग कहते हैं।

### क्यों है SIP फायदेमंद
- **छोटे निवेश से शुरुआत :** आप 100 या 500 रुपये महीने से भी शुरू कर सकते हैं।
- **अनुशासन बनाता है :** नियमित निवेश की आदत डालता है।
- **कंपाउंडिंग का लाभ :** समय के साथ आपका पैसा तेजी से बढ़ सकता है।
- **मार्केट टाइमिंग की चिंता नहीं :** बाजार कब ऊपर या नीचे जाएगा, इसकी चिंता कम हो जाती है।

### आसानी से समझें
- **क्या SIP सुरक्षित है?**
-एसआईपी खुद में सुरक्षित या असुरक्षित नहीं है, यह उस म्यूचुअल फंड पर निर्भर करता है जिसमें आप निवेश कर रहे हैं। इक्विटी फंड में जोखिम अधिक होता है, जबकि डेट फंड अपेक्षाकृत सुरक्षित होते हैं।
- **क्या बीच में एसआईपी बंद कर सकते हैं?**
-हाँ, एसआईपी को कभी भी रोका या बदला जा सकता है। इसमें कोई पेनाल्टी नहीं होती। हालांकि ये हर महीने जमा करते हैं लेकिन डाकघर की आरडी से अलग और लाभकारी है।
- **मार्केट गिरने पर क्या करें?**
-अधिकांश निवेशक घबरा जाते हैं, लेकिन यही समय SIP जारी रखने का होता है क्योंकि आपको सस्ती यूनिट्स मिलती हैं।
- **सबसे जरूरी सलाह**
-सिर्फ हाई रिटर्न देखकर फंड न चुनें। फंड का चुनाव उसके पिछले 3—5 साल का प्रदर्शन देखकर उसका विश्लेषण करने के बाद लें। बेहतर होगा किसी वित्तीय सलाहकार के माध्यम से चुनें।

### निवेश से पहले ध्यान रखने योग्य बातें
- अपने लक्ष्य (जैसे बच्चों की शिक्षा, रिटायरमेंट) स्पष्ट करें।
- जोखिम सहने की क्षमता समझें।
- सही फंड का चयन करें (एक्सपर्ट की सलाह लें तो बेहतर)
- लक्ष्य प्राप्ति और बड़ा फंड एकत्र करने के लिए लंबी अवधि जैसे 5 से 10 वर्ष तक निवेश का नजरिया रखें।
- निरंतरता बनाए रखें, चाहे बाजार चढ़े या गिरावट आए।

### आदर्श SIP पोर्टफोलियों
- अगर आप 500—1000 SIP शुरू कर रहे हैं :
- 40% Flexi Cap Fund
  30% Large Cap Fund
  30% Mid/Small Cap
- इससे आपका जोखिम संतुलित रहेगा और रिटर्न की संभावना भी अच्छी होगी।

### काम की बात
- SIP आम निवेशक के लिए एक आसान, लचीला और प्रभावी निवेश तरीका है। सही योजना और धैर्य के साथ यह आपके वित्तीय लक्ष्यों को हासिल करने में मजबूत सहायक बन सकता है। निवेश में जल्दबाजी नहीं, निरंतरता ही सफलता की कुंजी है। ...तो एसआईपी में निवेश कर बढ़ाएं अपना धन। ...शुभ निवेश



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# बंगाल की समस्याओं का हल है भाजपा की डबल इंजन सरकार : योगी आदित्यनाथ

**रामपुरहाट (पश्चिम बंगाल), एजेंसी**


पश्चिम बंगाल के रामपुरहाट में एक जनसभा के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि पिछले 15 वर्षों में भ्रष्टाचार, जबरन वसूली और माफिया राज ने पश्चिम बंगाल को पहचान के संकट में धकेल दिया है।

योगी आदित्यनाथ ने भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में बीरभूम जिले के रामपुरहाट में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि बंगाल के लोगों को अब तृणमूल कांग्रेस की जरूरत नहीं है और मतदाताओं से आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा का समर्थन करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों से बंगाल पहचान के संकट का सामना कर रहा है। तृणमूल कांग्रेस सरकार में आतंक, जबरन वसूली, भ्रष्टाचार और माफिया राज प्रदेश की पहचान बन गए हैं। आम लोगों, खासकर महिलाओं और युवाओं के बीच डर का माहौल उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि लोग खौफ में जी रहे हैं। बेटियां और बहनें सुरक्षित नहीं हैं, युवाओं का कोई भविष्य नहीं है और राजनीतिक संरक्षण में माफिया पनप रहे है। भाजपा इस माफिया संस्कृति को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।

वर्ष 2017 में उत्तर प्रदेश में भाजपा के सत्ता में आने से पहले के हालात की तुलना पश्चिम बंगाल से करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि उनका राज्य भी कभी लगातार दंगों, कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति और बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का गवाह रहा था। उन्होंने कहा कि बंगाल में आज जो स्थिति दिख रही है, वह नौ साल पहले उत्तर प्रदेश में थी।

## अभिषेक ने अमित शाह को दी मतगणना के दिन मौजूद रहने की चुनौती

**कोलकाता, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने भाजपा पर पश्चिम बंगाल चुनावों से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने का आरोप लगाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को मतगणना के दिन कोलकाता में मौजूद रहने की बृहस्पतिवार को चुनौती दी। पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले के भगवानपुर में एक चुनावी रैली में बनर्जी ने कहा कि अगर आपमें हिम्मत है, तो मतगणना के दिन कोलकाता में मौजूद रहें, तब हम देखेंगे। उन्होंने ममता बनर्जी के चौथी बार सत्ता में लौटने का विश्वास व्यक्त किया। मतगणना चार मई को होगी। भाजपा नेताओं से धमकियां मिलने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि हमें धमकियां मिल रही हैं। गृह मंत्री कह रहे हैं कि तृणमूल कार्यकर्ता अपने घरों से बाहर न निकलें वरना उन्हें जेल भेज दिया जाएगा। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि किसी में इतनी हिम्मत नहीं है कि वह यहां आकर बंगाल के लोगों को धमकाए।

# महिला आरक्षण कानून में संशोधन और परिसीमन को जोड़ना साजिश है: बनर्जी

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि महिला आरक्षण कानून में संशोधन और परिसीमन आयोग के गठन से संबंधित विधेयकों को कथित तौर पर आपस में जोड़ना मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटाने और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने की साजिश है।

बनर्जी ने कूच बिहार जिले के माथाभंगा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयकों को जोड़कर भारत को बांटने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयकों को आपस में जोड़कर भारत को बांटने की कोशिश की जा रही है। इन विधेयकों को आपस में जोड़ना मतदाताओं के नाम हटाने और एनआरसी को लागू करने की साजिश है।


जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

बता दें कि सरकार ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में विपक्ष के विरोध के बीच महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन और परिसीमन से संबंधित तीन विधेयकों को पेश किया। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 'संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026' और 'परिसीमन विधेयक, 2026' पेश किए, वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' पेश किया।

बनर्जी ने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षण विधेयक तो बहुत पहले ही पारित हो चुका था, फिर इसके कार्यान्वयन में देरी क्यों हुई? तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ने दावा किया कि लोकसभा में उसके निर्वाचित सांसदों में से 37 प्रतिशत महिलाएं हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बुधवार को पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान कथित तौर पर कार्ड बांटने का जिक्र करते हुए, बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का कथित उल्लंघन करने के लिए उन्हें (सीतारमण) पद से हटाने की चुनौती दी।


लोगों को संबोधित करते तमिलनाडु के सीएम स्टालिन।

## तमिलनाडु : स्टालिन ने जलाई परिसीमन विधेयक की प्रति, इसे बताया 'काला कानून'

**चेन्नई/नामक्कल, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने बृहस्पतिवार को परिसीमन विधेयक की एक प्रति जलाकर उसे काला कानून करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह विधेयक तमिल लोगों को उनकी अपनी ही भूमि में शरणार्थी बनाने का प्रयास है। महिला आरक्षण संशोधन अधिनियम पर संसद के बजट सत्र की विशेष बैठक से कुछ घंटे पहले स्टालिन ने काला झंडा दिखाया, केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई परिसीमन विधेयक की एक प्रति जलाई और नारे लगाए। मुख्यमंत्री चुनाव प्रचार के सिलसिले में पश्चिमी तमिलनाडु के नामक्कल में हैं और वहां उन्होंने विधेयक की प्रति जलाई। स्टालिन और काले वस्त्र पहने अन्य लोगों ने इस बीच नारे लगाए। उन्होंने 'पोराडावोम, वेलवोम ओन्द्रगा (आइए हम मिलकर संघर्ष करें, साथ मिलकर जीतें) का नारा भी लगाया। स्टालिन द्वारा विधेयक की प्रति जलाने के बाद पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों और निर्वाचित प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में विधेयक की प्रतियां जलाईं। उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान मदुरै में विधेयक की एक प्रति जलाई। उपमुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि परिसीमन केंद्र सरकार के हाथों में राज्य के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को खत्म करने का एक हथियार है।


जनसम्पर्क करते टीवीके प्रमुख विजय।

## चुनाव घोषणा पत्र : टीवीके प्रमुख बोले- महिलाओं को 2500 रुपये मासिक देंगे

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के प्रमुख विजय ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को अपनी पार्टी का घोषणापत्र जारी किया जिसमें महिलाओं के लिए 2,500 रुपये की मासिक सहायता और निर्धन तबके की महिलाओं की शादी के वास्ते आठ ग्राम सोना देने का वादा किया गया है। विजय ने इन महिलाओं की शादी के लिए सोने के अलावा उच्च गुणवत्ता वाली रेशम की एक साड़ी देने का भी वादा किया। उन्होंने महिलाओं द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूहों के वास्ते पांच लाख रुपये तक के ब्याज मुक्त ऋण और बच्चों को बीच में पढ़ाई छोड़ने से रोकने के लिए माताओं को प्रतिवर्ष 15 हजार रुपये देने का भी आश्वासन दिया। विजय ने पांच एकड़ से कम भूमि वाले किसानों के लिए पूर्ण सहकारी फसल ऋण माफी और धान के लिए 3,500 रुपये प्रति क्विंटल का न्यूनतम समर्थन मूल्य देने का वादा किया।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### इजराइल के हमलों में चार लेबनानी राहत कर्मियों की मौत

**टायरे।** इजराइली सेना के बुधवार को लगातार तीन लक्षित हमलों में चार लेबनानी बचावकर्मी मारे गए और छह घायल हो गए। यह घटना नबातिएह के पास स्थित दक्षिणी गांव मयफदौन में हुई, जहां पहले हमले में घायल नागरिकों की मदद के लिए पहुंचे बचावकर्मियों को निशाना बनाया गया। दूसरे हमले में, पहले से घायल साथियों की सहायता करने पहुंचे दल को निशाना बनाया गया, जबकि तीसरा हमला उन राहतकर्मियों पर हुआ जो पहले दो समूहों की मदद के लिए पहुंचे थे। लेबनान ने इन हमलों को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया है। इस्लामिक हेल्थ कमेटी के अधिकारी अबू हैदर हया ने कहा कि राहतकर्मियों को निशाना बनाना संकेत है कि इस युद्ध में कोई सीमा रेखा नहीं बची है।

### लश्कर ए तैयबा के सह संस्थापक को लाहौर में गोली मारी, घायल

**लाहौर।** पाकिस्तान स्थित लश्कर ए तैयबा आतंकी समूह का सह संस्थापक आमिर हमजा बृहस्पतिवार को लाहौर में मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात बंदूकधारियों के हमले में गोली लगने से घायल हो गया। हमजा को लश्कर ए तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद के बाद दूसरा सबसे महत्वपूर्ण नेता माना जाता है। सईद आतंकी वित्तपोषण मामलों में कई वर्षों की सजा के बाद 2019 से लाहौर की कोट लखपत जेल में बंद है। अज्ञात बंदूकधारियों ने गृह मंत्री मोहसिन नकवी के स्वामित्व वाले निजी टीवी चैनल '24 न्यूजएचडी टीवी' के वाहन पर गोलीबारी की। चैनल के धार्मिक कार्यक्रम के मेजबान न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) नजीर अहमद गाजी और हमजा वाहन में सवार थे। इस हमले में हमजा को गोली लगी जबकि गाजी बाल-बाल बच गए।

### नीदरलैंड्स में जेलेंस्की को अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा

**मिडलबर्ग।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को बृहस्पतिवार को एक समारोह में प्रतिष्ठित इंटरनेशनल फोर फ्रीडम अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। जेलेंस्की को यह पुरस्कार रूस द्वारा चार वर्ष से अधिक समय पहले शुरू किए गए युद्ध के जवाब में उनके और उनके देश के साहस और दृढ़ता के लिए रूजवेल्ट फाउंडेशन द्वारा प्रदान किया गया। रूजवेल्ट फाउंडेशन की स्थापना 1982 में की गई थी। फाउंडेशन के अध्यक्ष ह्यूगो डी जोंगे ने बृहस्पति को कहा, हम यूक्रेन की जनता के अटूट साहस और दृढ़ संकल्प व उनके राष्ट्रपति जेलेंस्की के दृढ़ व संकल्पित नेतृत्व को सर्वोच्च सम्मान देते हैं। नीदरलैंड्स के प्रधानमंत्री रॉब जेटेन ने जेलेंस्की को सम्मानित किया।

# ईरान युद्ध : यूरोप में बढ़ा संकट, सिर्फ छह सप्ताह के लिए बचा विमान ईंधन

## आईआईए ने सबसे बड़ा ऊर्जा संकट करार दिया, कहा- युद्ध जारी रहा तो रद्द होंगी उड़ानें

पेरिस, एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के प्रमुख फातिह बिरोल ने बृहस्पतिवार को आगाह किया कि यूरोप के पास संभवतः करीब छह हफ्ते का विमान ईंधन ही बचा है और यदि ईरान युद्ध के कारण तेल आपूर्ति बाधित रहती है तो जल्द ही उड़ानें रद्द करने की नौबत आ सकती हैं।

आईईए के कार्यकारी निदेशक फातिह बिरोल ने एक साक्षात्कार में पश्चिम संकट के वैश्विक प्रभावों की गंभीर स्थिति बयां करते हुए इसे अब तक का सबसे बड़ा ऊर्जा संकट करार दिया जो दरअसल होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिए तेल, गैस एवं अन्य महत्वपूर्ण आपूर्ति के बाधित होने से पैदा हुआ है। बिरोल ने कहा, पहले डायर (भयानक) स्ट्रेट्स नाम का एक समूह था। अब यह सचमुच एक डायर स्ट्रेट बन गया है और इसका वैश्विक अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर पड़ेगा। यह जितना लंबा चलेगा, वैश्विक आर्थिक वृद्धि और महंगाई के लिए उतना ही खराब होगा। बिरोल ने कहा कि इसका प्रभाव पेट्रोल (गैसोलीन) की ऊंची कीमतें, गैस की बढ़ती कीमतें और बिजली की महंगी दरों के रूप में दिखाई देगा जबकि दुनिया के कुछ हिस्से दूसरों की तुलना में अधिक प्रभावित होंगे।

उन्होंने कहा, सबसे ज्यादा असर एशियाई देशों पर पड़ेगा जो पश्चिम एशिया से ऊर्जा पर निर्भर हैं जिनमें जापान, दक्षिण कोरिया, भारत, चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश शामिल हैं। इसके बाद इसका प्रभाव यूरोप और अमेरिका पर पड़ेगा। उन्होंने आगाह किया कि यदि होर्मुज नहीं खुलता है तो जल्द ही हम यह खबर सुन सकते हैं कि विमान ईंधन की कमी के कारण एक शहर से दूसरे शहर के लिए उड़ानें रद्द की जा सकती हैं।




### अमेरिकी सीनेट में युद्ध रोकने का प्रस्ताव खारिज

**वाशिंगटन।** अमेरिका की सीनेट ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को रोकने वाले प्रस्ताव को खारिज कर दिया। इस पहल का 52 सीनेटरों ने विरोध और 47 ने समर्थन किया। यह वोट इस साल चौथी बार है जब सांसदों ने इसकी वैधता और दायरे को लेकर जताई गई चिंताओं के बावजूद औपचारिक मंजूरी के बिना यह युद्ध जारी रखने की अनुमति दी है।

### अराघची ने मुनीर से कहा- गैरकानूनी युद्ध के स्थायी अंत की शर्तों को देंगे प्राथमिकता

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि उनके देश पर थोपे गए गैरकानूनी युद्ध के निर्णायक और स्थायी अंत की शर्तें उनकी प्राथमिकता हैं और अमेरिकी मीडिया में उसके रुख को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हम पाकिस्तान के प्रयासों के लिए आभारी हैं और हमने कभी इस्लामाबाद जाने से इन्कार नहीं किया। हमारे लिए अहम है कि हम पर थोपे गए इस गैरकानूनी युद्ध का निर्णायक और स्थायी अंत किन शर्तों पर होगा। अराघची ने बुधवार को तेहरान में पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर से मुलाकात के दौरान यह बात कही। उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे मुनीर के साथ पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय, सुरक्षा संस्थानों और तकनीकी विशेषज्ञों के प्रतिनिधि शामिल थे।

### वार्ता के दूसरे दौर की तारीख अभी तय नहीं : पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत के दूसरे दौर के लिए अभी कोई तारीख तय नहीं की गई है। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी का यह बयान उन खबरों के बीच आया है कि पाकिस्तानी पक्ष द्वारा ईरानी नेतृत्व सहित क्षेत्रीय नेताओं के साथ किए गए हालिया संपर्क के बाद बातचीत का एक और दौर संभव है।

### चीन के बदले सुर, कहा- होर्मुज खोलना अंतरराष्ट्रीय समुदाय की साझा मांग

**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने ईरान से होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिए सुरक्षित और निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने को कहा है। तेहरान के अमेरिका के साथ युद्ध के दौरान इस अहम समुद्री मार्ग पर दबाव बढ़ाने के बीच बीजिंग की ओर यह पहली अपील है। वांग यी ने बुधवार को अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची से फोन पर बातचीत के दौरान अंतरराष्ट्रीय नौवहन की स्वतंत्रता और सुरक्षा की गारंटी मांगी। वांग की यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के नेतृत्व में पाकिस्तान का एक मध्यस्थता प्रतिनिधिमंडल बुधवार को तेहरान पहुंचा, जहां उसने इस्लामाबाद में अमेरिका-ईरान के बीच दूसरे दौर की वार्ता के लिए नए शांति प्रस्तावों पर चर्चा की। ईरान का करीबी सहयोगी और उसके तेल का सबसे बड़ा आयातक चीन भी अमेरिकी नाकेबंदी से बढ़ते ऊर्जा संकट को लेकर चिंतित है। इस नाकेबंदी के कारण ईरान के बंदरगाहों से तेल और गैस ले जाने वाले जहाजों की आवाजाही प्रभावित हो रही है।

# विफल हो रहा है अखिल भारतीय सेवा के निर्माण का उद्देश्य..ये देश का दुर्भाग्य

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल सरकार और निर्वाचन आयोग के बीच अविश्वास को उजागर करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को चुनाव निकाय की ओर से राज्य में 1,000 से अधिक प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के तबादलों को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने टिप्पणी की कि यह देश का दुर्भाग्य है कि अखिल भारतीय सेवाओं के निर्माण का उद्देश्य विफल हो रहा है।

हालांकि सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने इस विवादास्पद कानूनी प्रश्न को भविष्य में विचार के लिए खुला रखा कि क्या निर्वाचन आयोग को चुनाव वाले राज्यों में प्रशासनिक परिवर्तन करने से पहले संबंधित राज्य से परामर्श करने की आवश्यकता है। सीजेआई ने कहा कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर की कवायद में न्यायालय को न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति करनी पड़ी क्योंकि पक्षों के बीच विश्वास की कमी थी। पीठ ने कहा, आयोग को राज्य सरकार के अधिकारियों पर भरोसा नहीं है और राज्य को उनके आयोग द्वारा लाए गए अधिकारियों पर भरोसा नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने 31 मार्च के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया।

पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग द्वारा अधिकारियों के तबादलों को चुनौती देने वाली जनहित याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था।सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता अर्का कुमार नाग की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कल्याण बनर्जी ने कहा कि विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद पश्चिम बंगाल में लगभग 1,100 अधिकारियों का रातोंरात तबादला कर दिया गया। पहली बार किसी राज्य के मुख्य सचिव का इस तरह से तबादला किया गया है। पीठ ने टिप्पणी की, ऐसा पहली बार नहीं हुआ है या ऐसा सिर्फ इसी राज्य में नहीं हुआ है। बनर्जी ने कहा कि निर्वाचन आयोग को इस तरह तबादलों से पहले राज्य से परामर्श करने की आवश्यकता है। सीजेआई ने पूछा, जिन अधिकारियों का तबादला हुआ है, वे सभी पश्चिम बंगाल कैडर के हैं। ऐसा नहीं है कि अन्य राज्यों के अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। बनर्जी ने कहा कि याचिकाकर्ता यह तर्क नहीं दे रहा है कि न्यायालय को अधिकारियों के तबादलों पर रोक लगानी चाहिए, बल्कि उसने इस मामले में कानून का एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया है। पीठ ने कहा, हम उचित मामले में इस पर निर्णय लेंगे। हम कानून के प्रश्न को खुला रखेंगे।



• सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल में अधिकारियों के तबादलों के खिलाफ दायर याचिका पर की टिप्पणी

### मुस्लिम पर्सनल लॉ के प्रावधानों के खिलाफ याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को केंद्र से उस जनहित याचिका पर जवाब मांगा जिसमें मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट, 1937 के कुछ प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। याचिका में इन प्रावधानों को इस आधार पर चुनौती दी गई है कि ये महिलाओं के खिलाफ कथित तौर पर भेदभावपूर्ण हैं। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने याचिकाकर्ताओं पौलोमी पाविनी शुक्ला और न्याय नारी फाउंडेशन की ओर से मामले में पेश हुए वकील प्रशांत भूषण की दलीलों पर गौर किया और केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय को नोटिस जारी किया।

# सैन्य संघर्ष किसी समस्या का हल नहीं हो सकता

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि दुनिया एक बेहद तनावपूर्ण स्थिति से गुजर रही है, जिससे सभी देश प्रभावित हो रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह कहते हुए यूक्रेन और पश्चिम एशिया में स्थायी शांति लाने की अपील की कि सैन्य संघर्ष से किसी भी समस्या का हल नहीं हो सकता।

मोदी ने ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर के साथ व्यापक वार्ता के बाद यह टिप्पणी की, जिसमें व्यापार, रक्षा और अवसंरचना के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया गया। अपनी वार्ता में मोदी और स्टॉकर ने पश्चिम एशिया और यूक्रेन में संघर्षों के वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहे प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की और उन्हें कम करने के लिए संयुक्त रूप से काम करने का संकल्प लिया। ऑस्ट्रिया के चांसलर विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से चार दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को नयी दिल्ली पहुंचे। भारत की यह उनकी पहली आधिकारिक यात्रा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने बयान में कहा, पूरी दुनिया बहुत ही गंभीर और तनावपूर्ण स्थिति से गुजर रही है और यह स्थिति हम सब को प्रभावित कर रही है। ऐसे तनावपूर्ण वैश्विक माहौल में भारत और ऑस्ट्रिया इस बात पर एकमत हैं कि सैन्य संघर्ष से समस्याओं का हल नहीं हो सकता। चाहे यूक्रेन हो या पश्चिम एशिया, हम एक स्थिर, टिकाऊ और स्थायी शांति का समर्थन करते हैं।



• प्रधानमंत्री मोदी ने ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर के साथ वार्ता के बाद की टिप्पणी

### छह समझौतों पर दोनों पक्षों ने किए हस्ताक्षर

मोदी-स्टॉकर वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने छह समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिनमें एक समझौता भारतीय और ऑस्ट्रियाई कंपनियों को एक-दूसरे के यहां निवेश करने में सहायता के लिए एक त्वरित तंत्र स्थापित करने से संबंधित है। सैन्य क्षेत्र में सहयोग के लिए भी एक समझौता किया गया। मोदी ने स्टॉकर की यात्रा को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया और भारत में रेलवे के साथ-साथ स्वच्छ ऊर्जा पहल सहित कई इंजीनियरिंग परियोजनाओं में ऑस्ट्रियाई कंपनियों की भागीदारी का उल्लेख किया। मोदी ने कहा, भारत-यूरोपीय संघ के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता होने के बाद, भारत और यूरोपीय संघ के संबंधों में एक नया स्वर्णिम अध्याय शुरू हो गया है। चांसलर स्टॉकर की यात्रा के साथ, हम भारत-ऑस्ट्रिया संबंधों को भी एक नए युग में ले जा रहे हैं।

### ट्रंप महाभियोग मामले में जांच की सिफारिश

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले महाभियोग जांच से जुड़े दो पूर्व अधिकारियों के खिलाफ न्याय विभाग (डीओजे) को जांच करने का निर्देश दिया है।

गबार्ड के कार्यालय ने पुष्टि की कि उन्होंने एक व्हिसलब्लोअर और खुफिया समुदाय के एक पूर्व निगरानी अधिकारी के खिलाफ आपराधिक संदर्भ तैयार किए हैं, हालांकि किसी विशेष अपराध का उल्लेख नहीं किया गया है। गबार्ड के कार्यालय के प्रवक्ता ने कहा कि इन संदर्भों पर आपराधिक जांच शुरू करनी है या नहीं, यह निर्णय न्याय विभाग के अभियोजक लेंगे।

# रूस के यूक्रेन के नागरिक क्षेत्रों में हमले, 16 लोगों की मौत

कीव, एजेंसी

रूस ने यूक्रेन के नागरिक क्षेत्रों पर कई घंटे तक सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया। इस हमले में 16 लोग मारे गए और 80 से अधिक लोग घायल हो गए। लगभग दो सप्ताह में यूक्रेन को निशाना बनाकर किया गया रूस का यह सबसे बड़ा हवाई हमला था।

अधिकारियों ने बताया कि रूस ने लगभग 700 ड्रोन और कई बैलिस्टिक एवं क्रूज मिसाइलें दागीं, जिनका मुख्य निशाना आम नागरिक थे। रूस ने चार साल से अधिक समय पहले पड़ोसी देश पर आक्रमण किया था और तब से रूसी सेना लगभग हर दिन नागरिक क्षेत्रों पर हमले कर रही है। नियमित हमलों के बीच-बीच में बड़े पैमाने पर हमले भी होते रहते हैं।

संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि इन हमलों में 15,000 से अधिक यूक्रेनी नागरिक मारे गए हैं। ताजा बमबारी यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की इस सप्ताह जर्मनी, नॉर्वे और इटली की 48 घंटे की यात्रा के बाद हुई है। यात्रा के दौरान जेलेंस्की ने रूसी मिसाइलों को रोकने में सक्षम और अधिक वायु रक्षा प्रणालियों की तत्काल मांग की थी।

## सुकून तलाश करने की राह में खतरे भी हैं

# क्या आपकी दीवारें सब देख रही हैं

सोचिए, आप ऑफिस से थके-हारे घर लौटते हैं, दरवाजा अपने आप खुल जाता है, कॉफी मेकर मशीन गरम कॉफी तैयार रखती है और आपकी पसंद का म्यूजिक बजने लगता है। वैसे तो यह जादुई सा लगता है, लेकिन दरअसल इस आराम के पीछे एक ऐसी कीमत है जो आप अनजाने में चुका रहे हैं। आपके घर के स्मार्ट उपकरण चाहे वह स्मार्ट टीवी हो, फ्रिज हो या रोबोट वैक्यूम क्लीनर, वे सिर्फ आपकी सेवा नहीं कर रहे, बल्कि वे आपके निजी जीवन का एक लाइव डेटा मैप भी बना रहे होते हैं।




इंटरनेट ऑफ थिंग्स के इस युग में हर उपकरण इंटरनेट से जुड़ा है। इसका मतलब है कि आपके घर की हर हलचल डेटा बनकर कंपनी के सर्वर पर जा रही है।

### ऐसे समझें यह सारा माजरा

- **रोबोट वैक्यूम का मैप :** रोबोट वैक्यूम क्लीनर पूरे घर का एक थ्री डी मैप बनाता है। उसे पता है कि आपका बेडरूम कितना बड़ा है और घर में कितना फर्नीचर है और आपकी लाइफस्टाइल कैसी है। यह डेटा रियल एस्टेट या फर्नीचर कंपनियों के लिए बहुत कीमती है।
- **स्मार्ट टीवी की नजर :** स्मार्ट टीवी में ऑटोमैटिक कन्टेंट रिकग्नीशन तकनीक होती है। यह न केवल यह ट्रैक करता है कि आप क्या देख रहे हैं, बल्कि टीवी में लगे सेंसर और माइक यह भी जान सकते हैं कि कमरे में कितने लोग बैठे हैं।
- **स्मार्ट फ्रिज और सेहत :** आपका स्मार्ट फ्रिज जानता है कि आप कब दूध खत्म करते हैं और कब शराब या कोल्ड ड्रिंक पीते हैं। यह डेटा आपकी डाइट और स्वास्थ्य की पूरी जानकारी इंश्योरेंस कंपनियों को दे सकता है।





**फैक्ट**

क्या आप जानते हैं कि एक अंतरराष्ट्रीय रिसर्च में पाया गया कि एक औसत स्मार्ट घर दिन भर में लगभग 50 से 100 एमबी डेटा बाहरी सर्वर पर भेजता है। अमेरिका में एक मर्डर केस के दौरान पुलिस ने स्मार्ट वॉटर मीटर के डेटा का इस्तेमाल यह साबित करने के लिए किया था कि आरोपी ने अपराध के वक्त खून साफ करने के लिए बहुत ज्यादा पानी का इस्तेमाल किया था। आपके घर के उपकरण आपके सबसे वफादार गवाह या मुखबिर बन सकते हैं।

### क्या करते हैं वीवीआईपी

कई राष्ट्राध्यक्ष और वीवीआईपी मॉडिफाई किए फोन का उपयोग करते हैं जिसमें से कैमरा या जीपीएस जैसे हार्डवेयर हटा दिए जाते हैं। ऐसे कंप्यूटरों का उपयोग किया जाता है जो कभी इंटरनेट से नहीं जुड़ते। इसे एयर गैपिंग कहा जाता हैं।

### ये जरूरी बातें भी रखें ध्यान

- **डार्क लिसनिंग और स्मार्ट बल्ब**
  क्या आप जानते हैं कि कुछ स्मार्ट बल्ब आपके कमरे की आवाजों के साथ सिंक होते हैं। यानी उनके पास माइक न भी हो तो भी वे बिजली खपत में होने वाले बदलावों से घर के अंदर की हलचल का अंदाजा लगा सकते हैं।
- **घर की प्राइवेसी का लीक होना**
  स्मार्ट सिक्योरिटी कैमरे सबसे खतरनाक हो सकते हैं। अगर इन कैमरों का पासवर्ड कमजोर है या उनकी कंपनी का सर्वर हैक होता है तो कोई अनजान व्यक्ति आपके बेडरूम के अंदर की लाइव फीड देख सकता है।
- **बिजली के मीटर की जासूसी**
  स्मार्ट मीटर बता सकते हैं कि आपने रात को किस वक्त लाइट बंद की, सुबह कितने बजे उठे और कौन से उपकरण जैसे एसी या हीटर का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। यह आपके रूटीन का सटीक ग्राफ है।

### एक्सपर्ट टिप्स

- **कैमरों पर फिजिकल कवर :** अगर आपके स्मार्ट टीवी या लैपटॉप में कैमरा है तो उस पर एक छोटा सा स्टिकर या स्लाइडर लगा दें। सॉफ्टवेयर पर भरोसा करने से बेहतर है भौतिक सुरक्षा।
- **अलग वाई-फाई नेटवर्क :** स्मार्ट उपकरणों के लिए अलग वाई-फाई नेटवर्क बनाएं। इससे कोई हैकर आपका स्मार्ट बल्ब हैक करेगा तो आपके मुख्य कंप्यूटर या फोन तक नहीं पहुंच पाएगा।
- **म्यूट बटन का प्रयोग :** स्मार्ट स्पीकर्स जैसे एलेक्सा या गूगल होम में फिजिकल म्यूट बटन होता है। जब कोई निजी बात कर रहे हों तो उसे मैन्युअली बंद कर दें।
- **अपडेट्स हैं जरूरी :** अपने हर स्मार्ट उपकरण के फर्मवेयर को समय-समय पर अपडेट करते रहें। पुराने सॉफ्टवेयर में हैकिंग का खतरा सबसे ज्यादा होता है।

# मेलोनी को साहसी समझा था मगर गलत साबित हुआ

**मिलान/साओ पाओलो।** पोप लियो 14वें का समर्थन करने के कारण इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी भी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निशाने पर आ गई हैं। मेलोनी को कभी यूरोप और डोनाल्ड ट्रंप के बीच सेतु माना जाता था। वहीं, ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला डी सिल्वा ने भी पोप की आलोचना करने के लिए ट्रंप पर निशाना साधा है।

पोप लियो आलोचना करने के बाद ट्रंप ने अपना गुस्सा मेलोनी पर निकाला जो लंबे समय से उनके सबसे करीबी यूरोपीय सहयोगियों में से एक रही हैं। मेलोनी ने पोप पर इस तीखे हमले को अस्वीकार्य बताया था और ईरान पर अमेरिका-इजराइल युद्ध का समर्थन करने से इन्कार कर दिया था। ट्रंप ने इटली के एक प्रमुख दैनिक अखबार को दिए साक्षात्कार में कहा, मुझे लगा था कि उनमें साहस है, लेकिन मैं गलत था। हालांकि मेलोनी ने ट्रंप के हमलों का सीधे तौर पर जवाब नहीं दिया है। बुधवार को ट्रंप ने अपने रुख पर जोर देते हुए कहा कि उनके बीच संबंध खराब हो गए हैं। 'फॉक्स न्यूज' से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, उनका (मेलोनी का) रवैया नकारात्मक रहा है। जिसने भी ईरान के मामले में हमारी मदद करने से इनकार किया है, उनके साथ हमारे संबंध पहले जैसे नहीं रहे।

इस सप्ताह मेलोनी ने पोप पर ट्रंप के हमले को अस्वीकार्य बताया था जो अमेरिकी राष्ट्रपति की अब तक की सबसे सीधी आलोचना थी।



• पोप लियो का समर्थन करने पर इटली की प्रधानमंत्री पर भड़के अमेरिकी राष्ट्रपति

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज कार्यक्षेत्र में नकारात्मक परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक खर्चों पर नियन्त्रण रखें।

**तुला** — आज आपकी आय में वृद्धि होगी। बच्चे काफी अनुशासित रहेंगे। रिश्तेदारों के घर जाने का अवसर मिलेगा।

**वृष** — आज आपके ऊपर मानसिक दबाव बढ़ सकता है। सिरदर्द की समस्या हो सकती है। माइग्रेन के रोगियों को भोजन और नींद का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

**वृश्चिक** — आज विरोधी आपके प्रति सक्रिय रहेंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। परीक्षा परिणाम आपके पक्ष में होने की सम्भावना है।

**मिथुन** — आज आय के नए स्रोत बनेंगे, लेकिन आपके खर्च भी बढ़ेंगे। व्यापार को लेकर बड़ी डील हो सकती है।

**धनु** — आज आपकी दिनचर्या अत्यन्त व्यवस्थित रहेगी। पारिवारिक तनाव दूर होगा। मन में अज्ञात कारणों से चिन्ता रहेगी।

**कर्क** — आज धन की कमी से रुके कार्य प्रारंभ हो सकते हैं। आपको व्यापार में बड़े अवसर मिल सकते हैं। अपनी पुरानी गलतियों का विश्लेषण करेंगे।

**मकर** — आज नए प्रेम संबंध विकसित हो सकते हैं। संतान की उन्नति से आप अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। पूर्व में किया गया निवेश लाभप्रद सिद्ध होगा।

**सिंह** — आज परिजनों का पर्याप्त सहयोग नहीं मिलेगा। कानूनी मामलों में उलझ सकते हैं। बच्चों की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है।

**कुंभ** — आज राजनीति से जुड़े लोगों को सावधान होकर वक्तव्य देना चाहिये। कार्यक्षेत्र का वातावरण आपके अनुकूल रहेगा।

**कन्या** — आज नई तकनीक के प्रति अत्यंत आकर्षित रहेंगे। घर में आपका मन नहीं लगेगा। तीर्थस्थल की यात्रा हो सकती है। हिसाब-किताब में पारदर्शिता रखें।

**मीन** — आज अटके हुए काम दोबारा शुरू होंगे। वाहन चलाते समय नियमों का पालन करें। शारीरिक पीड़ा हो सकती है।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com

श. बु. चं. 12 मं.
2 शु. सू. 1
3 गु.
11 रा.
4
10
7
के. 5
6
8
9

**आज की ग्रह स्थिति :** 17 अप्रैल, शुक्रवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष- कृष्ण पक्ष, अमावस्या 17 .21 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-रेवती 12 .02 तक तत्पश्चात अश्विनी।

### सुडोकू - 121 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 8 | 7 | 2 | 5 | 4 | 6 | 9 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 4 | 9 | 3 | 8 | 2 |
| 2 | 9 | 4 | 8 | 3 | 6 | 7 | 1 | 5 |
| 6 | 2 | 5 | 4 | 7 | 8 | 9 | 3 | 1 |
| 7 | 1 | 9 | 5 | 6 | 3 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 5 | 7 | 6 |
| 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 4 | 2 | 6 | 5 | 7 | 1 | 9 | 8 |
| 9 | 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 2 | 4 | 7 |

### सुडोकू -122

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | | | 5 | | | | |
| | 1 | | | | 9 | | | |
| | | 5 | | | | | | 9 |
| | | | | 6 | 4 | | | |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| 2 | | | 3 | 1 | | 6 | | |
| 5 | | | | 4 | | | 9 | |
| | | | 7 | | | | 1 | |
| | 6 | | | 9 | 2 | | 8 | 4 |

## भारत ने जारी की रिपोर्ट

### विश्व भर में अब तक के सर्वाधिक रॉकेट प्रक्षेपित किए गए पिछले साल

# अंतरिक्ष में मानवीय प्रभुत्व बढ़ाने वाला साल रहा 2025

चेन्नई, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष स्थिति जागरूकता रिपोर्ट (इसार-2025) के अनुसार वर्ष 2025 में विश्व भर में अब तक के सबसे अधिक रॉकेट प्रक्षेपित किए गए। इस रिपोर्ट को इसरो के अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन ने कुछ दिन पहले बेंगलुरु में आयोजित ''स्पेसक्राफ्ट मिशन ऑपरेशंस'' (स्मॉप्स-2026) के उद्घाटन सत्र के दौरान जारी किया था। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2025 में कुल 328 रॉकेट प्रक्षेपित किए गए जिनमें से 315 सफल रहे। इन मिशनों के जरिए 4,198 उपग्रहों को उनकी कक्षाओं में स्थापित किया गया।

इस वर्ष अंतरिक्ष में मानव निर्मित वस्तुओं की संख्या में भी भारी बढ़ोतरी हुई और कुल 4,651 नई वस्तुएं अंतरिक्ष में भेजी गईं। इसरो ने बताया कि पिछले वर्षों की तुलना में यह एक बड़ी वृद्धि है, क्योंकि 2024 में 254 प्रक्षेपणों के माध्यम से 2,963 वस्तुएं और 2023 में 212 प्रक्षेपणों के माध्यम से 3,135 वस्तुएं अंतरिक्ष में भेजी गई थीं। भारत की तरफ से 2025 के अंत तक निजी संचालकों और शैक्षणिक संस्थानों सहित कुल 144 अंतरिक्ष यान प्रक्षेपित किए गए। वर्तमान में भारत के पास निचली कक्षा (एलईओ) में 22 और भू-स्थैतिक कक्षा (जीईओ) में 31 सक्रिय उपग्रह हैं। वहीं, एनवीएस-02 उपग्रह एक अंडाकार कक्षा में अपना काम कर रहा है। इसके अलावा, भारत के दो दूरस्थ अंतरिक्ष मिशन चंद्रयान-2 और आदित्य-एल1 भी पूरी तरह सक्रिय हैं। साल 2025 की एक खास घटना चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल का चंद्रमा के पास से गुजरना रहा। यह मॉड्यूल नवंबर 2023 में पृथ्वी की ऊंची कक्षा में भेजा गया था, जिसने नवंबर 2025 में चंद्रमा के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र में फिर से प्रवेश किया।



### कचरामुक्त रखें अंतरिक्ष को

रिपोर्ट में अंतरिक्ष को साफ रखने के प्रयासों पर भी जोर दिया गया है। इसरो ने 2030 तक मलबे मुक्त अंतरिक्ष मिशन का लक्ष्य रखा है। इसके तहत अब उपग्रहों के डिजाइन और संचालन में ऐसे बदलाव किए जा रहे हैं जिससे मिशन खत्म होने के बाद वे अंतरिक्ष में कचरा न बनें।



> ऋषभ पंत अपनी विकेट खुद ही गंवा रहे हैं जबकि वह इसके लिए गेंदबाजों को मेहनत नहीं करवा रहे और और इसी वजह से मौजूदा आईपीएल सत्र में लखनऊ सुपर जाएंट्स की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।
> –नवजोत सिंह सिद्धू


# स्टेडियम

बरेली, शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


**IPL 2026**

## आज के मुकाबले

गुजरात टाइटंस
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

## ऑरेंज कैप






- विराट कोहली बेंगलुरु–228 रन
- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद–224 रन
- रजत पाटीदार बेंगलुरु–222 रन

## पर्पल कैप





- प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात – 10 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई – 10 विकेट
- प्रिंस यादव लखनऊ– 9 विकेट

## हाईलाइट

### फ्रेंच ओपन की इनामी राशि में इजाफा

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट की इनामी राशि में लगभग 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है जिससे कुल इनामी राशि छह करोड़ 17 लाख यूरो (सात करोड़ 21 लाख डॉलर) हो गई है। यह कुल राशि पिछले साल के मुकाबले 53 लाख यूरो अधिक है। प्रतियोगिता 24 मई को पश्चिमी पेरिस के रोलां गैरो में शुरू होगी। पुरुष और महिला एकल चैंपियन को 28 लाख यूरो और उप विजेता को 14 लाख यूरो मिलेंगे। सेमीफाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों को सात लाख 50 हजार यूरो और पहले दौरे में हारने वाले खिलाड़ियों को 87 हजार यूरो मिलेंगे। पुरुष और महिला युगल के विजेताओं को छह लाख यूरो और मिश्रित युगल की चैंपियन जोड़ी को एक लाख 22 हजार यूरो मिलेंगे।

### खलील चोट के कारण आईपीएल से बाहर

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज खलील अहमद कूल्हे में चोट के कारण आईपीएल से बाहर हो गए हैं, जो अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश में जुटी इस फ्रेंचाइजी टीम के लिए करारा झटका है। खलील ने सीएसके की तरफ से अभी तक सभी पांच मैच में हिस्सा लिया है। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 14 अप्रैल को खेले गए मैच के दौरान अपने दाहिने कूल्हे में दर्द की शिकायत की थी।

### एशियाई खेलों के पदक पर बरवाल की नजरें

**नई दिल्ली।** हाल में भारतीय एथलेटिक्स का सबसे पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने के बाद मैराथन धावक सावन बरवाल का लक्ष्य एशियाई खेलों में देश के लिए 1982 के बाद इस दूरी का पहला पदक जीतना है। मैराथन में भारत का आखिरी एशियाई खेल पदक होसुर कुक्कप्पा सीतारण ने 1982 में नयी दिल्ली में जीता था। उससे पहले छोटा सिंह ने राष्ट्रीय राजधानी में हुए शुरूआती 1951 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था।

# प्रभसिमरन-श्रेयस ने पंजाब किंग्स के अजेय रथ को शीर्ष पर पहुंचाया

## आईपीएल-2026 : डिकॉक के शतक पर फिरा पानी, मुंबई इंडियंस 7 विकेट से हारा



शॉट लगाते पंजाब किंग्स के बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह। एजेंसी

**मुंबई, एजेंसी**

प्रभसिमरन सिंह और कप्तान श्रेयस अय्यर के अर्धशतक से सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक के तेजतर्रार शतक पर पानी फेरते हुए पंजाब किंग्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में बृहस्पतिवार को यहां मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंच गई।

पंजाब किंग्स की टीम मुंबई के 196 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रभसिमरन की 39 गेंद में 11 चौकों और दो छक्कों से नाबाद 80 रन की पारी की और कप्तान श्रेयस अय्यर (66 रन, 35 गेंद, पांच चौके, चार छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 139 रन की साझेदारी बदौलत 16.3 ओवर में तीन विकेट पर 198 रन बनाकर आसान जीत दर्ज करने में सफल रही। इस जीत से टूर्नामेंट की एकमात्र अजेय टीम पंजाब किंग्स पांच मैच में नौ अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गई। मुंबई की टीम इतने ही मैच में दो अंक के साथ नौवें स्थान पर है।

इससे पहले मौजूदा सत्र में अपना पहला मैच खेल रहे डिकॉक ने 60 गेंद में सात छक्कों और आठ चौकों से नाबाद 112 रन की पारी खेलने के अलावा नमन धीर (50 रन, 31 गेंद, तीन चौके, तीन छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 122 रन की साझेदारी की जिससे मुंबई इंडियन्स ने छह विकेट पर 195 रन बनाए। ये दोनों उस समय साथ आए जब टीम 12 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। पंजाब की ओर से अर्शदीप सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 22 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रियांश आर्य (15) ने दीपक चाहर के पहले ओवर में लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा लेकिन स्पिनर अल्लाह गजनफर (31 रन पर दो विकेट) की गेंद पर चाहर को कैच थमा दिया। सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह 11 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब कप्तान हार्दिक पंड्या की गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट पर जसप्रीत बुमराह ने उनका कैच टपका दिया। कूपर कोनोली ने इसी ओवर में चौका और छक्का मारा। कोनोली (17) ने गजनफर पर भी छक्का जड़ा लेकिन एक गेंद बाद विकेटकीपर डिकॉक को कैच दे बैठे। पंजाब ने पावर प्ले में दो विकेट पर 61 रन बनाए। चाहर के पारी के पहले ओवर में दो चौकों के साथ शुरुआत करने वाले प्रभसिमरन ने आठवें ओवर में भी इस तेज गेंदबाज की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा।

प्रभसिमरन ने 10वें ओवर में पंड्या पर लगातार दो चौके मारे जिससे ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा हुआ। प्रभसिमरन ने अगले ओवर में शारदुल पर लगातार दो चौकों के साथ 23 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।

### मुंबई इंडियंस

**195/6** (20 ओवर)

- रेयान रिकेल्टन का शशांक बो अर्शदीप 02
- क्विंटन डिकॉक नाबाद 112
- सूर्यकुमार यादव का चहल बो अर्शदीप 00
- नमन धीर का बार्टलेट बो शशांक 50
- हार्दिक पंड्या का बार्टलेट बो यानसेन 14
- शेरफेन रदरफोर्ड बो अर्शदीप 01
- तिलक वर्मा रन आउट 08
- मयंक रावत नाबाद 00

**अतिरिक्त** : 08, **विकेट पतन** : 1–12, 2–12, 3–134, 4–175, 5–185, 6–193

**गेंदबाजी** : अर्शदीप 4–0–22–3, यानसेन 4–0–30–1, बार्टलेट 4–0–39–0, वैशाक 3–0–36–0, चहल 3–0–45–0, शशांक 2–0–19–1

### पंजाब किंग्स

**198/3** (16.3 ओवर)

- प्रियांश आर्य का चाहर बो गजनफर 15
- प्रभसिमरन सिंह नाबाद 80
- कूपर कोनोली का डिकॉक बो गजनफर 17
- श्रेयस अय्यर का नमन बो शारदुल 66
- मार्कस स्टोइनिस नाबाद 10

**अतिरिक्त** : 10, **विकेट पतन** : 1–27, 2–45, 3–184

**गेंदबाजी** : चाहर 2.3–0–45–0, बुमराह 4–0–41–0, गजनफर 4–0–31–2, पंड्या 3–0–39–0, शारदुल 3–0–42–1

**80** रनों की नाबाद पारी के दौरान प्रभसिमरन सिंह ने 11 चौके व दो छक्के लगाए

## अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 5 | 4 | 0 | 1 | 9 | 1.067 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 5 | 4 | 1 | 0 | 8 | 1.503 |
| 3. | राजस्थान रॉयल्स | 5 | 4 | 1 | 0 | 8 | 0.889 |
| 4. | सनराइजर्स हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | 0.576 |
| 5. | दिल्ली कैपिटल्स | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.322 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | –0.029 |
| 7. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | –0.804 |
| 8. | चेन्नई सुपर किंग्स | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | –0.846 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 5 | 1 | 4 | 0 | 2 | –1.076 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 5 | 0 | 4 | 1 | 1 | –1.383 |

## टी-20 प्रारूप में एक ही तरह से गेंदबाजी करके प्रासंगिक नहीं रह सकते : एंगिडी




**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप में बड़े-बड़े बल्लेबाजों को परेशान करने वाली लुंगी एंगिडी की नीचे की ओर गिरती हुई धीमी गेंद (डिपिंग स्लोअर बॉल) इंडियन प्रीमियर लीग में भी बल्लेबाजों के लिए उतनी ही घातक बनी हुई है। एनगिडी ने 2018 में चेन्नई सुपरकिंग्स में ड्वेन ब्रावो के कहने पर अपनी धीमी गेंदों पर काम करना शुरू किया था और खेल के इस सबसे छोटे प्रारूप में इस अहम कला में महारत हासिल करने में उन्हें थोड़ा समय लगा। दक्षिण अफ्रीका और दिल्ली कैपिटल्स के इस तेज गेंदबाज को हैरानी है कि अब सभी उनकी गेंदबाजी विविधताओं के बारे में बात कर रहे हैं जबकि ये वर्षों से उनके खेल का हिस्सा रही हैं। बृहस्पतिवार को चुनिंदा संवाददाताओं से बात करते हुए एनगिडी ने अपनी हाल की सबसे असरदार गेंद के बारे में बात की। एक धीमी गेंद जो बल्लेबाज के पास पहुंचते-पहुंचते नीचे की ओर गिरने लगती है। यह धीमी यॉर्कर, लेंथ गेंद या धीमी बाउंसर हो सकती है। दक्षिण अफ्रीका के इस तेज गेंदबाज ने टी20 विश्व कप के दौरान कहा था यह एक ही गेंद के साथ तीन अलग-अलग लेंथ हैं और बल्लेबाज को यह अंदाजा लगाना होता है कि अगली गेंद कौन सी आने वाली है। बृहस्पतिवार को इस तेज गेंदबाजी से उनकी विविधताओं और टी20 प्रारूप में बल्लेबाजों से आगे रहने में वह कैसे कामयाब रहे इस बारे में कई सवाल पूछे गए। एनगिडी ने उन सभी का जवाब बहुत ही आसान शब्दों में दिया। एनगिडी ने कहा ऐसा लगता है कि हर कोई हैरान है लेकिन मैं तो वर्षों से धीमी गेंदें डाल रहा हूं। शायद मैं अब उन्हें थोड़ी अधिक फ्लाइट दे रहा हूं। मैं आईपीएल से जुड़े ट्रेंड पर नजर रख रहा हूं। हर कोई तेज गेंदबाजी करना चाहता है। उन्होंने कहा इन जैसी बल्लेबाजी के लिए मददगार पिचों पर आपको कुछ अलग करना पड़ता है। यही एकमात्र तरीका है जिससे आप प्रासंगिक बने रह सकते हैं। बहुत से लोग मेरे से इसके बारे (डिपिंग स्लोअर बॉल के बारे में) पूछते हैं। उन्हें लगता है कि यह आसान है। एनगिडी ने कहा इस गेंद को सही तरीके से डालने में मुझे लगभग एक साल का समय लगा। यह मेरे मुख्य हथियारों में से एक है।

# तेज गेंदबाजी आक्रमण ने आरसीबी को बना दिया खतरनाक टीम

**बेंगलुरु, एजेंसी**



जोश हेजलवुड



भुवनेश्वर कुमार



रसिक सलाम

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीन मैच जीतकर इतिहास रच दिया है और इसमें उसके तेज गेंदबाजों की भूमिका अहम रही।

चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी के गेंदबाजों ने सनराइजर्स हैदराबाद, चेन्नई सुपर किंग्स (सीएके) और लखनऊ सुपर जाएंट्स जैसी टीमों पर हावी रहकर अपनी टीम को जीत दिलाई।

बदलाव का पहला संकेत 28 मार्च को मिला जब जैकब डफी ने तीन विकेट लेकर सनराइजर्स के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया। जोश हेज़लवुड की शुरुआती मैचों में अनुपस्थिति में उन्होंने अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई। हैदराबाद के खिलाफ मैच के बाद डफी ने कहा था मैं तो बस उस दिग्गज खिलाड़ी की जगह संभाल रहा हूं। जोश ने पिछले साल यहां बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था, इसलिए उसने जो अच्छा किया था, उसे मैं आगे बढ़ाने की कोशिश करूं।

हेजलवुड ने वापसी करने के बाद अपना जलवा दिखाया और लखनऊ की टीम के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए चार ओवर में 21 रन देकर एक विकेट लिया। इसके लिए उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। आरसीबी के विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा ने मैच के बाद संवाददाताओं से हेजलवुड के बारे में कहा मुझे लगता है कि वह पहले से ज्यादा चुस्त-दुरुस्त दिख रहे हैं। चोट के बाद उन्हें काफी आराम मिला है। इसलिए वह पहले से ज्यादा तेज और फिट हो गए हैं और अब उन्हें अपने शरीर पर पूरा भरोसा है। यह उनकी गेंदबाजी में दिख रहा है। आरसीबी के पास भुवनेश्वर कुमार के रूप में एक नया अन्य उपयोगी तेज गेंदबाज है जिन्होंने हेज़लवुड का साथ देते हुए तीन विकेट लिए। वह अपनी धीमी बाउंसर, यॉर्कर और कम गति वाली गेंद करके बल्लेबाजों को परेशान कर रहे हैं। यही नहीं आरसीबी को रसिक सलाम के रूप में एक उपयोगी तेज गेंदबाज मिला है जिन्होंने पिछले मैच में चार विकेट लिए। अपने इस तेज गेंदबाजी आक्रमण के कारण आरसीबी किसी भी मैदान पर जीत हासिल करने में सक्षम है।

# पहली जीत के लिए बेताब केकेआर

- घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगा गुजरात टाइटन्स

**अहमदाबाद, एजेंसी**



अभ्यास सत्र के दौरान केकेआर के उपकप्तान रिंकू सिंह (दाएं से दूसरे), अंगकृष रघुवंशी (दाएं से तीसरे), वैभव अरोड़ा (बाएं से तीसरे) और अन्य। एजेंसी

लगातार खराब प्रदर्शन के कारण दबाव में चल रही कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार फॉर्म में चल रही गुजरात टाइटन्स के खिलाफ अपनी लय में लौटकर पहली जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। कप्तान अजिंक्य रहाणे और कोच अभिषेक नायर के नेतृत्व में केकेआर की स्पष्ट रणनीति नजर नहीं आ रही है। उसे अब तक पांच मैच में से चार मैच में हार का सामना करना पड़ा है।

हर्षित राणा और आकाश दीप के चोटिल होने तथा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश पर मुस्तफिजुर रहमान को टीम से बाहर किए जाने के बाद टूर्नामेंट से पहले उसकी गेंदबाजी काफी कमजोर हो गई थी। उसके लिए हालांकि सबसे बड़ी चिंता सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती जैसे स्पिन गेंदबाजों की खराब फॉर्म है। चक्रवर्ती इस टूर्नामेंट में अभी तक एक भी विकेट नहीं ले पाए हैं। केकेआर की समस्याएं मैदान के अंदर और बाहर के कुछ फैसलों के कारण बढ़ गई हैं। टिम सीफर्ट और रचिन रविंद्र जैसे खिलाड़ियों को टीम से बाहर रखने पर सवाल उठ रहे हैं, जबकि टॉस जीतने के बाद उनके फैसले भी समझ से परे हैं। पंजाब के खिलाफ बारिश के कारण रद्द कर दिए गए मैच में रहाणे ने बल्लेबाजी का फैसला करके सभी को चौंका दिया।

### घरेलू मैदान पर जीत हासिल नहीं कर पाया गुजरात

गुजरात टाइटन्स की टीम भी अभी तक अपने घरेलू मैदान पर जीत हासिल नहीं कर पाई है। उसे अभी तक यहां खेले गए एकमात्र मैच में राजस्थान रॉयल्स से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इसके बाद उसने विरोधी टीम के मैदानों पर दो जीत हासिल की। उसकी गेंदबाजी मजबूत नजर आ रही है जिसमें प्रसिद्ध कृष्णा अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और राशिद खान ने अपनी लय वापस हासिल कर ली है। शुभमन गिल और जोस बटलर जैसे बल्लेबाजों के फॉर्म में आने से गुजरात टाइटन्स मजबूत नजर आ रही है।

### दिशाहीन नजर आ रही कोलकाता टीम

केकेआर दिशाहीन टीम नजर आ रही है। अभी तक सारा ध्यान कैमरन ग्रीन पर रहा है जिन्हें आंद्रे रसेल की जगह भरने के लिए रिकॉर्ड 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा गया था। ऑस्ट्रेलिया का यह ऑलराउंडर उस कीमत को सही ठहराने के लिए संघर्ष कर रहा है, लेकिन वह पांच पारियों में केवल 56 रन ही बना पाए हैं और गेंदबाजी में भी खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। केकेआर के बल्लेबाजी क्रम में भी स्पष्टता नजर नहीं आती। पिछले मैच में सुनील नारायण को पारी की शुरुआत करने के लिए भेजा गया जबकि रहाणे तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे लेकिन यह दोनों ही बदलाव कारगर साबित नहीं हुए। मनीष पांडे, राहुल त्रिपाठी और सार्थक रंजन जैसे बल्लेबाजों को मौका नहीं मिला है। केकेआर को जीत हासिल करने के लिए रणनीति को बदलना होगा और तीनों विभाग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

**सफलता**

वह यह खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं

# वैशाली ने फिडे महिला कैंडिडेट्स जीतकर रचा इतिहास

**साइप्रस/ नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय महिला शतरंज खिलाड़ी आर वैशाली ने फिडे विमेंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया। वह यह खिताब को जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने इस उपलब्धि पर वैशाली को बधाई दी।

बुधवार को 14 राउंड के इस मुकाबले में आखिरी राउंड में कतेरीना लाग्नो को हराकर वैशाली ने खिताब अपने नाम किया। इस खिताबी जीत के साथ ही उन्होंने इस साल के आखिर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप का टिकट मिल गया है, जहां उनका सामना चीन की जू वेनजुन से होगा। केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए आर वैशाली को बधाई दी है। डॉ. मांडविया ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। फिडे महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रचने पर आर वैशाली को बधाई। पूरे भारत को आप पर गर्व है।



### वर्ष 2023 में तीसरी भारतीय महिला ग्रैंडमास्टर बनकर किया था कमाल

वैशाली दिसंबर 2023 में कोनेरू हम्पी और डी हरिका के बाद तीसरी भारतीय महिला ग्रैंडमास्टर बनीं। इसके बाद वह गुपचुप अपने खेल को आगे बढ़ाती रहीं। उन्होंने आयु वर्ग के कई खिताब जीते और 2021 में अंतर्राष्ट्रीय मास्टर का खिताब हासिल किया। इसके बाद 2022 में चेन्नई के मल्लापुरम में शतरंज ओलंपियाड में उन्होंने व्यक्तिगत कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उन्होंने टीम को भी कांस्य पदक दिलाने में मदद की। कैंडिडेट्स प्रतियोगिता में भी उन्होंने अपना शांत आत्मविश्वास बनाए रखा। उन्हें इस प्रतियोगिता में कमजोर खिलाड़ी माना जा रहा था लेकिन उन्होंने केवल अपने खेल पर ध्यान केंद्रित किया और सभी धारणाओं को गलत साबित कर दिया। नॉर्वे की शतरंज चैंपियन अन्ना मुज़िचुक, महिला विश्व रैपिड चैंपियन एलेक्जेंड्रा गोरियाचकिना, विश्व ब्लिट्ज चैंपियन बिबिसारा असाउबायेवा और चीन की दो सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी झू जिनर और पूर्व कैंडिडेट्स विजेता टैन झोंगयी जैसी दिग्गज खिलाड़ियों की मौजूदगी में उन्हें जीत का प्रबल दावेदार नहीं माना जा रहा था।

### मां की उपस्थिति ही सबसे बड़ी ताकत

**नई दिल्ली।** अपने शांत स्वभाव लेकिन मजबूत आत्मविश्वास वाली कैंडिडेट्स प्रतियोगिता की विजेता आर वैशाली अक्सर अपनी मां के साथ देखी जाती हैं और विश्व चैंपियनशिप में भाग लेने से पहले यही उनकी ताकत हैं। वह एक ऐसी भारतीय खिलाड़ी हैं जो अपने खेल को ही अपनी पहचान बनने देती हैं। वैशाली के लिए जो चीज सबसे महत्वपूर्ण है वह है उनके घर का माहौल। वह एक ऐसे परिवार से हैं जो पूरी तरह से शतरंज के प्रति समर्पित है और जिसने बिना किसी दिखावे के महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। साइप्रस के पाफोस में खेले गए कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में आठ महिला खिलाड़ियों में सबसे कम रेटिंग वाली खिलाड़ी वैशाली ने अपने शांत खेल और आत्मविश्वास से ही जीत हासिल करके अपनी काबिलियत साबित कर दी।

# मेसी पर अनुबंध के उल्लंघन का आरोप

**मियामी।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी पर मियामी स्थित एक 'इवेंट प्रमोटर' ने मुकदमा दायर किया है, जिसका कहना है कि इस दिग्गज खिलाड़ी ने पिछले साल एक प्रदर्शनी मैच में अनुपस्थित रहकर 70 लाख डॉलर के अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन किया है।

अदालती रिकॉर्ड के अनुसार विड म्यूजिक ग्रुप ने पिछले महीने मियामी-डेड सर्किट कोर्ट में मेसी और अर्जेंटीना फुटबॉल संघ (एएफए) के खिलाफ धोखाधड़ी और अनुबंध के उल्लंघन का मुकदमा दायर किया था। मेसी और एएफए ने इस संबंध में टिप्पणी के लिए भेजे गए सवालों का तुरंत कोई जवाब नहीं दिया। मेसी को महानतम फुटबॉल खिलाड़ियों में से एक माना जाता है। वह मेजर लीग सॉकर क्लब इंटर मियामी व अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम दोनों के लिए खेलते हैं।

# बायर्न म्यूनिख चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में

- क्वार्टर फाइनल में रियल मैड्रिड को 4-3 से हराया

**म्यूनिख, एजेंसी**

बायर्न म्यूनिख ने अपने पुराने प्रतिद्वंद्वी रियल मैड्रिड को हराकर चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। लुइस डियाज़ और माइकल ओलिस के आखिरी क्षणों में किए गए गोल की मदद से बायर्न म्यूनिख ने क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में रियल मैड्रिड पर 4-3 से जीत दर्ज की।

बायर्न म्यूनिख ने पहला चरण 2-1 से जीता था। इस तरह से उसने कुल 6-4 के स्कोर से जीत हासिल करके सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। डियाज ने 89वें मिनट और ओलिस ने स्टॉपेज टाइम के चौथे मिनट में गोल करके बायर्न म्यूनिख की जीत सुनिश्चित की। उसकी तरफ से अलेक्जेंडदर पावलोविच (छठे) और हैरी केन (38वें) ने पहले हाफ में गोल किए थे। रियल मैड्रिड की तरफ से अर्डा गुलेर ने दो (पहले और 29वें मिनट) तथा किलियन एमबाप्पे (42वें) ने गोल किए। रियाल मैड्रिड के खिलाड़ी 86वें मिनट में एडुवार्डो कैमाविंगा को लाल कार्ड देने के रेफरी के फैसले से संतुष्ट नहीं थे और उन्होंने मैच खत्म होने के बाद उन्हें घेर लिया। जिसके कारण गुलेर को लाल कार्ड दिखाया गया। बायर्न म्यूनिख सेमीफाइनल में मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट-जर्मेन से भिड़ेगा। दूसरा सेमीफाइनल आर्सेनल और एटलेटिको मैड्रिड के बीच खेला जाएगा।